राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 ट्रूडो के पार्टी नेता पद से इस्तीफा देने की संभावना......

विराट, रोहित, रवींद्र का ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा.... 11



वर्ष : 12 | अंक : 264 | पटना, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी: मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर से हाई स्पीड ट्रेनों की बढ़ती मांग और अपनी सरकार के तहत रेल के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नए जम्मू रेलवे डिवीजन के उद्घाटन सहित रेल से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि पिछले दशक में रेलवे में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं।

इस दौरान मोदी ने तेलंगाना में चारलापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन किया और पूर्वी तटीय रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखी।

उन्होंने हाल ही में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि 50 से अधिक मार्गों पर 136 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।

उन्होंने कहा, वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। पिछले कुछ दिनों में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरूआत किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने नए साल में संपर्क के मामले में भी तेज रफ्तार बनाए रखी है।

उन्होंने कहा, मैंने कल दिल्ली-एनसीआर में नमो भारत ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरूआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना, देश के सभी हिस्सों में संपर्क को बढ़ावा देना और रोजगार व उद्योग को समर्थन देना, रेल क्षेत्र में विकास



के चार मानकों पर सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग लंबी दूरी तय करने में कम समय बिताना चाहते हैं, जिससे हाई स्पीड ट्रेनों की मांग बढ़ रही है।

उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में रेल संपर्क का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार दिया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक बदलावों का रहा है। रेलवे अवसंरचना में ऐसा बदलाव आया है जो दिख रहा है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जम्मू रेलवे डिवीजन के निर्माण से 742.1 किलोमीटर लंबे पठानकोट, जम्मू, उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला, भोगपुर, सिरवाल और बटाला-पठानकोट तथा पठानकोट से जोगिन्दर नगर खंडों को महत्वपूर्ण लाभ होगा, जिससे लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षा पूरी होगी और भारत के अन्य हिस्सों से संपर्क में सुधार होगा।

बयान में कहा गया है कि इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन को प्रवेश के नये प्रावधान के साथ एक नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। इसकी लागत लगभग 413 करोड़ रुपये है। अच्छी यात्री सुविधाओं वाले इस पर्यावरण अनुकूल टर्मिनल से सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा जैसे शहर के मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों पर भीड़-भाड़ कम होगी।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान पूर्व तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी।

## संक्षिप्त खबरें

### एयरो इंडिया का आयोजन 10-14 फरवरी को किया जाएगा

नई दिल्ली। भारत की द्विवार्षिक एयरोस्पेस प्रदर्शनी एयरो इंडिया का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के बाहरी इलाके येलहंका में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम में एयरोस्पेस क्षेत्र के सैन्य साजो-सामान की एक बड़ी श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सैन्य साजो-सामान का हवाई प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसमें कहा गया, द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज के व्यापक विषय के साथ यह कार्यक्रम विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वैश्विक श्रृंखला में नए मार्ग तलाशने के वास्ते एक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम के पहले तीन दिन (10, 11 और 12 फरवरी) व्यावसायिक दिन होंगे, जबकि 13 और 14 फरवरी को आम लोगों के लिए निर्धारित किया गया है।

### भारत ने की अफगानिस्तान में पाकिस्तानी वायुसेना की बमबारी की निंदा

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तानी वायुसेना की ओर से अफगानिस्तान के अंदर बमबारी करके अफगान नागरिकों को निशाना बनाये जाने की निंदा की है और कहा है कि अपनी गलतियों के लिए पड़ोसियों को दोषी ठहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हमने महिलाओं और बच्चों सहित अफगान नागरिकों पर हवाई हमलों की मीडिया रिपोर्टों पर गौर किया है, जिसमें कई जानें चली गई हैं। हम निर्दोष नागरिकों पर किसी भी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि अपनी आंतरिक विफलताओं के लिए अपने पड़ोसियों को दोषी ठहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। हमने इस संबंध में एक अफगान प्रवक्ता की प्रतिक्रिया पर भी गौर किया है।

## मुख्यमंत्री ने की वैशाली जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक

# सभी वर्गों के लिए हो रहा विकास का काम : नीतीश

### बोलें-प्रदेश में अमन चैन और सद्भाव का माहौल कायम

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार को वैशाली जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आप सभी जन प्रतिनिधियों से यह आग्रह करेंगे कि वर्ष 2005 के बाद बिहार में जो भी विकास के काम हुए हैं उन सबसे लोगों को अवगत कराएं। साथ ही 2005 के पहले बिहार की बदहाल स्थिति के विषय में भी लोगों को बताएं। आज हमने वैशाली जिले में कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है, लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ हूं। काफी अच्छा काम हो रहा है। 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं, काफी बदलाव आया है। प्रदेश में अमन चैन और सद्भाव का माहौल कायम है। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थीं। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थीं। हर क्षेत्र में निरंतर विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है।




**हमलोग एकजुट रहकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं :**

हमलोग एकजुट रहकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। पहले बिहार में सड़कों की संख्या काफी कम थी और जो सड़कें थी उनकी स्थिति भी काफी जर्जर थी। जब हम सांसद थे तो कई किलोमीटर तक पैदल ही क्षेत्र भ्रमण करना पड़ता था। बिजली कुछ ही जगहों पर थी और कहीं भी 8 घंटे से ज्यादा बिजली की आपूर्ति नहीं होती थी। अब हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। खेती के लिए भी कृषि फीडर के माध्यम से किसानों को सस्ते दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सरकार में हम मंत्री रहे हैं। उन्होंने ही हमें बिहार का मुख्यमंत्री बनवाया। हम दो बार गलती से उधर चले गए थे। अब ऐसा नहीं होगा। पूरी मजबूती के साथहमलोगों एकजुट रहेंगे।

**8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। लोग वोट जिनको देना हैं दें, हमलोग समान भाव से सबकी सेवा कर रहे हैं। यह देखा गया कि हिन्दू मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं, इसको देखते हुए 60 वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का काम शुरू कराया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों। संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006-07 से हमलोगों ने सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत कराई। उसके बाद वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना शुरू कराई गई। बच्चियां स्कूल से लौटने के बाद शाम में अपने माता-पिता को साइकिल बाजार भी ले जाती हैं। लड़को की मांग पर वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना शुरू की गई। बड़े पैमाने पर सरकारी शिक्षकों एवं नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। अब नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। हमलोगों ने वर्ष 2006 से सरकारी अस्पतालों में निरूशुल्क जांच एवं दवा वितरण का काम शुरू कराया। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हमलोग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करा रहे हैं। सात निश्चय योजना के माध्यम से वर्ष 2020 तक हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन, हर टोले तक पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी गई हैं। इसके बाद जो भी नई बसावटें बनी हैं वहां इस साल विधानसभा चुनाव के पहले तक सात निश्चय योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं को इपलब्ध करा दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया जिसके बाद अब तक 4 चुनाव सम्पन्न हो चुका है। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनकर आई हैं।

**महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से किया काम :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया है। वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसका नतीजा है कि बिहार पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है। बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार से भी ज्यादा है। आज बिहार पुलिस में महिलाओं की जितनी संख्या है उतना देश के किसी राज्य के पुलिस बल में नहीं है। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देना शुरू किया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया। बिहार में अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी हमलोगों ने ही दिया है, जिससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने भी इसे अपनाया और उसका नाम आजीविका दिया। बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू कराया गया है, जिनमें अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ी हैं। 2005 के पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं। वहीं अब स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। इससे परिवार की न सिर्फ आमदनी बढ़ी है बल्कि समाज में महिलाओं की इज्जत भी काफी बढ़ी है। हम जगह-जगह जाकर जीविका दीदियों के काम को देखते हैं, उनसे बात करते हैं और जो भी उनकी समस्याएं हैं उन्हें दूर किया जाता है।

**अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना-2 के तहत हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने मदरसों को सरकारी मान्यता प्रदान की है। अब सरकारी शिक्षकों के समान मदरसा शिक्षकों को भी वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सभी पार्टियों के साथ बैठक कर बिहार में जाति आधारित गणना कराने निर्णय लिया, जिसके बाद बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई। जाति आधारित गणना में 94 लाख गरीब परिवारों को चिहिन्त किया गया है, जो हर जाति-धर्म से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

### हम सब मिलकर बिहार की तरक्की के लिए करते रहेंगे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों की सेवा करते हैं और हमेशा राज्य के विकास के कार्यों में लगे रहते हैं। हमलोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। हम सब मिलकर बिहार की तरक्की के लिए काम करते रहेंगे। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। उन्होंने कहा कि वैशाली जिले में सब तरह से विकास का काम कराया गया है। वैशाली जिले में भी इंजीनियरिंग कॉलेज, महुआ में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पॉलिटेक्निक संस्थान, एएनएम-जीएनएम कॉलेज स्थापित करने के साथ ही सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण एवं हर क्षेत्र में विकास का काम कराया गया है। महात्मा गांधी सेतु का भी पुनर्निर्माण कराया गया है। हमलोगों ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार की तरह पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराना शुरू किया है। वैशाली जिले में अब तक 48 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, जिन पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य शेष है उन्हें इस साल के जून माह तक पूर्ण करा दिया जायेगा। वैशाली में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 36 हजार 946 हो गई है, जिनसे 4 लाख 50 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। राज्य सरकार लगातार बिहार के विकास के लिए काम कर रही है और हर क्षेत्र में विकास का काम हो रहा है।

# समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान : सीएम

## बैठक | समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने वैशाली जिले के लिए की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

पटना। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में हाजीपुर स्थित बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं।समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी है। यहां उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारीगण आपलोगों की समस्याओं से अवगत हो चुके हैं। जल्द ही उन समस्याओं का समाधान करेंगे। है। आप सभी जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र की समस्याओं से सरकार को अवगत कराएं, साथ ही जो भी विकास के कार्य किए गए हैं। उन्हें लोगों को बताएं।

वैशाली जिले में कुछ समस्यायें या कमी रह गयी हैं उसे ठीक किया जायेगा। वाया नदी की वजह से कई




जगह बाढ़ आती है इसलिए वाया नदी की उड़ाही करायी जायेगी। इससे आठ प्रखंडों के लोगों को सुविधा होगी। बरैला झील देश का बहुत महत्वपूर्ण पक्षी विहार है जहाँ बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। बरैला झील का विकास एवं सौंदर्गीकरण किया जायेगा। इससे पर्यटन एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा।

वैशाली जिले के कई प्रखंडों में बिजली की समस्या को देखते हुये महुआ में ग्रिड सब-स्टेशन तथा चार प्रखंडों में नये पावर सब स्टेशन का निर्माण कराया जायेगा।

हाजीपुर शहर में जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराया जायेगा। इससे हाजीपुर शहर में जल जमाव से मुक्ति मिलेगी। गोरौल में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी जिससे आस-पास के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

गंडक नदी के हाजीपुर साईड में छूटे हुए भाग में तटबंध का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा। इससे बाढ़ एवं जल जमाव से राहत मिलेगी।

वैशाली जिले में आमस-दरभंगा रोड के किनारे 1 हजार 293 एकड़ भूमि पर बड़ा औद्योगिक पार्क बनाया जायेगा। इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त वैशाली जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा।

**यह रहें मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री सह वैशाली जिले के प्रभारी मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, विधायक सिद्धार्थ पटेल, विधायक अवधेश सिंह, विधायक संजय कुमार सिंह, विधायक मुकेश कुमार रौशन, विधायक श्री लखेंद्र कुमार रौशन, जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार, राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त सरवनन एम, अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा श्री अमृत राज, पुलिस उप महानिरीक्षक तिरहुत प्रक्षेत्र चंदन कुमार कुशवाहा, जिलाधिकारी यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक श्री ललित मोहन शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी ने वैशाली जिले के विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में दी विस्तृत जानकारी

इससे पहले समीक्षात्मक बैठक में वैशाली जिला के जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वैशाली जिले के विकास कार्यों की प्रगति एवं उपलब्धि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली-नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज / परिमार्जन / परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन- हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

# जम्मू बना देश का पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल

प्रात : किरण

जम्मू/एजेंसी।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में रेलवे मंडल का आज उद्घाटन किया जो देश में पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल है।

श्री मोदी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से जम्मू रेल मंडल के अलावा ओडिशा के रायगढ़ रेलवे मंडल और आंध्रप्रदेश के चेर्नापल्ली में नये टर्मिनल स्टेशन भवन का उद्घाटन किया। यहां कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, रेल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, जम्मू कश्मीर सरकार में मंत्री सतीश शर्मा, जम्मू के सांसद जुगलकिशोर शर्मा, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा और फिरोजपुर रेल मंडल प्रबंधक संजय साहू उपस्थित थे।

जम्मू उत्तर रेलवे के अंतर्गत देश का 68वां और पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा जो पंजाब के पठानकोट से शुरू होकर उत्तरी हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और भविष्य में लद्दाख



तक विस्तृत होगा। जबकि पूर्वी तटीय रेलवे के अंतर्गत दक्षिणी ओडिशा के रायगढ़ में स्थित 107 करोड़ रुपये की लागत वाले रायगढ़ रेलवे मंडल के बनने से क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जम्मू रेलवे मंडल का लाभ जम्मू कश्मीर के साथ हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कई शहरों के साथ लेह लद्दाख को होगा। जम्मू कश्मीर को देश के हिस्सों को अच्छे से जोड़ देगी। विश्व का सबसे ऊंचा आर्च पुल चिनाब पुल तथा पहला केबल पुल अंजी खड्ड पुल भारत की इंजीनियरिंग के बेहतरीन उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### लाखों के जेवर व नगद कि चोरी

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत फ्लैट में लकड़ी का काम करने में लगे मजदूर के द्वारा करीब दो लाख के जेवर व 18 हजार नगद चोरी कर ने की बात सामने आयी है। इस संबंध में भागलपुर के अलीगज गगटी निवासी ठीकेदार विवेक कुमार शर्मा ने स्थानीय थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। ठीकेदार विवेक ने बताया कि उसका काम आरकेपुरम इलाके में एक अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 103 ए में लकड़ी का चल रहा था। जिसमें भागलपुर के ही राज कुमार एवं पियूष काम कर रहा था। दोनो ने उसके अनुपस्थिति में फ्लैट से करीब दो लाख को जेवर व 18 हजार रुपए की चोरी कर भाग गये। इसकी जानकारी फ्लैट मालिक के आने के बाद पता चला।

### पैसा मिलाने का झांसा दे बदमाश ने युवक से हजार रुपए ले भाग

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक में पैसा जमा करने के क्रम में पैसा मिलाने का झांसा दे बदमाश एक युवक से 27 हजार रुपए ले भागे। परेशान युवक नितिश कुमार थाना पहुंच इसकी शिकायत की। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि दियारा के मानस निवासी नितिश कुमार तकियापर स्थित एसबीआई बैंक में 30 हजार रुपए जमा करने गया था। जब वो फार्म भर कर पैसा मिलाने लगा। तभी वही खड़े युवक ने उसे सहयोग करने की बात कर झांसा देकर उसका पैसा मिलाते हुए तीन हजार रुपए देकर शेष 27 हजार रुपए लेकर भाग निकला। नितिश ने बताया कि कुछ पता नही चला बदमाश बैंक से निकल भागे। इस बाबत पीडित ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

### मिक्स्ड मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने टीम रवाना

पटना सिटी (प्राकि)। मध्य प्रदेश के धार में 8 से 11 जनवरी को मिक्स्ड मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसमें बिहार के नौ खिलाड़ी के साथ दो तकनीकी पदाधिकारी हैं। सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनने के लिए बिहार टीम मध्यप्रदेश को रवाना हुआ। इसमें सुमित सिंह, रौशन, सुमित पोद्दार, अनुराग, शुभम, खुशी, प्रियंका, सत्यम एवं आदित्य सिंह शामिल हैं। बिहार मिक्स्ड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के महासचिव हर्ष कुमार ने बताया कि हमारे अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह के दिशा निर्देश में बिहार में मिक्स्ड मार्शल आर्ट की लोकप्रियता बढ़ता दिख रहा है। इसी का परिणाम है कि इस प्रतियोगिता में नौ खिलाड़ी अपना दम दिखाने के लिए तैयार हैं। सभी प्रतिभागी को बिहार मिक्स्ड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अनेक गण्यमान्य लोगों ने अग्रिम बधाई और शुभकामना दिए।

### आरपीएफ ने महिला बोगियों में चलाया अभियान

मोकामा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने अभियान चलाकर अवैध रुप से दिव्यांग और महिला डिब्बे में सफर कर रहे उन्नीस यात्रियों को दबोच लिया। मोकामा पोस्ट प्रभारी हरिकेश मीणा ने बताया कि दिव्यांग डिब्बे से सत्रह और महिला कोच से दो यात्रियों को अवैध तरीके से सफर करने के आरोप में पकड़ा गया है।दबोचे गए यात्रियों पर रेलवे एक्ट के तहत कारवाई की गयी। आरपीएफ की इस कारवाई से मोकामा स्टेशन पर हड़कंप मच गया।

### आधी रात को बैंड बाजा, पुष्प वर्षा व आतिशबाजी के साथ मना प्रकाश पर्व

पटना सिटी, देहु शिवा वर मोहे ऐसे शुभ कर्मन से कभी ना टरूं, तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिखे भव लयो, वाहो-वाहो गोविंद सिंह आपे गुरु चेला और सतनाम वाहेगुरु के बोल के बीच आधी रात को सर्वशदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस दौरान बैंड बाजा ने धुन बिखरे, तो गुरबाणी के चौपाई भी अलापे गए। फूलों की वर्षा की गई। आतिशबाजी से आकाश गुंजा। लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। जन्म के समय तख्तश्री पटना साहिब के दरबार में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद हजूरी रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह ने जन्म कथा पर कीर्तन कही। इसके बाद आनंद साहिब जी का पाठ किया गया। आरती, अरदास एवं हुकुम सिंह साहेब बलदेव सिंह व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह आदि ने किया। इस दौरान दरबार हॉल खचाखच लोगों से भरा हुआ था। यहां पहुंचे विभिन्न संत महापुरुषों के अलावा प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पदाधिकारीगण, सदस्य गण से लेकर संगतों की भीड़ थी।

# राज्यपाल, सीएम, विस अध्यक्ष, डिप्टी सीएम सहित अनेक ने शीश नवाया

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**





सर्वंशदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर आम से लेकर खास तक लोग तख्तश्री पटना साहिब और गुरुद्वारा बाललीला में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा और मंत्री विजय कुमार चौधरी पहुंचे थे। इन सबों का स्वागत तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों ने किया। यहां पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री वीआईपी लाउंज में गए। इसके बाद यहां से दरबार साहिब में जाकर मत्था टेका, जहां उन्हें आशीष रूप में सरोपा प्रदान किया गया। इसके बाद में विशेष दीवान हॉल में गए। यहां भी उन्होंने शीश नवाया। इसके बाद में मंच पर गए और संगतो को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद बिना कुछ बोले हुए मंच से उतर कर प्रस्थान कर गए। इस दौरान संगतों के बीच मुख्यमंत्री के कुछ नहीं बोलने और सही ढंग से मुख्यमंत्री के दीदार नहीं होने का अफसोस भी रहा। यहां से मुख्यमंत्री का काफिला गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत पहुंचा। यहां बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह ने उनका स्वागत किया। दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद उन्हें श्री साहिब (तलवार) और सिरोपा प्रदान किया गया। यहां भी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री बिना प्रसाद लंगर छके और संगतों को संबोधित किए बिना वापस लौट गए। इसके बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु घर में हाजिरी लगाई। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन भी यहां पहुंचे। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे और गुरु दरबार में जाकर शीश नवाया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी यहां पहुंचे और दरबार साहिब में मत्था टेका। सबों को आशीष रूप में सिरोपा प्रदान किया गया। स्वागत करने वालों में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सूरज सिंह नलवा आदि थे।

## हत्या करने की नियत से युवक का अपहरण खगौल पुलिस ने किया सकुशल बरामद



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को प्रेम करना पड़ा काफी महंगा जब लड़की के परिजनों को प्रेम की भनक लगी तो युवक को समझाने के बजाए हत्या करने की साजिश रच डाली। पांच की संख्या में स्कॉर्पियो से आए लड़की के परिजनों ने युवक का अपहरण करते हुए अपने गांव नालंदा ले गए जहां उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लागने वाले ही थे की मौके पर पहुचीं खगौल पुलिस युवक को सकुशल बरामद करते हुए चार आरोपियों को पकड़ लिया जबकि एक भागने में सफल रहा जिसके लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। रविवार की शाम खगौल थाना क्षेत्र के घनश्याम स्कूल स्थित इंदिरा नगर राजापुर हाउस नं. 83 थाना पाटलिपुत्र निवासी पुरुषोत्तम कुमार का 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इस मामला का उद्वेदन कर सोमवार को खगौल पुलिस ने हरनौत से युवक को बरामद करते हुए चार लोगों को अपने हिरासत में लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरनौत जिला नालंदा निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह का पुत्र शिवदत कुमार, दरोगा पासवान का पुत्र अविनाश कुमार, चंद्रसेन प्रसाद का पुत्र सुमित कुमार, एवं स्वर्गीय मोती लाल का पुत्र चंद्रसेन प्रसाद है। जानकारी के मुताबिक सोनू कुमार का हरनौत के रहने वाली किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार को लड़की अपने भाई के साथ खगौल के घनश्याम बालिका उच्च विद्यालय मे परीक्षा देने आई थी। जब सोनू को इसकी जानकारी मिली और वह अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। यह देख लड़की के भाई ने अपने कुछ परिवार वाले को फोन कर खगौल बुला लिया। इसके बाद लड़की के परिवार वाले सोनू को एक गाड़ी मे अपने साथ जबरन उठाकर हरनौत ले गए।घटना के तुरन्त बाद सोनू कुमार के बड़े भाई सुजीत कुमार इसकी सूचना खगौल थाने को दी। सूचना मिलते ही दानापुर के ए एसपी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे खगौल थाना प्रभारी सुनील कुमार,सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार,सब इंस्पेक्टर गीतेंद्र कुमार उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर एकता कुमारी, मंडलायुक्त अरविंद कुमार, एसआई ललन कुमार टीम गठन कर तकनीकी अनुसंधान का सहायता लेते हुए हरनौत मे छापामारी करते हुए अपहरण सोनू कुमार को बरामद किया पुलिस ने अभियुक्त के पास से 5 मोबाइल फोन भी बरामद किय है। वही इस संबंध मे दानापुर ए एसपी भानु प्रताप सिंह ने बतलाया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दशमेश पिता के योगदान को लेखनी व कथनी से रखना असंभव : ज्ञानी हरप्रीत



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व में भाग लेने के लिए पटना साहिब आए हुए हैं। वे तख्तश्री पटना साहिब के दरबार साहिब में शीश नवाए। विशेष दीवान को भी गए। इसके बाद वे गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में गए। यहां बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह आदि ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वह यहां वीआईपी रूम में कुछ देर आराम किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वंशदानी दशमेश पिता का योगदान मानवता की सेवा के लिए अतुलनीय है। उनके किए अलौकिक करतब, कार्यों, सर्वस्व न्योछावर करने जैसा अतुलनीय कार्य को लेखनी और कथनी से बयां करना मुश्किल है। वे सर्वंशदानी हैं। उन्होंने लोगों के जनकल्याण के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। आज उनके प्रकाश पर्व पर सभी साध संगतों को वह अपनी ओर से बधाई देते हैं और हमारे जैसे हजारों खुशनसीब, जो पटना साहिब की पावन धरती पर आए हैं, वह सब धन्य हैं।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

मोकामा। स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक पर आरपीएफ थाना की पुलिस ने एक युवक को 15 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। शराब तस्कर की पहचान मरांची थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के निवासी सुरेश साहनी के पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष हरिकेश मीणा ने बताया कि एक बैग में 15 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ प्लेटफार्म संख्या एक पर मरांची थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के निवासी सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना की पुलिस को सौंप दिया गया है।

## प्रकाश उत्सव को ले सजा विशेष दीवान, नतमस्तक को लगी रही कतार

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व को लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सालिस राय जौहरी दीवान हॉल में सजा। इसमें शबद कीर्तन और कथा से संगत निहाल हुई। आयोजन में रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई जगत सिंह, भाई हरभजन सिंह व भाई ज्ञान सिंह ने तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर दिखे भव लयो की शबद कीर्तन किया। इसके बाद जंडियाला के प्रिंसिपल सुखवंत सिंह, भाई दविंदर सिंह सोहाना वाले, भाई तांतीवार जत्था अनहदनाद वाणी जत्था बड्डू साहिब, यूके से आए भाई अंतरवीर सिंह, रागी जत्था गुरइकबाल सिह, भाई चमनजीत सिंह लाल दिल्लीवाले, कविश्री जत्था भाई कविंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ज्ञानी सबरजीत सिंह लुधियानावाले व ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। इसके बाद तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्रों के दर्शन कराने के बाद अरदास किया। अरदास, हुकुमनामा व कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। संत समागम में बाबा महंत करमजीत सिंह यमुनानगर वाले, संत बाबा हरनाम सिंह दमदमी टकसाल, महंत स्वामी ज्ञान देव सिंह हरियाणा, नानकसर कलेड़ा वाले संत बाबा घाला सिंह जी, संत बाबा दर्शन सिंह शास्त्री निर्मले वाराणसी, खोसाकोटला के संत ज्ञानी गुरमीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा की। इसके बाद तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्रों के दर्शन, अरदास किया. अरदास, हुकुमनामा व कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। शाम विशेष दीवान में कीर्तन भाई कविंदर सिंह ने की। इसके बाद रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास व हुकुमनामा के बाद कथा दमदमी टकसाल के प्रधान संत समाज बाबा हरनाम ने कही। इसके बाद सजे कीर्तन दरबार में भाई साहिब दविंदर सिंह सोहाना, अनहद वाणी जत्था बड्डू साहिब, जंडियाला के प्रिंसिपल सुखवंत सिंह, माता कोला भलाई केंद्र अमृतसर के भाई गुरइकबाल सिह, यूके से आए भाई अंतरवीर सिंह रागी जत्था व दिल्ली के चमनजीत सिंह लाल ने शबद कीर्तन पेश किया। शबद विचार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेंद्रजीत सिंह अहलुवालिया ने पेश किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव इंद्रजीत सिंह व वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह ने निभायी।

## युवक को किया अपहरण, तीन पर केस

**प्रात :किरण संवाददाता**

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के खरजामा गांव निवासी राजेश्वर प्रसाद का इकलौते पुत्र रौशन कुमार को अपहरण कर लिया है।इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।थाना क्षेत्र के खरजामा गांव निवासी राजेश्वर प्रसाद का आरोप है कि उसका बेटा रौशन कुमार चार जनवरी को सुबह घर से निकला था,जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा।उन्हें पूर्ण विश्वाश है कि मेरे पुत्र को बिट्टू कुमार सूरज कुमार व गोलू कुमार इन तीनों लोगों ने मेरे बेटा को अपहरण कर लिया है। इन तीन लोगों के खिलाफ मसौढ़ी थाने में मुदकमा दर्ज कराया है।पीड़ित व्यक्ति आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की बैठक संपन्न



**प्रात :किरण संवाददाता**

फतुहा। सोमवार को प्रखंड ईकाई की एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ई. अजय कुमार यादव, राष्ट्रीय महासचिव श्याम नंदन कुमार यादव, प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजनी रंजन यादव, स्थानीय विधायक रामानंद यादव पूर्व मंत्री बिहार सरकार, अनिरुद्ध कुमार यादव, बख्तियारपुर विधायक श्रीमती पुनम यादव, महिला अध्यक्ष पटना पूर्वी चंद्रावती यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव महिला डॉ रितु रंजन जी, नेत्री मानवाधिकार सरोज यादव, संगीता यादव, प्रदेश महासचिव प्रो राजीव रंजन उर्फ संजय यादवेन्दु, राजकुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, शीला देवी, शारदा यादव महिला प्रभारी पटना, दिनेश यादव पूर्वी पटना जिला अध्यक्ष, शशि यादव पूर्वी पटना जिला अध्यक्ष युवा, विपिन बिहारी निर्मल नारायण यादव, अप्लेंदु यादव, रामयत्न यादव, अनुज कुमार यादव, अरुण यादव पैक्स अध्यक्ष, सरविंद यादव पैक्स अध्यक्ष, छोटे यादव पैक्स अध्यक्ष, टुन्नी यादव, सुबोध यादव, धर्मवीर गोप , रविन्द्र यादव नगर फतुहा अध्यक्ष निरंजन यादव दनियावां, रंजन यादव, उमेश यादव, केवल यादव, गांधी जी, विपिन यादव, रंजीत यादव, मनोज यादव, संतोष यादव उप प्रमुख फतुहा, संजीत यादव प्रदेश प्रवक्ता, पंकज यादव, सिंकू देवी, समीरा देवी, अधिवक्ता रमन बिहारी निर्मल, विमल किशोर राय वैशाली जिला अध्यक्ष विद्यानंद भारती, कौशलेंद यादव सहित सम्मेलन में हजारों की संख्या में यदुवंशी समाज के लोग शामिल रहे। सभा में समाज के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई है और गुरु गोविंद सिंह जी कि जयंती दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक एकता, समाज की मजबूती शिक्षा पर बल दिया, साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का निवेदन किया गया। सभी की अध्यक्षता श्रीमती पुनम यादव ने की और मंच संचालन राष्ट्रीय महासचिव श्याम नंदन कुमार यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गांधी जी ने किया सभा के अंत में सामूहिक भोज किया गया। कार्यक्रम की सफलता पर स्थानीय लोगों ने खुशी का इजहार किया।

## 30 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**प्रात :किरण संवाददाता**

मसौढ़ी ! लहसुना थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अकौना ग्रुपतिचक गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर 120लीटर जावा महुआ व 30 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान सुरेश मांझी के पुत्र मुन्ना मांझी के रूप में की गई है।इस मामले में लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने उत्पाद अधिनियम के तहत अकौना ग्रुपतिचक गांव निवासी मुन्ना मांझी को नामजद आरोपी बनाया गया है।पुलिस गस्ती के दौरान सूचना मिली कि आरोपी देसी शराब छुपा कर रखा है तथा बिक्री करता है।पुलिस जब छापेमारी को पहुंची तो आरोपी भागने लगा जिसे पकड़ा गया।तलाशी एवं पूछताछ के दौरान पुलिस द्वारा उसके घर से प्लास्टिक के गैलन में छुपा कर रखा गया करीब 30 लीटर देसी शराब व 120लीटर जावा महुआ बरामद हुई।

## पटना के गोनपुरा गांव में मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र ने किया कंबल वितरित

**प्रात :किरण संवाददाता**



पटना : बिहार में चल रही कड़ाके की ठंड और पटना में 6-7 डिग्री का न्यूनतम तापमान को देखते हुए,मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र, कंकड़बाग, पटना ने फुलवारी-शरीफ प्रखंड के गोनपुरा गांव में बिना ऊंच नीच के भेद भाव अपनाये सभी समुदाय के जरुरतमंदों के बीच रविवार को कंबल वितरित किया गया। उक्त जानकारी संस्था के उद्बोधन आध्यात्मिक पत्रिका के सम्पादक सुरेन्द्र कुमार रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि कंबल का वितरण संस्था के संस्थापक ठाकुर अरुण कुमार सिंह ने उक्त अवसर पर कहा कि समाज के दबे-कुचले लोगों के उत्थान के लिए यह संस्था हर समय तत्पर रहती है। कई वर्षों से समाज के असहाय लोगों की मदद करने में लगी हुई है। खास करके कोरोना काल में एक महीने तक भूखे लोगों के बीच खाद्य सामग्री और कच्चे अनाज संस्था की ओर से वितरित किए गये थे। यह संस्था कभी विकलांग लोगों के बीच ट्रायसाइकिल वितरित कर उन्हें संबल बनाने का प्रयास करता हैं, तो कभी भूखे-नंगे और लाचार लोगों के बीच वस्त्र और खाद्य सामग्री बांटकर उनकी तकलीफों को दूर करने का प्रयास करता हैं। वहीं रविवार को इसी कड़ी में आज कड़ाके की ठंड को देखते हुए फुलवारी शरीफ प्रखंड के गोनपुरा गांव में 100 असहाय एवं लाचार लोगों के बीच कंबल बांटा गया। सम्पादक सुरेन्द्र कुमार रंजन ने बताया कि इस नेक कार्य के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक ठाकुर अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष मुरारी शर्मा, सामान्य सचिव सतीश कुमार सिंह, सचिव सुरेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव मनोज कुमार, कवि कुमार, सर्वेश कुमार, चंदन कुमार, सुरेन्द्र कुमार रंजन एवं राजेश कुमार रंजन उपस्थित थे। सभी लोगों ने कम्बल वितरण कार्य किया। उन्होंने बताया कि कंबल का वितरण धनपतिया देवी, धर्मशीला देवी, प्रमिला देवी, राजेन्द्र मांझी, गनौरी दास, सुरेश मांझी, लालती मोसमात, सुमंत्री मोसमात सहित अन्य लोगों के किया गया।

## चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने हरकारा,कबूतर की प्रतिकृति का किया लोकार्पण



**प्रात :किरण संवाददाता**

पटना। डाक विभाग की ऐतिहासिक धरोहर और गौरवशाली विरासत को अविस्मरणीय करने के उद्देश्य से आज बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल, अनिल कुमार दवारा पटना जीपीओ प्रांगण में हरकारा, कबूतर पोस्ट की प्रतिकृति और सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार ने हरकारा और कबूतर पोस्ट की डाक विभाग में ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उद्घाटन समारोह में मीडिया को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा, हरकारा उक विभाग की सन्देश-प्रेषण प्रणाली का मुख्य आधार स्तम्भ था जो पैदल ही देश के कोने-कोने में सन्देश पहुंचाने का कार्य करता था । इनकी मेहनत और समर्पण ने आधुनिक डाक व्यवस्था का आधार तैयार किया। उन्होंने बताया कि हरकारा न केवल डाक विभाग का सन्देश-प्रेषण प्रणाली का प्रतीक पुरुष था, बल्कि उनकी विरासत हमे मानवीय सन्देश संप्रेषण की शक्ति के रूप में प्रेरित करती है। अंग्रेजी शासन के दौरान, डाक व्यवस्था में ट्रेन और टेलीग्राफ के आगमन के साथ अभूतपूर्व बदलाव आए और हरकारों की भूमिका सीमित होती गई। तथापि, हरकारे ने भारत में संचार क्रांति में अहम भूमिका निभाई। वे कष्टदायी मौसम, तूफान, गरज के साथ चमकते बिजली और बारिश, खून को उबालने वाली प्रचंड गर्मी, मज्जा को जमा देने वाली हिमालय की अत्यधिक ठण्ड, जैसे कई असाधारण बाधाओं के बावजूद, विविध और विशाल भारत में अथक और निरंतर रूप से डाक पहुंचाते थे। कबूतर पोस्ट की बात करते हुए उन्होंने कहा कि, ह्यकबूतर संदेशवाहक रूप में इतिहास में के अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। डाक विभाग ने श्री युद्धकाल और कठिन परिस्थितियों में कबूतरों के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रवान किया। यह प्रतिकृति हमें याद दिलाती है कि सूचना और संचार में अभूतपूर्व संभावनाएँ अन्तर्निहित हैं। श्री कुमार ने यह भी बताया की डाक विभान की प्रगति का एक जीवंत उदहारण यह भी है कि हम कबूतर से प्रारंभ कर अब ड्रोन से डाक को वितरित कर रहे हैं। पूर्वकाल में कबूतरों के अद्‌भुत प्राकृतिक क्षमताओं के कारण उनका उपयोग संदेशों के आदान प्रदान में किया जाता था।

## उमीद: मोकामा टाल क्षेत्र में इस बार दलहन और तेलहन की उम्दा पैदावार



**प्रात :किरण संवाददाता**

मोकामा। दलहन और तेलहन की उम्दा पैदावार के लिए एशिया प्रसिद्ध मोकामा टाल क्षेत्र में इस साल अच्छी पैदावार की आस जगी है।कुदरत की बरस रही इनायत ने किसानों में खुशी की लहर पैदा कर दी है।किसानों का मानना है कि कोहरे और ठंढ से रब्बी फसल काफी लहलहा रही है।फसल की वर्तमान स्थिति बंपर उपज की उम्मीद पैदा कर रही है।मोकामा टाल क्षेत्र में मंसूर की सर्वाधिक खेती की जाती है।चना,सरसों,गेहूं की भी अच्छी-खासी बोआई हुई है।हालांकि,एक माह विलंब से हुई रब्बी की बोआई से उम्दा पैदावार की किसानों ने आस छोड़ दी थी,लेकिन मौसम मुफीद रहने से किसानों में आशा की किरण जगी है।खास कर मंसूर की फसल के लिए वर्तमान मौसम अनुकूल माना जा रहा है।हाथीदह निवासी किसान दिलीप कुमार का कहना है कि कोहरे के रुप में आसमान से उम्मीद की बारिश हो रही है।उल्लेखनीय है कि रब्बी फसल की बोआई के लिए अक्टूबर का महीना सबसे बेहतर माना जाता है,मगर इस साल तकरीबन एक माह विलंब से मोकामा टाल क्षेत्र आबाद हुई।लिहाजा,किसानों में अल्प उपज की मनोदशा बन गयी,लेकिन कुदरत की मेहबानी से किसानों के चेहरे पर हरियाली छाने लगी है।मोकामा से लेकर बड़हिया तक संपूर्ण टाल क्षेत्र में लहलहाती फसल ने उम्दा पैदावार की पटकथा गढ़ दी है।संपूर्ण टाल क्षेत्र में दलहन और तेलहन की फसल देख किसानों के मुरझाये चेहरे पर रौनक छा गयी है।पिछले कई साल से दाने-दाने को मोहताज मोकामा-बड़हिया टाल क्षेत्र के किसानों के घर इस साल शहनाइयां गूंज उठेगी और साथ ही सरकार को भी निर्धारित लक्ष्य की पैदा प्राप्त होने की उम्मीद है।

## लंगर प्रसाद पाने को लगी होड़, लंबी लाइन



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर लंगर प्रसाद पाने के लिए लोगों में खासा कौतूहल था। तख्तश्री पटना साहिब के दरबार साहिब में मत्था टेकने के लिए भी लंबी लाइन थी, तो लंगर प्रसाद पाने के लिए भी उससे कहीं अधिक लाइन थी। तख्तश्री पटना साहिब में संगतों को बेसमेंट की ओर से जाने और आने की सुविधा दी गई थी। इस दौरान संगत दरबार साहिब में लाइन लगाकर जाते और मत्था टेकने के बाद परिक्रमा करते हुए वापस बाहर निकलते। तख्तश्री परिसर में भी लंगर पाने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा था। यही स्थिति गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत की भी थी। यहां लोगों की लंबी लाइन थी। जैसे-जैसे पंक्ति दर पंक्ति संगत लंगर पाने के बाद उठते, उसकी सफाई होती। इसके बाद उन सबों को छोड़ा जाता। हालांकि लंगर का प्रसाद पाने के लिए किसी को रोका और टोक नहीं जा रहा था। यहां भी लंगर पाने के लिए लोगों की खासी लाइन थी। दूसरी ओर बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले के द्वारा मालसलामी स्थित ओपी शाह सामुदायिक भवन और कंगन घाट में भी लंगर की सेवा चल रही है। वहीं दूसरी ओर बाबा सतनाम सिंह जी बाबा इंद्रजीत सिंह यूके वाले के सहयोग से तख्तश्री पटना साहिब के बेसमेंट में लंगर की सेवा चला रखे हैं। लोगों के बीच पकौड़ी, चाय, कॉफी की खासी सुविधा दी गई है। यहां पर विजय सिंह, जया सिंह, अजीत सिंह, साहेब सिंह आदि सेवा संभाल रखे हैं। लंगर में प्रसादा, चावल, दाल, सब्जी, खीर, लड्डू, कचौड़ी, जलेबी, गाजर का हलवा आदि का पूरा प्रबंध किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लेखिका उषा किरण हुई सम्मानित

मुजफ्फरपुर ।समग्र संस्कृत विकास समिति के तत्वावधान में वार्षिक सम्मान समारोह जे डी वीमेंस कॉलेज, पटना के सभागार में 5 जनवरी सम्पन्न को हुआ । समिति की ओर से स्वर्णिम काला केंद्र की अध्यक्ष लेखिका डॉ . उषाकिरण श्रीवास्तव सम्मानित की गई ।डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी के संयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गीता कुमारी ,कुलपति ,चाणक्य संस्कृत विश्वविद्यालय कर्नाटक के द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉ नीतू कुमारी नूतन, भारत नाट्यम अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, डॉ आर सी वर्मा,डीन कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान,आर के सिंह, कुलपति पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय आदि गणमान्य विद्वानों की उपस्थिति में मुजफ्फरपुर के डॉ हरि किशोर प्रसाद सिंह,डॉ वीरेंद्र कुमार मल्लिक तथा डॉ उषाकिरण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

### ठंड के कारण 11 तक बंद रहेंगे विद्यालय

मुजफ्फरपुर ।जिला में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला दंडाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन द्वारा जिला के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों ,प्री- स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्रों में वर्ग आठ तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 11 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया गया है। वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश 6 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक मुजफ्फरपुर जिला में प्रभावी रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

### मुकतापुर मोईन का निरीक्षण डीएम ने किया

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के वासुदेवपुर दो जगह हेलीपैड व मुक्तापुर मोईन जल जीवन हरियाली का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, एएसपी संजय कुमार पांडे, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के साथ निरीक्षण करते हुए जगह-जगह कई आवश्यक निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी ने देते हुए स्थानीय पदाधिकारी को समय कार्य निष्पादित कर देने की बात कही।मौके पर पंचायत राज के मुखिया चंदन कुमार चंद्र प्रकाश गुड्डू सहित कई ग्रामीण जगह-जगह मौजूद थे।

### मारपीट में तीन जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के 45 वर्षीय राजीव रंजन, 28 वर्षीय पूजा यादव चकमहेसी गांव के भूटान राय की पत्नी 30 वर्षीय सीमा देवी का ईलाज सामुदायिक अस्पताल में चल रहा है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हैदर ने दी। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### कोर्ट के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के तीरा गांव के स्वर्गीय बैजनाथ ठाकुर के घर इश्तिहार चिपकाए गया। वहीं दूसरी ओर जटमलपुर के रामानंद राय के घर नहीं रहने को लेकर बगल गीर को कहा गया कि उन्हें जल्द बुलावे अन्यथा उनकी जमीन नीलाम कर दी जाएगी। गोविंदपुर खजूरी पंचायत के हसनपुर तीरथ गांव के उमेश महतो के घर इश्तिहार चिपकाया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने दी।

### बीपीआरओ ने दिया जांच का आदेश

बेनीपुर(दरभंगा)। प्रखंड पंचायत राज्य अधिकारी बेनीपुर ने जरिसो पंचायत में बीते 3 वर्षों के दौरान लोहिया स्वच्छ अभियान फेज 2 में खरीदी गई कथित घटिया सामग्री के जांच करने के लिए पंचायत स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जरिसो पंचायत के लवानी गांव के जयप्रकाश झा ने आवेदन देकर शिकायत किया था कि वर्ष 2021-22,2022-23, 2023-24 में डस्टबिन, ठेला, ई-रिक्शा कि घटिया खरीदारी कर सरकारी राशि को चूना लगाया गया है। इस मामले में बीपीआरओ ने पंचायत सचिव, तकनीक सहायक, लेखापाल सह आईटी सहायक को 9 जनवरी को पंचायत भवन में अभिलेखों के साथ उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

# मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत स्कूली बच्चों को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई/ई० अलीगंजः- मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत स्कूली बच्चों को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया। सोमवार को प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय कैयार के छात्राओं को बिहार दर्शन योजना के तहत 122 छात्र-छात्राओं को राजगीर, पावापुरी व नालंदा परिभ्रमण हेतु कैयार पंचायत के मुखिया ललन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, मुखिया ललन सिंह ने बताया की मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत 20-20 हजार बिहार के प्रत्येक विद्यायल को छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु वर्ष में बिहार सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। जिससे की छात्र-छात्राए को परिभ्रमण से अनुभव मिले। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय से बच्चों की रवानगी हुई। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक साकेत कुमार ने बताया कि ये परिभ्रमण दल पर्यटन स्थल पहले राजगीर, पावापुरी एवं नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण किया, शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों को कक्षा के बाहर सीखने के अवसर प्रदान करना है। यह बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और व्यावहारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्राप्त होता है। व्यावहारिक ज्ञान का विकास,समझ और रुचि में वृद्धि, अवलोकन और विश्लेषण क्षमता में सुधार सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव टीम वर्क और सहयोग का विकास, मनोरंजन और मानसिक ताजगी,व्यक्तित्व विकास बच्चों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है ।परिभ्रमण में नए अनुभव उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। सीखने की स्थायित्व जो बातें परिभ्रमण में व्यावहारिक रूप से समझाई जाती हैं, वे लंबे समय तक याद रहती हैं। यह सीखने को अधिक प्रभावी और स्थायी बनाता है। उदाहरण विज्ञान के छात्रों के लिए लैब या अनुसंधान केंद्र का दौरा। भूगोल के छात्रों के लिए पहाड़, नदी, या समुद्र का अवलोकन। इतिहास के छात्रों के लिए ऐतिहासिक स्मारकों और संग्रहालयों का दौरा। शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कक्षा की सीमाओं से बाहर जाकर वास्तविक दुनिया से जुड़ने और विषयों को गहराई से समझने अध्ययन होती है मौके पर, प्रभारी प्रधानाध्यापक साकेत कुमार, संजय कुमार,विजय राम, कुमारी प्रीतम, उज्वल, जलन,कुश कुमार दुबे, साकिब, सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मनरेगा योजना से बगरहट्टा गांव में नाला का निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता

प्रात : किरण संवाददाता

बिरौल( दरभंगा )। गौड़ा बौराम प्रखंड क्षेत्र के कसरौड़ करकौली पंचायत स्थित बंगरहट्टा से आसी गाँव की ओर जाने वाली सड़क में मनरेगा योजना के अंतर्गत पक्के नाले के निर्माण में सरकार के महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में नियमों को ताक पर रखकर नाला का निर्माण किया जा रहा है । योजना स्थल पर नाली के आधे निर्माण के बाद भी योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगा हुआ है । ग्रामीण गुलाम रसूल ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत अनियमितता बरतना और नियमों की धज्जियाँ उड़ाना गंभीर मुद्दा है । मनरेगा योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना है । इसके बावजूद नाली की खुदाई जेसीबी से की गई ।वहीं ग्रामीण मो॰ शमीम ने बताया कि नाले के निर्माण में बहुत ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा । ईंट भी बहुत घटिया है । बंगरहट्टा आसी पथ अनुमंडल का मुख्य पथ है । इस मार्ग से बड़ी बड़ी मालवाहक गाड़िया गुजरती हैं । इसके बावजूद नाले के निर्माण में एक दीवार दस इंच का है और दूसरी दीवार पाँच इंच। ग्रामीण मुस्लिम अंसारी ने कहा कि दो नंबर ईंट का उपयोग किया जा रहा है । साथ ही बालू सीमेंट के मिश्रण में भी गड़बड़ी की जा रही है । मनरेगा के जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार ने बताया कि योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगाना गलत है । उन्होंने यह भी कहा कि नाली की दोनों दीवार दस इंच की होनी चाहिए । मेरी जानकारी में यह नहीं था नाले की एक भी दीवार पाँच इंच का नहीं होगा । जाँच कर ठीक किया जाएगा ।प्राक्कलित राशि के संबंध में उन्होंने फाइल देखे बिना बताने से इनकार किया । निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर उन्होंने कहा कि योजना स्थल पर जाकर निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई की जाएगी । मनरेगा पी॰ओ॰ संजीव कुमार ने बताया कि इस योजना की जानकारी हमें नहीं है ।

## गरीब निःसहायों के बीच समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने किया कंबल वितरण



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के छः पंचायतों के गरीब निःसहायों के बीच समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान में सोमवार को भी लगभग 600 से अधिक कंबल वितरण किया। सर्वप्रथम सोमवार को कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित शनिचर हाट परिसर में कंबल वितरण समारोह आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शिवजी प्रसाद एवं संचालन रामबाबू राय ने किया। समारोह के माध्यम से कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर दक्षिण एवं महम्मदपुर सकड़ा पंचायत के गरीब निसहायः के बीच लगभग 300 कंबल वितरण किया गया ।समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने कहा कि विगत 36 वर्षों से गरीब निःसहायो के बीच कमल वितरण का यह कार्यक्रम जारी है। कमल वितरण कर गरीब निःसहायों सेवा करना मेरा कर्तव्य है। अगर विभूतिपुर की जनता हमें वोट देकर विधायक बनाते हैं तो हम अपनी सैलरी भी इन्हीं गरीबों जनताओं के बीच सहयोग के रूप में वितरण करेंगे। समारोह को रामाकांत सिंह, कमोद सिंह, अशोक पटेल, सतीश झा, मंटून ठाकुर, महेश्वर राय, रामजीवन राय ,चंदन कुमार, अमरेश ठाकुर, आयुष रंजन, वैभव कुमार आदि ने संबोधित किया। वहीं दूसरी ओर चकहवीब पंचायत के ब्रह्म स्थान के प्रांगण में भी कंबल वितरण समारोह आयोजित की गई। अध्यक्षता शंकर सिंह एवं संचालन रामबाबू राय ने की। समारोह को अशोक पटेल,राम बहादुर सिंह, शिवाजी प्रसाद, चन्द्र शेखर झा, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, शंभू मिश्र आदि ने संबोधित किया। यहां भी तीन पंचायत चकहवीब, मुस्तफापुर एवं केराई के गरीब निसहाय के बीच लगभग 300 कमल वितरण किया गया। बता दें कि समाज सेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान जी के सौजन्य से रविवार को भी महथी उतर, महथी दक्षिण, बोरिया,नरहन, विभूतिपुर पूरब, विभूतिपुर उत्तर, भूसवर पंचायत के गरीब निसहाय के बीच 900 से अधिक कमल का वितरण किया गया था। यह प्रक्रिया 14 जनवरी तक जारी रहेगा। विधानसभा क्षेत्र के सभी गरीब निसहायो के बीच कमल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

## देश के हर नागरिकों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।भारतीय लोकतंत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अमृत महोत्सव के अवसार पर केंद्र की मोदी सरकार डेढ़ सौ करोड़ देशवासियों की हर आकांक्षा को पूरी कर रही है। आम जनो को केवल अपने अधिकारों की बात ही नहीं करना चाहिए बल्कि एक जिम्मेवार नागरिकों के कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहनी चाहिए। सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा बलभद्रपुर स्थित अपने सांसद कार्यालय पर आए निभाने जनप्रतिनिधियों, भाजपा के नेताओं कार्यकताओं तथा बुद्धिजीवियों से चर्चा करते हुए उपरोक्त बातें कही।

सांसद डा ठाकुर ने लोकतान्त्रिक व्यवस्था में लोक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय लोकतन्त्र अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है इसलिए देश के हर नागरिकों को अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। भारतीय लोकतन्त्र को विश्व स्तर पर एक जीवंत तस्वीर बताते हुए कहा कि यदि आज भारत में विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत शासन प्रणाली सफल हो रही है तो उसका सबसे बड़ा कारण लोकतन्त्र में निहित अधिकार और कर्तव्य है ।सांसद ने पार्टी कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच को आत्मसात कर जनसेवा में तत्पर रहे।

## सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने सीमावर्ती गांव जोकी में लगाया निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाह्य सीमा चौकी जानकीनगर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाव जोकी मे गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार डॉक्टर सुनेहा सिंह (चिकित्सा पदाधिकारी) की मौजूदगी में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान 48वी वाहिनी के चिकित्सा कर्मियों द्वारा जोकी गाव एवं उसके आस-पास के गांवो के लोगो के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण किया एवं सीमावर्ती लोगो को स्वास्थ्य संबंधी जानकारिया दी गयी । इस चिकित्सा शिविर में कुल 93 स्थानीय लोगो ने भाग लिया जिसमे पुरुष झ 35 महिलाये 41 एवं बच्चे 17 लाभान्वित हुए । डाक्टर सुनेहा सिंह (चिकित्सा पदाधिकारी) 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर द्वारा वहाँ उपस्थित सभी लोगो को खान पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया तथा समय समय पर शारीरिक जांच करवाते रहने का भी सुझाव दिया ।सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है ।

## नही रहे बार एसोसिशन के अंकेक्षक उज्जवल गोस्वामी, अधिवक्ताओं ने किया शोक व्यक्त

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। दरभंगा बार एसोसिएशन के 25 वर्षों से अंकेक्षक और उपभोक्ता मामले के विशेषज्ञ अधिवक्ता उज्जवल गोस्वामी अब नहीं रहे। दरभंगा आवास पर 6 जनवरी 2025 सोमवार को अहले सुबह उनका निधन हो गया। इनके निधन की सूचना मिलते हीं दरभंगा के वकीलों और इनके जानने वाले लोग मर्माहत हो उठे ।हरदिल अजीज वरीय अधिवक्ता गोस्वामी दरभंगा बार एसोसिएशन का लगातार 25 वर्षों से जीवनपर्यंत अंकेक्षक पद पर निर्वाचित होते रहे। इन्होंने वर्ष 1998 और 2013 में दो बार जिला के वकीलों और पक्षकारों की सहूलियत के लिए डायल एडभोकेट एलोपेजेज का प्रकाशन किया।जिसमें दरभंगा बार एसोसिएशन का 1906 से लेकर 2012 तक हुए अध्यक्ष,सचिव का नाम,जिला के जनोपयोगी मोबाईल,टेलीफोन नंबर, एवं बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं का मोबाईल,टेलीफोन नंबर अंकित है ।इनके आकस्मिक निधन पर अधिवक्ता अरुण कुमार चौधरी, विरेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिन्हा,श्याम बिहारी राय,अनिल कुमार मिश्रा, विष्णुकांत चौधरी,सुधीर कुमार चौधरी, रामवृक्ष सहनी,रमणजी चौधरी समेत दर्जनों वकीलों ने शोक ब्यक्त किया है।

## ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फूटबाल टूनार्मेंट में बीरगंज नेपाल 2-0 से विजयी, वाराणसी की हुई हार

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में आयोजित हुए ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का उदघाटन मैच बी वाई एमए वाराणसी बनाम यूथ एकेडमी बीरगंज नेपाल के बीच खेला गया। इस रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में दोनों बीरगंज नेपाल बनाम वाराणसी टीम के खिलाड़ी ने खेल में अपनी खेल प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया, इस कड़े फुटबॉल मुकाबले के बीच खेल के मध्यांतर तक दोनों टीमों के खिलाड़ी टूनार्मेंट को अपने अपने पक्ष में करने को लेकर जद्दोजहद जेहद करते दिखे. खेल मध्यांतर के बाद 77 वें मिनट में बीरगंज नेपाल टीम के जर्सी नंबर 14 के खिलाड़ी आदित्या साक्या ने अपने विपक्षी टीम वाराणसी पर बेहतरीन गोल दाग खेल में 1-0 से बढ़त बना ली। वहीं खेल के 81 वें मिनट में जर्सी नंबर नौ के खिलाड़ी सुजल डगोल ने ने पुनः एक गोल दाग खेल में नेपाल टीम को बढ़त दिलाते हुए 2- 0 से इस ऑल इंडिया टूनार्मेंट के ग्रुप ए के पहले क्वार्टर फाइनल मैच को 2- 0 से जीत लिया. कल का मुकाबला जग्गा यूनाइटेड भुवनेश्वर उड़ीसा बनाम एफ सी गिद्धौर बिहार के बीच खेला जाएगा। खेल समाप्ति उपरांत मेन ऑफ द मैच का खिताब नेपाल के खिलाड़ी आदित्या साक्या को पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद के हांथो दिया गया। खेल में निर्णायक की मोहम्मद सलाम, दीपक कुमार, मोहन कुमार अरुण हांसदा, नंद किशोर प्रसाद ने निभायी। वहीं खेल में उदघोषक की भूमिका राणा रंजीत ने निभायी. इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार,सचिव सुजीत सक्सेना, अशोक केशरी, संतोष रावत सुधांशु कुमार सोनू राव, संतोष रावत, गुरुदत्त प्रसाद, जसीम खान, के अलावे हजारों की संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी इस फुटबॉल मुकाबले को देखने के लिये खेल मैदान में मौजूद थे।

## युवक की गोली मार हत्या मामले में घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, कुछ संदिग्धों हिरासत में लेकर पूछताछ



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के केवटा वार्ड संख्या-6 में रविवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने अपने घर पर अलाव ताप रहे 38 वर्षीय जितेंद्र कुमार महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने कारवाई तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने इस हत्याकांड मामले में चार संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है। सोमवार को पुलिस कप्तान अशोक मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुटे हुए हैं। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मियों से घटना की जानकारी ली व जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। बता दें कि रविवार की शाम घर के दरवाजा पर अलाव ताप रहे जितेंद्र की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि तीन बाइक से आये छह बदमाशों ने आते ही जितेंद्र पर गोली चलानी शुरू कर दी। जिससे बचने के लिये जितेंद्र ने भागने का प्रयास किया था। लेकिन सिर में गोली लगने से वह वहीं ढेर हो गया। इसके बाद सभी बदमाश वहां से भाग निकले। बताया गया है कि जितेंद्र ताड़ी उतारने व बेचने का कार्य करता था। अपनी बड़ी लड़की नेहा की शादी कर चुका था। वहीं पुत्र अजित कुमार (13 वर्ष), पुत्री रूबी कुमारी (7 वर्ष) एवं छोटा पुत्र यश राज (6 वर्ष) की सभी जिम्मेदारी जितेन्द्र के कंधे पर ही था। पत्नी के बयान पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## दुर्गीपट्टी में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा की तैयारियां जोरो पर

### मधुबनी एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, मिथिला पेंटिंग से सजी दीवारे



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खुटौना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी प्रगति यात्रा के तहत दुर्गीपट्टीमें तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण समस्याओ को समझना और विकास योजनाओ की समीक्षा करना है। गांव में विशेष सजावट की जा रही है जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है ।दुर्गीपट्टी के उच्च विद्यालय की दीवारो पर जनक नंदनी मिथिला आर्ट के कलाकारो द्वारा बनाई गई आकर्षक मिथिला पेंटिंग स्थानीय संस्कृति की छटा बिखेर रही है। इन पेंटिंग्स में महात्मा बुद्ध मिथिला की परंपराए त्योहार और सामाजिक जीवन के सुंदर दृश्य उकेरे गए है। गांव के चौक चौराहो की सफाई और रंगाई-पुताई तेज गति से हो रही है ।मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर के तटों को सुंदर पार्क में परिवर्तित किया गया है जिसे फूल पौधो से सजाया जा रहा है। इसके अलावा जीविका दीदियो द्वारा लगने वाली प्रदर्शनी में स्थानीय उत्पाद जैसे सिक्की आर्ट जूट बैग अचार और रंगोलियां प्रस्तुत की जाएंगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद है। मधुबनी एसपी ने गांव का दौरा कर सुरक्षा इंतजामो का जायजा लिया। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तरह जुटे हुए है ।ग्रामीणों में उत्साह गांव के निवासी मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर काफी उत्साहित हैं। स्थानीय निवासी रेखा देवी ने कहा यह हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के दौरे से हमारे गांव को नई दिशा और विकास मिलेगा ।मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान जल-जीवन-हरियाली अभियान सड़क निर्माण और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओ की समीक्षा की जाएगी। साथ ही स्थानीय कलाकारो और महिलाओ के स्वयं सहायता समूहो को अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का भी अवसर मिलेगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री की यात्रा न केवल विकास कार्यो को गति देगी बल्कि उनकी समस्याओ का समाधान भी सुनिश्चित करेगा।

## प्रशांत किशोर के साथ पटना पुलिस के दुर्व्यवहार के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे जन स्वराज के मुखिया प्रशांत किशोर को तड़के सुबह पटना पुलिस के उठाकर कथित रूप से दुर्व्यवहार किए जाने के विरोध में जन स्वराज पार्टी के लोगों के द्वारा समस्तीपुर शहर में कैंडल मार्च निकाला। बिहार सरकार के खिलाफ जम के नारेबाजी की। अंबेडकर स्थल से कैंडल मार्च विभिन्न मार्ग होते हुए स्टेशन चौक गांधी चबूतरा पर पहुंच सभा में तब्दील हो गया। विनय वास्यायन ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ज्यात्ति पर उतर आई है। जानबूझकर प्रशांत किशोर को परेशान किया जा रहा है हम लोग चुप बैठने वाले नहीं है। प्रशांत किशोर के कंधे से कंधे मिलाकर आने वाले समय में नीतीश कुमार को दिखा देंगे उनकी औकात। यह लड़ाई प्रशांत किशोर की नहीं बिहार के युवाओं की है। जब तक रिएग्जाम नहीं होगा आंदोलन और तेज और उग्र होगा। जिला संयोजक निरंजन ठाकुर जिला रिंकी पासवान प्रदेश कार्य समिति मेम्बर विनय वास्यायन, तारकेश्वर गुप्ता, पर्नें कुमार, विजय झा, राजू शर्मा, राजू पांडे, संजय कुमार, विनय वास्यायन, मो. इजहार, मो. शफीक सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## गुरु गोबिंद सिंह के आदर्श आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय : डॉ शिवलोचन झा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।केएसडीएसयू स्नातकोत्तर इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जयंती मनाई गई ।इस अवसर परआभासीय पटल पर मुख्यातिथि अध्यक्ष, छात्र कल्याण डा शिवलोचन झा द्वारा कहा गया कि उन्होंने शिक्षा और सेवा के बीच संतुलन को रेखांकित करते हुए गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों को आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय बताया। विशिष्टातिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा सुधीर कुमार झा ने इस अवसर पर छात्रों को सामाजिक सेवा और समर्पण की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के वाक्य जैसे बचन करकै पालना इत्यादि वाक्यों का अर्थ बताते हुए कहा कि उनकी पंक्तियो को जीवन मे चरितार्थ करने की आवश्यकता है। आयोजक मंडल से धर्मशास्त्रविभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार झा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह एक वीर परिवार से थे गुरु तेगबहादुर के पुत्र थे, जो वीरता की मिसाल थे। ठीक उसी प्रकार के उनके पुत्र गुरु गोबिन्द सिंह भी हुए। गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर हम उनके अद्वितीय साहस, धर्म की रक्षा के लिए किए गए अद्वितीय बलिदान और सत्य के प्रति उनकी निष्ठा को नमन करते हैं ।वेद विभागाध्यक्ष डा विनय कुमार मिश्र ने कहा कि पांच वर्ष की आयु में उन्हें फारसी, हिंदी, संस्कृत, बृज इत्यादि भाषाएं आतीं थींज्योतिष विभागाध्यक्ष डा कुणाल झा ने बताया कि वो दुःखियों की सेवा को ही परमात्मा की प्रार्थना कहते कहते थे। उनसे सीखकर हमें भी इस शिक्षा का पालन करना चाहिए। दर्शन विभागाध्यक्ष डा शंभू शरण तिवारी द्वारा गुरु गोबिंद सिंह को बलिदान का प्रतीक बताया गया। पुत्र के शहीद होने पर भी उन्होंने समर्थकों को भी अपना पुत्र कहा। व्याकरण विभाग के डॉ यदुवीर स्वरूप शास्त्री ने कहा कि गोविन्द सिंह जी एक महान योद्धा होने के साथ साथ महान विद्वान् भी थे। वह ब्रज भाषा, पंजाबी, संस्कृत और फारसी भी जानते थे. और इन सभी भाषाओँ में कविता भी लिख सकते थे। संयोजन करते हुए डा साधना शर्मा ने अपने प्रेरक वक्तव्य में उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक पहलुओं को साझा कियो यह आयोजन गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### ठंड में बढ़ोतरी के साथ-साथ इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की संख्या में भी हुई वृद्धि

समस्तीपुर, पड़ रही भीषण ठंड का असर सदर अस्पताल के ओपीडी में पहुंच रहे मरीजों की संख्या में कमी के रूप में देखा जा रहा है। ठंड के कारण सदर अस्पताल के ओपीडी में कितने दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आयी है। हालांकि पहले जहां मरीज सामान्य बिमारियों की शिकायत लेकर पहुंच रहे थे। वहीं अब मरीज मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में हर रोज लगभग 120 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इस महीने रविवार की दोपहर तक लगभग 600 मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे थे। हालांकि उनमें अधिकांश मरीज मारपीट व अन्य मामलों के गंभीर मरीज शामिल हैं। लेकिन ठंड की चपेट में आने वाले वृद्ध मरीजों की संख्या भी पहले से बढ़ी है। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को छोड़कर अन्य वार्डों में ठंड को लेकर सदर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा की जा रही व्यवस्था मरीजों के अनुसार संतोषप्रद नजर आयी है। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को ठंड से बचाव के लिए रूम हीटर की व्यवस्था नजर नहीं आयी।

# ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री ने फीता काट कर किया उदघाटन

**गिद्धौर के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने के लिए 25 करोड़ की राशि स्टेडियम निर्माण कार्य को देने का किया ऐलान**

- पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद,सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी आयोजन समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री सह वर्तमान झाझा विधायक दामोदर रावत मौके पर रहे मौजूद





प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में आयोजित ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फुटबाल टूनार्मेंट का विधिवत उदघाटन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा फीता काट फुटबॉल को किक लगाकर किया गया।इस मौके पर सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी,पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद,पूर्व मंत्री सह वर्तमान झाझा विधायक दामोदर रावत व टूमार्मेंट के अध्यक्ष शैलेन्द्र रावत मौजूद थे। इस मौके पर जदयू प्रदेश युवा नेता राजीव रावत द्वारा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को चांदी का मुकुट देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी दिवंगत गुलाब रावत के तैल चित्र तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं उनकी स्मृति में खेल मैदान में मौजुद खेल प्रेमियों खिलाड़ियों बुद्धिजीवियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को इस ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण स्तर पर खेल क्षेत्र एवं युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाके में खेल मैदान का निर्माण कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपे युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारा जा सके।उन्होंने अपने संबोधन में गिद्धौर के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम खेल मैदान को आधुनिक बनाने को ले 25 से 30 करोड़ रुपये तक कि राशि देने की बात कही। वहीं कार्य योजना को ले जिलाधिकारी जमुई को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने की मौके पर बात कही। उन्होंने गिद्धौर जैसे ग्रामीण इलाके में इस ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन करने को ले पूर्व मंत्री सह वर्तमान झाझा विधायक दामोदर रावत का आभार प्रकट किया एवं फुटबाल खेल को संरक्षित करने के लिए उन्हें साधुवाद दिया।बताते चलें कि इस ऑल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट में पहला उदघाटन मैच बी वाई एम ए वाराणसी बनाम यूथ एकेडमी बीरगंज नेपाल के बीच खेला जा रहा है। इस ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के उदघाटन मैच के मौके पर कार्यक्रम के उदघाटनकर्ता बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,पूर्व मंत्री सह झाझा विधायक दामोदर रावत सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी,पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद, जदयू नेता व टूर्नामेंट के अध्यक्ष शैलेन्द्र रावत के अलावे कई गणमान्य,बुद्धिजीवी, समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारी टूर्नामेंट उदघाटन के मौके पर मौजूद थे।

## आठ पंचायत में बन रहे हैं खेल मैदान

**बास्केटबॉल,बैडमिंटन,खो-खो के साथ रनिंग ट्रैक का हो रहा निर्माण**



प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र में 19 लाख रूपए की लागत से सभी आठ पंचायत में एक साथ खेल मैदान बन रहा है सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह,रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव,पूर्वी गुगुलडीह व गंगरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव व कल्याण सिंह,मौरा मुखिया धनराज यादव एवं पतसंडा पंचायत मुखिया ललिता देवी ने बताया कि हमारे पंचायत में पहले खेल का मैदान नहीं था।खेल के मैदान नहीं रहने से सेना में एवं बिहार पुलिस की तैयारी करने वाले युवाओं को दौड़ने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।युवक मुख्य सड़क पर दौड़ लगाते थे जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी पंचायत में एक साथ खेल का मैदान का निर्माण कार्य प्रारंभ कर बिहार वासियों को बड़ी सौगात दी है।वहीं बहाली की तैयारी कर रहे कई युवाओं ने बताया कि हम लोगों को अब दौड़ने के लिए बाहर जाना नही पड़ेगा।निर्माणधीन खेल मैदान पर ही हम लोग अपना प्रैक्टिस कर रहे है।प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि सभी पंचायत में खेल का मैदान निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बास्केटबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, हाई जंप, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। सभी पंचायत में जल्द ही निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया जाएंगा।

## बिजली की समस्या के कारण एक्सरे का कार्य रहा बाधित, मरीज परेशान

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] सोमवार को बडी संख्या में मरीज झाझा रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे ।जिसमे कई लोगों के पर्ची में डॉक्टर के द्वारा एक्स रे जांच लिखा गया था लेकिन बिजली कनेक्शन गड़बड़ रहने के कारण मरीजों को एक्स रे करवाने के लिए घण्टो इंतेजार करना पड़ा लेकिन कनेक्शन ठीक नही होने पर मरीजों को मजबूर घर लौटना पड़ा। दरअसल रेफरल अस्पताल के टूटने के चल रहे कार्यो को लेकर मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा को अस्पताल परिसर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया जहां मरीजों के लिए एक्स रे जांच का कार्य भी किया जा रहा है। एक्स रे करने वाले कर्मी ने बताया कि बिजली कनेक्शन सही नही रहने के कारण मशीन को सही रूप से बिजली नही मिल पा रहा है जिससे एक्स रे करने में परेशानी आ रही है। आगे उन्होंने बताया कि जेनरेटर का लोड भी मशीन नही उठा पाता है और ऐसे में बिजली पर ही निर्भर रहना पड़ता है और सोमवार को बिजली कनेक्शन ठीक है जिनके कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।वही सोमवार को देर दोपहर तक बिजली कनेक्शन ठीक नही रहने के कारण एक्स रे का कार्य बाधित रहा। जिसके कारण एक्स रे करवाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी ने बिजली की समस्या को लेकर विद्युत विभाग झाझा को सूचना दिया।

## गौशाला में लगे दान पेटी तोड़कर चोरों ने किया रुपए की चोरी

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई [ झाझा ] सोमवार की सुबह गौशाला में कार्यरत कर्मी की नजर क्षतिग्रस्त दानपेटी पर पड़ा तो देखा कि श्रीकृष्ण गौशाला में अज्ञात चोरों के द्वारा गौशाला में रखे दानपेटी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे रुपए को चोरी कर लेने की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद गौशाला कमेटी के सचिव सोनू बरनवाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार को जानकारी दिया। जानकारी मिलने पर कमेटी के लोग वहां पर पहुंचा और देखा कि दानपेटी में रखा दान किए हुए रुपए गायब है। वही गौशाला में रखे दानपेटी से रुपए चोरी की घटना पर लखीसराय के रहने वाले गौ भक्त बिक्की बरनवाल ने गौशाला की सुरक्षा को 6 कैमरा के साथ सीसीटीवी का पूरा सेट कृष्ण गौशाला में दान के रूप में लगाने का वादा किया। सचिव ने बताया कि गौशाला के जीर्णोद्धार एवं गौशाला में रखे गाय के आहार एवं अन्य व्यवस्था को लेकर लोग दानपेटी में रुपए दान करते थे। धर्म कर्म कार्य के लिए दानपेटी में रखे रुपए भी चोरी हो जाना इस तरह की घटना बहुत ही दुखद है।

## मुंगेर के शहीद एसपी हत्याकांड का वर्षों बाद भी खुलासा नहीं

प्रात: किरण, संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) यह कैसी विडंबना है की पुलिस विभाग के राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों ने अपने विभाग के अधिकारी की हत्या के मामले में आज 21 वर्ष बाद भी हत्याकांड से सम्बंधित मुकदमा न्यायालय में लंबित पड़े हुए हैं और कांड का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है कांड का अवलोकन करने से पता चलता है की हवेली खड़गपुर कांड संख्या चार(04)/2005 में तत्कालीन थाना अध्यक्ष शिवप्रसाद सिंह के बयान पर केस दर्ज किया गया था इस केस में सभी पुलिस पदाधिकारी ही गवाह है आश्चर्य है कि विभाग के अधिकारी अपने विभाग के अधिकारियों को करने उपरांत भी न्याय नहीं दिला पा रहे हैं तो आम जनता को न्याय दिलाने में कितना सफल बिहार पुलिस हो रही है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है इसके बाद न्यायालय में मामले की सुनवाई हुई इससे संबंधित केस कई कोर्ट में ट्रांसफर भी हुए कई अपर लोक अभियोजक बदले गए मगर गवाह पुलिस कर्मी न्यायालय में गवाही देने नहीं पहुंच रहे हैं पूर्व में केस में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मुंगेर द्वारा साक्ष्य के अभाव में कांड के दो अभियुक्त को पूर्व में रिहा किया जा चुका है इसमें जमुई जिला के सोनू थाना अंतर्गत बिछुआगढ़ निवासी भोला ठाकुर तथा मंगल राय शामिल है ट्रांसफर होकर फिलहाल केस ए डीजे 5 के न्यायालय में साक्ष्यप पर लंबित है जिसमें अधिकांश पुलिसकर्मी ही गवाह है परंतु कोर्ट के द्वारा बार-बार आदेश पारित किए जाने के बावजूद भी पुलिसकर्मी गवाही देने कोर्ट नहीं पहुंच रहे हैं दूसरी ओर इस संबंध में पुलिस न्यायालय ने चार सीट समर्पित करने में न्यायालय में के का ट्रायल चलने की बात कह कर पल्ला झाड़ ले रही है साक्ष्य पर लंबित है कई सालों से तक इस संबंध में सत्यवाद संख्या 614 बाय 12 ए डीजे तृतीया के न्यायालय में साक्षी हेतु लंबित रहा बाद में 23 जुलाई 24 को इस केस को डीजे पांच के न्यायालय में ट्रांसफर हो गया जहां इस केस की अगली सुनवाई 21 जनवरी 25 को निर्धारित की गई है न्यायालय में कैसे गवाही पर लंबित है जिसमें अधिकांश गवाह पुलिस कुर्मी ही है लेकिन गवाह कोर्ट में हाजिर नहीं हो पा रहे हैं इसमें तारापुर के तत्कालीन एसडीपीओ सतन कुमार श्रीवास्तव अवर निरीक्षक रामानंद सिंह खड़गपुर थाना अध्यक्ष शिवप्रसाद सिंह सिपाही कृष्णानंद यादव मार्शल तिकोना तथा भृगु सोरेन यह सभी घटना के वक्त घटनास्थल पर मौजूद थे सभी इस मामले में मुख्य गवाह है परंतु तत्कालीन थाना अध्यक्ष शिव प्रसाद सिंह को छोड़कर कोई गवाह न्यायालय में गवाही देने नहीं पहुंच रहे हैं मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि जो भी गवाह पुलिस पदाधिकारी या सिपाही हैं उनका कोर्ट में गवाही के लिए दबाव बनाया जाएगा वैसे पुलिस पदाधिकारी या सिपाही का जहां भी स्थानांतरण हुआ है उसे जिला के से संपर्क स्थापित कर पुलिस प्रयास करेगी कि कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी गवाही दे ताकि इस संबंध में न्यायालय दोषियों को सजा दे सके ज्ञात हो 05 जनवरी 2005 को मुंगेर के तत्कालीन शाहिद एसपी को भीम बांध के जंगल में बारूदी सुरंग विस्फोट की कर घटना को अंजाम दिया गया था इस नक्सली वारदात में मुंगेर के तत्कालीन शाहिद के सी सुरेंद्र बाबू सहित पांच पुलिसकर्मी शहीद हुए थे बिहार सरकार को इस कांड में 2005 से ही यहां के नागरिकों ने बयान जारी का समाचार पत्र के माध्यम से कई बार इस कांड की जांच सीबीआई से करने की मांग करती रही है सरकार अगर इस कांड की जांच सीबीआई से करावेगी तो कई पुलिस पदाधिकारी और कई नेता भी किसी सुरेंद्र बाबू हत्याकांड में उनके सफेद खादी और खाकी पर खून के छींटे मिल सकते हैं।

## दो अभियुक्तों के घरों पर की पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] न्यायालय में आत्मसमर्पण नही करने से न्यायालय के आदेश पर दो अलग अलग मामले में झाझा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार दो अभियुक्तों के घरों की कुर्की किया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि फरार नामजद अभियुक्त सरैया गांव के रहने वाले धारो यादव पर चोरी की सामग्री की खरीद बिक्री के मामले में नामजद था और दूसरा लालबेरो गांव के रहने वाले तजमुल मियां जो दुष्कर्म मामले में नामजद था। दोनो अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज होने पर दोनो लंबे समय से फरार चल रहा था जिसको लेकर न्यायालय के द्वारा कई बार नोटिस भेजकर दोनो अभियुक्तों को न्यायालय में आत्मसमर्पण के लिए निर्देश भी जारी किया गया था लेकिन दोनो अभियुक्तों ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर आत्मसमपर्ण नही कर रहा था जिसके बाद न्यायालय के आदेशानुसार दोनो अभियुक्तों के घरों पर पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की और दोनो अभियुक्तों के परिजनों को दोनो अभियुक्तों को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया।

## जिला छात्र राजद विश्वविद्यालय अध्यक्ष के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। सोमवार को बिहार में बी0 पी0एस0 सी0 परीक्षाओं में व्यापक स्तर पर पेपर लीक के मामलों के सन्दर्भ में बी0पी0एस0सी0 परीक्षार्थियों द्वारा पुनः परीक्षा कराए जाने को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर नीतीश कुमार और एन0 डी0 ए0 की सरकार का दमनकारी नीति तथा आंदोलनरत छात्रों को बेरहमी से पीटाई के विरोध में बिहार प्रदेश छात्र तथा युवा राजद के द्वारा सभी जिला मुख्यालयों पर नीतीश कुमार का पुतला दहन कार्यक्रम के तहत सोमवार को मुंगेर जिला छात्र राजद विश्वविद्यालय अध्यक्ष श्रवण कुमार तथा युवा राजद मुंगेर के जिला अध्यक्ष मो आसिफ वसीम के नेतृत्व में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आक्रोशित नेताओं ने कहा कि वर्तमान बिहार की एनडीए सरकार तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रवैया छात्र और युवा विरोधी है।जिस तरह से बिहार के अंदर पेपर लीक,शिक्षा का गिरता स्तर,30 लाख ड्रॉप आउट विद्यार्थी,परीक्षाओं में पेपर लीक का भय, बी0पी0एस0सी0 में अनियमितता, एवं तेजस्वी प्रसाद यादव जी द्वारा 3.50 लाख सृजित पदों को भरने को लेकर बिहार के बेरोजगार छात्र और युवा आक्रोशित होकर सड़क पर है।इसका खामियाजा आने वाले समय में बिहार सरकार और नीतीश कुमार को भुगतना होगा।बिहार के प्रताड़ित छात्रों के हक और अधिकार की लड़ाई को छात्र राजद एवं युवा राजद हमेशा ही सड़क से सदन तक करने का काम किया है और आगे भी इस लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ने हेतु तत्पर रहेगा।पुतला दहन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से,प्रदेश युवा के सचिव गजेंद्र कुमार हिमांशु,छात्र राजद के रौशन कुशवाहा,कौशल मिश्रा,आनंद कुमार,शशि कुमार,बमबम यादव ,अशोक चौधरी,निशांत कुमार,सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जॉलीवुड निवेशकों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर चलाया जेल भरो अभियान

मुंगेर। जॉलीवुड निवेशकों की जमाराशि वापसी, फरार अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी एवं सफेदपोश-मास्टरमाइंडों को बेनकाब करने की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जॉलीवुड निवेशकों ने जेल भरो अभियान चलाकर शहीद स्मारक के समक्ष से प्रदर्शन करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी गिरफ्तारी दी। जेल भरो अभियान का नेतृत्व करते हुए जॉलीवुड निवेशक संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक संजय केशरी ने कहा कि फरार अभियुक्तों और सफेदपोशों के प्रति अगर पुलिस प्रशासन दोस्ताना दृष्टिकोण रखते हुए उन्हें गिरफ्तार नहीं करना चाहती है तो हम ठगे हुए निवेशकों को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दे। श्री केशरी ने पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि 14 जनवरी तक फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हमलोग मुख्यमंत्री के मुंगेर के कार्यक्रम में उनके सामने बुक्का फाड़कर - कलेजा पीटकर दहाड़ मार-मारकर रोने का कार्यक्रम करेंगे। एसपी कार्यालय में चालीस निवेशकों ने अपनी गिरफ्तारी दी जिन्हें बाद में पी.आर. बॉण्ड पर छोड़ दिया गया। जेल भरो अभियान में जॉलीवुड निवेशक संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक संजय केशरी के साथ-साथ अध्यक्ष मो० तालिब हुसैन, महासचिव रविरंजन कुमार, कोषाध्यक्ष कुमार दयानंद उर्फ बीरु, राजेश विश्वकर्मा, राखी देवी, आदि निवेशक शामिल थे।

## गेहूं मकई पटवन के लिए नहर में नहीं छोड़ा गया है पानी

**तारापुर की दोनों नहरें पानी बिना है सूखा पड़ा**

- किसानों को सिंचाई के लिए करना पड़ रहा जद्दोजहद का सामना

प्रात: किरण, संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर असरगंज एवं संग्रामपुर प्रखंड के मेहनतकश किसानों को इन दिनों गेहूं, मकई ,के साथ-साथ क्षेत्र के बड़े हिस्सों में लगाए गए गरमा सब्जी की खेती को लेकर नहर में पानी नहीं रहने के कारण सिंचाई के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । किसानों के अनुसार अनुमंडल क्षेत्र में 10 हजार हेक्टेयर ,से अधिक कृषि योग्य भूमि में किसानों ने बड़े ही मेहनत के साथ इस वर्ष गेहूं ,मकई ,दलहन, सहित गरमा सब्जी की खेती किया है । गौरतलब है कि पिछले 10 वर्षों के बाद क्षेत्र में गेहूं मकई एवं दलहन की फसल काफी बेहतर होने की चर्चा छोटे- बड़े किसानों के बीच आम है । किसान सह व्यापार मंडल तारापुर के अध्यक्ष बिहारी लाल कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार, एवं अरुण कुमार सिंह ,इत्यादि ने बताया कि गेहूं की सिंचाई अब तक मात्र एक बार ही लोगों ने किया है। आगे बताया कि गेहूं पकने के पूर्व तक किसानों को दो बार पटवन करना पड़ता है । जबकि सिंचाई प्रमंडल तारापुर ने बदुआ जलाशय के माध्यम से नहर में अब तक पानी नहीं छोड़ा है । इसकी चिंता अभी से ही किसानों को सताने लगा है। इधर क्षेत्र के कई बड़े किसान सह राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया विजय यादव ,कर्मवीर भारती, इत्यादि ने बताया कि बदुआ जलाशय से सिंचाई के लिए समय से नहर में अगर पानी नहीं छोड़ा गया तो इसका बुरा असर फसल पर पड़ना तय है। किसानों के बीच यह भी चिंता है कि अगर समय से सिंचाई नहीं हुई तो फसल पर विभिन्न तरह की बीमारी का प्रभाव भी पड़ सकता है । इधर सिंचाई प्रमंडल कार्यपालक अभियंता कार्यालय तारापुर से मिली जानकारी के अनुसार रब्बी फसल सिंचाई के लिए जलाशय में पर्याप्त पानी है । बारी - बारी से दोनों ही नहरों में पानी पटवन के लिए छोड़ा जाएगा ।

## जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन में बरती जा रही भारी अनियमितता के कारण प्रभारी प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण

प्रात: किरण संवाददाता

- उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मड़ैया के ग्रामीणों की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने डीईओ को दिये सख्त निर्देश

मड़ैया पंचायत के ग्रामीणों की शिकायतों पर जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मडैया मैं मध्यान भोजन योजना अंतर्गत मीनू के अनुरूप नहीं परोसने,प्रत्येक शुक्रवार को सभी बच्चों को अंडा चावल नहीं देकर निर्धारित मीनू का उल्लंघन करते हुए सब्जी चावल दिया जा रहा है , जिससे स्पष्ट है कि प्रधानाध्यापक द्वारा कार्यों में लापरवाही तथा मध्यान भोजन योजना में अनियमितता बरती जा रही है । इस संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने रविवार 5 जनवरी 2025 को राज शेखर सिंह प्रधानाध्यापक उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मडैया, लक्ष्मीपुर को अपना स्पष्टीकरण जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार के माध्यम से समर्पित करने का निर्देश दिया गया कि, क्यों नहीं इस कृत्य के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए । जिला पदाधिकारी महोदया ने स्पष्टीकरण पर अंतिम आदेश पारित होने तक उनके वेतन/मानदेय की निकासी स्थगित करने का निर्देश दिया गया ।

## रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा समिति का बैठक आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कार्यालय जमालपुर में रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा मुंगेर की बैठक मोर्चा के संयोजक सह जिला सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तय मुंगेर की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पर मंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संरक्षक नरेश सिंह यादव ने कहा कि भारत सरकार की अपेक्षा के कारण एशिया महादेश का सबसे पुराना रेल कारखाना जमालपुर दिन प्रतिदिन सिमटता जा रहा है। रेल कारखाना जमालपुर में बरसों से नियुक्ति प्रक्रिया बंद है। आउटसोर्सिंग से ठेकेदारी प्रथा के तहत कार्य कराने के कारण नई बहाली नहीं हो रही है। जबकि जमालपुर रेल कारखाना से प्रशिक्षित हजारों बेरोजगार युवक काम के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए पर मंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की अपेक्षा एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण मुंगेर जिला का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। अतः प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर की ओर से मकरस्क्रान्ति के वाद मुंगेर विश्वविद्यालय का भवन निर्माण जिला मुख्यालय के आसपास कराने, पूर्वांचल के रोगियों के बेहतर चिकित्सा के लिए मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना, जमालपुर रेल कारखाना की विकास, जमालपुर रेल विश्वविद्यालय कि शीघ्र स्थापना सहित अन्य मांगों को लेकर एक विशाल धरना का आयोजन किया जाएगा जिसमें आप सभी साथियों की भागीदारी के लिए निमंत्रण देने के लिए मैं आया हूं। बैठक को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जमालपुर अंचल सचिव मुरारी प्रसाद, जमालपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर फैयाज, सखी चंद मंडल, राजेंद्र प्रसाद यादव, अर्जुन बिहारी, धीरेंद्र प्रसाद, बालमुकुंद शर्मा ने भी संबोधित किया।

## हरिमोहन सिंह स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व एक्सक्यूटिव डायरेक्टर के हाथों महाराष्ट्र में हुए सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। बैटल स्पोर्ट्स डांस फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैटल स्पोर्ट्स डांस एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के नेतृत्व में 3 से 5 जनवरी 2025 को शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित 10 वीं बैटल स्पोर्ट्स डांस चैंपियनशिप -2024-25 के दौरान कला - संस्कृति एवं डांस स्पोर्ट्स को बिहार में बढ़ावा देने के लिए बैटल स्पोर्ट्स डांस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव सह जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के फाउंडर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरिमोहन सिंह को भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, साईं सेंटर) की पूर्व एक्सक्यूटिव डायरेक्टर अर्जुन अवॉर्डी रचना गोविल( चीफ पेट्रोन) , बैटल स्पोर्ट्स डांस फेडरेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर व नेशनल प्रेसिडेंट चेतन पगवाड़ , चेयरमैन बी. के .पंत , टेक्निकल हेड आनंद रागवन-के.सी.पंत ने संयुक्त रूप से प्रतीक चिन्ह मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि ये बैटल स्पोर्ट्स डांस खेल जो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ,एशियन बैटल स्पोर्ट्स डांस फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है एवं इसका डेमोस्ट्रेशन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल भारत सरकार द्वारा आयोजित जनजातीय खेल महोत्सव 2023 ट्रीबल खेलों इंडिया में हो चुका है । ज्ञात हो कि हरिमोहन सिंह पिछले आठ वर्षों से लगातार निस्वार्थ भाव से महिला व दिव्यांग खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं । ये वर्तमान में बिहार स्टेट बैटल स्पोर्ट्स डांस एसोसिएशन के महासचिव एवं मुंगेर जिला एसोसियेशन ऑफ पीडब्ल्यूडी के प्रेसिडेंट , मुंगेर योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव, मुंगेर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सेक्रेट्री हैं एवं कई संस्थाओं से जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास के लिए निस्वार्थ सेवा भाव से लगातार कार्य कर रहे हैं । इसके लिए पूर्व में भी वो बिहार के मुख्यमंत्री , उप मुख्यमंत्री, खेलमंत्री , विधि कानून मंत्री , पर्यटन मंत्री , समाज कल्याण मंत्री , स्वास्थ्य मंत्री,ग्रामीण कार्य मंत्री आदि सहित देश के विभिन्न राज्यों में आठ राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं।

## जिलाधिकारी ने जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं नीजि शैक्षणिक संस्थानों को 11 जनवरी तक बंद करने का दिया निर्देश

**प्रथम वर्ग से पंचमी क्लास के बच्चों को छुट्टी देते हुए शेष वर्ग कक्ष पूर्ववत चलेंगे**

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले में जारी कड़ाके के ठंड के कारण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने 11 जनवरी तक प्राईमरी स्कूल को बन्द करने का निर्देश जारी किया है। मौसम एवं कम तापमान विशेष रूप से सुबह और शाम के समय जारी है जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है । इसे लेकर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, भा० प्र० से० द्वारा धारा 163 भा०ना०सु० सं० के तहत जमुई जिला के सभी सरकारी विद्यालयों(प्री-स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रो सहित ) निजी विद्यालयों/ निजी कोचिंग संस्थानों में वर्ग 05 तक शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक 11 जनवरी तक प्रतिबंध लगा दिया है। वर्ग 06 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के बीच पर्याप्त सावधानी के साथ जारी रहेगी।

मिशन 10 तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा । यह आदेश दिनांक 6 जनवरी से लागू होगा एवं दिनांक 11 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा।

सम्पादकीय

## भाजपा का डॉ.आम्बेडकर के बाद महिलाओं पर हमला

अगर लगा कि बिधूड़ी की प्रियंका गांधी के खिलाफ इस निम्नतम स्तर की टिप्पणी से भाजपा कालकाजी में मुकाबले से बाहर हो जाएगी तो उनकी उम्मीदवारी छीनी भी जा सकती है। अभी तक माना जा रहा था कि कालकाजी में मुकाबला ओपन है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार मुख्यमंत्री हैं। इसलिए टक्कर उन्हीं से होगी। लेकिन किस की होगी भाजपा की या कांग्रेस की यह संशय था। दिल्ली का विधानसभा चुनाव किस घटिया स्तर पर जाएगा यह भाजपा के कालका जी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार रमेश बिधुड़ी ने बता दिया। शनिवार को टिकट मिलते ही उन्होंने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी पर जो शर्मनाक टिप्पणी की वह बता रही है कि इस चुनाव में फिर भाजपा रामजादे हरामजादे और गोली मारो सालों को, के स्तर पर ले जा रही है। भाजपा उपयोग करती है मगर फिर फेंक देती है। संसद में अपशब्द कहने वाले रमेश बिधूड़ी की टिकट लोकसभा में काट दी थी, अब दिल्ली विधानसभा में दी है। ऐसे ही सोनिया गांधी माफी मांगों कहने वाली स्मृति ईरानी आज कहीं नहीं दिखतीं। चुनाव हारना कोई वजह नहीं होती। उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी विधानसभा चुनाव हारे थे मगर भाजपा ने फिर भी मुख्यमंत्री बनाया। मगर स्मृति ईरानी जो दस साल तक लगातार नंबर टू नंबर थ्री कभी-कभी तो नंबर एक जैसा व्यवहार करने वाली मंत्री रहीं आज कहीं नहीं हैं। बहुत सारे नाम हैं। उमा भारती, विनय कटियार और इनकी क्या बात करें भाजपा संगठन के सबसे बड़े नेता आडवानी को एक मिनट में किनारे कर दिया गया था। मुरली मनोहर जोशी, तोगड़िया बहुत सारे नाम हैं। तो अगर लगा कि बिधूड़ी की प्रियंका गांधी के खिलाफ इस निम्नतम स्तर की टिप्पणी से भाजपा कालकाजी में मुकाबले से बाहर हो जाएगी तो उनकी उम्मीदवारी छीनी भी जा सकती है। अभी तक माना जा रहा था कि कालकाजी में मुकाबला ओपन है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार मुख्यमंत्री हैं। इसलिए टक्कर उन्हीं से होगी। लेकिन किस की होगी भाजपा की या कांग्रेस की यह संशय था। मगर अब वहां भाजपा ने जिस को टिकट दिया और अगर चुनाव तक वहीं रहा तो निश्चित रूप से ही कांग्रेस की उम्मीदवार अलका लांबा जो वहां से चुनाव लड़ने से बचना चाह रही थीं उनका फायदा हो जाएगा। भाजपा अपने आप तीसरे नंबर पर और अगर कोई और निर्दलीय या किसी और पार्टी से कोई बड़ा चेहरा आ या तो फिर और नीचे चली जाएगी। जहां से दो महिलाएं चुनाव लड़ रही हों वहां एक राष्ट्रीय महिला नेता पर इस तरह की शर्मनाक टिप्पणी करने के बाद भाजपा कुल वोटों के आधे वोटों, महिला वोटों से तो वैसे ही वंचित रह जाएगी। महिलाएं ऐसे आदमी को कैसे वोट दे सकती हैं जो महिलाओं पर ऐसी घटिया टिप्पणी करे। और यह असर केवल कालकाजी विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर इसका असर होगा। संभव है भाजपा रमेश बिधूड़ी की वहां से उम्मीदवारी वापस ले ले और किसी महिला को वहां से टिकट दे दे। जो भी हो रमेश बिधूड़ी की राजनीति यहां से खत्म हो जाएगी। लोकसभा में गालियां देने के बाद दुनिया भर में उन्होंने भारत की संसदीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर दी थी। नतीजा भाजपा को उनका लोकसभा का टिकट काटना पड़ा। लोकसभा हारने वाले को तो विधानसभा का टिकट दिया जाता है मगर लोकसभा का टिकट गलत व्यवहार के कारण काटने वाले को विधानसभा का नहीं। भाजपा लोकनिंदा से तो डरती है। मगर अंदर खाने ऐसे लोगों को बढ़ावा देती है। इसलिए विधानसभा दे दिया। लेकिन टिकट मिलने वाले दिन ही बिधूड़ी ने फिर गुल खिला दिया। भाजपा के नेताओं को इस बात का भी डर लगता है कि दूसरी पार्टियों की महिला नेता के बारे में टिप्पणी करने की कभी प्रतिक्रिया भी हो सकती है। कोई वहां से उनके यहां के मामलों पर भी टिप्पणी कर सकता है। अभी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले तक मोदीजी और पार्टी की स्थिति मजबूत थी। अगर कोई कुछ कहता तो उसका असर नहीं होता। व्यक्ति और पार्टी जब शिखर पर होते हैं। चढ़ता सूरज होते हैं तो आलोचनाएं चिपकती नहीं हैं। उलटे बूमरेंग कर जाती हैं। मणिशंकर अय्यर को सस्पेंड होना पड़ा था। मगर अब 240 पर रुकने के बाद मोदी जी और बीजेपी की वह आलोचनाओं से परे स्थिति नहीं है। अब अगर सवाल होंगे तो वह जवाब मांगेंगे। इसलिए बहुत संभव है कि विधानसभा लड़ने हारने से पहले ही बिधूड़ी की राजनीति खत्म हो जाए।

## पत्रकार की हत्या से उठते सवाल

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में कार्यरत पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की नृशंस हत्या से एक ओर तो राज्य सहित पूरा देश स्तब्ध है, तो वहीं इस घटना ने फिर से साबित कर दिया है कि भारत में पत्रकारिता एक जोखिम भरा पेशा हो गया है। अपने पेशे के प्रति बेहद ईमानदार तथा संवेदनशील मुकेश पहली जनवरी की शाम को एक फोन आने के बाद घर से निकले तथा अगली शाम तक वे लापता रहे। चिंतित परिजनों तथा साथी पत्रकारों ने उनकी खोज-बीन शुरू की। समझा जाता है कि उन्हें बीजापुर के ही एक बड़े ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर के परिवार के किसी सदस्य का उन्हें फोन आया था जो मुकेश से मिलने के इच्छुक थे। कुछ ही दिन पहले मुकेश ने अपने यूट्यूब चैनल पर सुरेश चन्द्राकर द्वारा बनवाई जा रही मिरतूर-गंगालूर सड़क में कथित भ्रष्टाचार को लेकर विस्फोटक खबर चलाई थी। अनुमान लग रहे हैं कि इसके चलते मुकेश की हत्या की गयी है। उनका शव 3 जनवरी की शाम को चन्द्राकर के परिसर में बने बैडमिंटन कोर्ट के नीचे सेप्टिक टैंक में मिला। यह भी बताया जाता है कि पुलिस इस टैंक को तोड़ने के पक्ष में नहीं थी लेकिन अन्य पत्रकारों के जोर देने पर उसे तोड़ा गया। इस सिलसिले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दुनिया भर में लड़ाइयों, गृह युद्धों, आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में पत्रकार अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए प्राण गंवाते हैं। वैसे ही अब भारत में पूंजीपतियों व कारोबारियों के खिलाफ लिखना भी खतरनाक हो गया है। यदि ऐसे धन्ना सेठों का गठजोड़ राजनेताओं से, विशेषकर सत्ता पक्ष से है तो समझिये कि उनके खिलाफ या उनके व्यवसायिक हितों पर चोट करने वाली कोई भी खबर लिखनी या दिखानी खुद को संकट में डालने जैसा हो गया है। हाल के वर्षों में एक तरह से व्यवसायियों और नेताओं के बीच अघोषित सी संधि बनी हुई है जिसके अंतर्गत दोनों पक्ष परस्पर हितों का संरक्षण करते हैं। कारोबारी सियासतदानों को चुनाव के वक्त और जरूरी मौकों पर आर्थिक मदद देते हैं। इसके बदले में नेता यदि सत्ता में हों तो उनके व्यापार को संरक्षण देने और उनके मार्ग में आने वाले अवरोधों को खत्म करने का काम करते हैं।विपक्ष में रहकर भी राजनीतिक व्यक्ति व दल अन्य तरीकों से उनकी मदद करते हैं। इनमें प्रमुख तो यही है कि विरोधी दल उन्हें बख्श दें। यानी उनके कामों पर उंगलियां न उठायें। बहरहाल, नये भारत में, यानी 2014 के बाद से सत्ता पक्ष और अखबारनवीसी के रिश्ते भी बदले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से संवाद के तरीकों में कुछ ऐसा परिवर्तन किया है कि उसमें मीडिया को अनिवार्यतः सत्ता पक्ष का एक तरह से सक्रिय सहयोगी बना दिया गया है। यहां सत्ताधारी दल से तात्पर्य भारतीय जनता पार्टी से है। उसने प्रकारान्तर से मीडिया पर पूर्णतः अधिकार सा कर लिया है। मीडिया सत्ता ही नहीं, भाजपा की भाषा बोलने में भी पारंगत हो गया है। सरकार के नजदीकी व्यवसाय समूहों ने मीडिया को खरीदकर खुद और सत्ता की सेवा के काम में लगा रखा है। स्वाभाविक है कि इसका उद्देश्य विरोध के स्वर को खत्म करना है, फिर चाहे वह सरकार का विरोध हो या फिर कारोबारियों का। मुख्यधारा का मीडिया आज ज्यादातर इन दो समूहों के एजेंडे को पूरा करने में व्यस्त है- सरकार व सत्ता पक्ष के राजनीतिक एजेंडे तथा कारोबारियों के व्यवसायिक हितों को संरक्षित और संवर्धित करने के। पूरी दुनिया की ही तरह भारत में एक समांतर मीडिया भी खड़ा हो गया है जो किसी के एजेंडे को चलाने या उस पर चलने के बजाये स्वतंत्र चेतना व विवेक रखता है, लेकिन उसे एक बड़ी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। फिर वह कोई समूह हो या पत्रकार। मुकेश पत्रकारिता की उसी धारा के तहत काम करते थे। कुछ मीडिया समूहों में काम करने के बाद उन्होंने अपना स्वतंत्र प्लेटफॉर्म बनाया तथा बस्तर के बुनियादी मुद्दों से वे जूझ रहे थे। माओवाद की भीतरी कंदराओं से लेकर विकास के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार, कारोबारियों को बचाने वाले तत्वों तथा ऐसा हर वह मसला उनकी पत्रकारिता का विषय था जिसका सरोकार आमजन से है।

# सुधार के बावजूद संकटों से घिरा भारतीय विमानन क्षेत्र

**विमानन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिये सरकार को विमानन नीति में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है। विमानन क्षेत्र में दीर्घकालीन ढाँचागत सुधार किये बिना कुछ हासिल नहीं हो सकता। इसके लिये सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, बैंकों और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा ऐसे कदम उठाना आवश्यक है जिनसे विमानन कंपनियाँ घाटे के दुष्चक्र से बाहर निकल सकें। उड़ान योजना ने सब्सिडी और प्रोत्साहन के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई यात्रा को सुलभ बनाया। बार-बार होने वाली विमानन सुरक्षा घटनाओं की चुनौतियों में रनवे भ्रम सबसे पहले है। पायलटों को अक्सर टैक्सीवे और रनवे के बीच अंतर करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे गलत सतहों पर टेकऑफ या लैंडिंग होती है।**





**प्रियंका सौरभ**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )

भारत का विमानन क्षेत्र, जो वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के तहत एक मजबूत नियामक ढांचे के बावजूद, कोझीकोड (2020) में एयर इंडिया एक्सप्रेस दुर्घटना जैसी बार-बार होने वाली घटनाएँ विमानन सुरक्षा में प्रणालीगत चुनौतियों को उजागर करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और यात्रियों का भरोसा सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। चिंतनीय स्थिति यह है कि अभी चाहे इंडिगो, स्पाइसजेट और गोएयर जैसी प्राइवेट कंपनियाँ हों या एयर इंडिया जैसी सरकारी कंपनी, लगभग सभी एयरलाइंस वित्तीय मोर्चे पर लगातार संघर्ष कर रही हैं। बोइंग 737 मैक्स विमानों को परिचालन से हटा दिये जाने के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। भारतीय विमानन बाजार में विमान किराए तेजी से बढ़ रहे हैं। इस कारण मध्यम वर्ग के यात्री जो इकोनॉमी क्लास में यात्रा करते थे, वे अब ट्रेन से यात्रा को तरजीह दे रहे हैं। भारत का विमानन बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है, जिसमें हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है। दिल्ली के टर्मिनल 3 और बैंगलोर के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे आधुनिक हवाई अड्डों का निर्माण मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास को दर्शाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ऑपरेटरों और विमानों के लिए सुरक्षा अनुपालन और प्रमाणन सुनिश्चित करता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की वार्षिक सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट एयरलाइनों और हवाई अड्डों के परिचालन मानकों का मूल्यांकन करती है। भारत अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन अनुलग्नक 13 पर हस्ताक्षरकर्ता है, जो दुर्घटनाओं की जांच और वैश्विक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करता है। कोझिकोड दुर्घटना (2020) के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन-अनुरूप सुरक्षा ऑडिट किया और सुधारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रमुख भारतीय वाहकों ने सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाले आधुनिक विमानों को अपनाते हुए अपने बेड़े का विस्तार किया है। इंडिगो एयरलाइंस एयरबस ए320नियो का संचालन करती है, जो ईंधन दक्षता और सुरक्षा उन्नयन के लिए जानी जाती है। 2016 की राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति विकास, क्षेत्रीय संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उड़ान योजना ने सब्सिडी और प्रोत्साहन के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई यात्रा को सुलभ बनाया। बार-बार होने वाली विमानन सुरक्षा घटनाओं की चुनौतियों में रनवे भ्रम सबसे पहले है। पायलटों को अक्सर टैक्सीवे और रनवे के बीच अंतर करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे गलत सतहों पर टेकऑफ या लैंडिंग होती है। मोपा घटना (2024) और सुलूर एयर बेस घटना (1993) बार-बार होने वाले रनवे भ्रम को उजागर करती हैं। उड़ान और ड्यूटी समय विनियमों के अपर्याप्त कार्यान्वयन से चालक दल थक जाता है, जिससे निर्णय लेने और परिचालन सुरक्षा से समझौता होता है। कोझिकोड दुर्घटना में पायलट थका हुआ था, जिसके कारण कैप्टन पर बाद की उड़ानों को संचालित करने का दबाव था। एयरलाइंस रनवे मार्किंग और एप्रोच प्रोटोकॉल पर पर्याप्त पायलट प्रशिक्षण प्रदान करने में विफल रही, जिसके कारण बार-बार गलतियाँ हुईं। स्पाइसजेट विमान (2020) को रनवे एप्रोच तकनीकों के अनुचित ज्ञान के कारण कठिन लैंडिंग का सामना करना पड़ा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के ऑडिट अक्सर हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और संचालन में महत्त्वपूर्ण सुरक्षा अंतराल की पहचान करने या उन्हें सम्बोधित करने में विफल रहते हैं। मुंबई (2019) और हुबली (2015) जैसे हवाई अड्डों पर ओवररन अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप हुए। ऑन-टाइम परफॉरमेंस पर अत्यधिक जोर पायलटों को सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए जोखिम भरे निर्णय लेने के लिए मजबूर करता है। मंगलुरु दुर्घटना (2010) दबाव के कारण हुई, जिसमें पायलट ने गो-अराउंड चेतावनियों को खारिज कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित करने के लिए व्यापक सुधार पायलट प्रशिक्षण में वृद्धि, एयरलाइंस को रनवे भ्रम और स्थिर दृष्टिकोण जैसे परिदृश्यों के लिए सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण में सुधार करना चाहिए। सिंगापुर एयरलाइंस ने ताइवान दुर्घटना (2000) के बाद पायलट प्रशिक्षण को संशोधित किया, ताकि इसी तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। चालक दल की ड्यूटी सीमा के लिए वैश्विक मानकों को लागू करें और बिना किसी समझौते के अनुपालन को लागू करें। यू.एस. संघीय उड्डयन प्रशासन ने उड़ान चालक दल के लिए सख्त विश्राम अवधि अनिवार्य की है, जिससे थकान से होने वाली गलतियाँ कम होती हैं। पारदर्शिता और सीखने को सुनिश्चित करने के लिए दुर्घटना की जाँच के लिए एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना करें। यू.एस. में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमानन घटनाओं की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करता है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठनमानकों को पूरा करने के लिए रनवे मार्किंग, नेविगेशन एड्स और लाइटिंग सिस्टम सहित हवाई अड्डे के बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करें। सिंगापुर और दुबई में आधुनिक हवाई अड्डे (इंजीनियर्ड मैटेरियल अरेस्टिंग सिस्टम) जैसी उन्नत प्रणालियों के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। पायलटों को दोष देने से हटकर न्यायपूर्ण संस्कृति को बढ़ावा देना, प्रतिशोध के डर के बिना त्रुटि रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करना। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की वैश्विक विमानन सुरक्षा योजना एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में सुरक्षा संस्कृति पर जोर देती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमानन सुरक्षा वैश्विक मानकों के अनुरूप हो, भारत को एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, नियामक निरीक्षण को बढ़ाना, उन्नत तकनीक में निवेश करना और कौशल विकास को प्राथमिकता देना, घटना रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करना, सुरक्षा-प्रथम संस्कृति का निर्माण करना और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ सहयोग करना इस क्षेत्र को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाएगा, यात्रियों का विश्वास, परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करेगा और वैश्विक विमानन सुरक्षा मानकों में भारत का नेतृत्व सुनिश्चित करेगा।

# नेताओं का सॉफ्ट टारगेट क्यों होती हैं महिलाएं ?

**भाजपा तो छोड़िये, भाजपा को बनाने वाला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पिछले सौ साल में एक भी महिला को संघ का सर संघ चालक नहीं बना पाया, क्योंकि भाजपा की सनातन सियासी संस्कृति में -नारी सर्वत्र वर्जते सिखाया जाता है। मनु स्मृति की शिक्षा -यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः रमेश बिधूड़ियों को नहीं दी जाती। ये सिर्फ एक नारा है जो मंचों से लगाया जाता है। अन्यथा सभी दल और सभी दलों के नेता नारी को द्रोपदी समझते है। सभी में द्रोपदी के चीरहरण की होड़ लगी है।**





**राकेश अचल**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

दुनिया की राजनीति में महिलाएं ही सॉफ्ट टारगेट क्यों होती हैं? इस यक्ष प्रश्न का उत्तर कोई दे नहीं पाया है, यहां तक कि खुद महिलाएं भी। महिलाएं नेताओं की बदजुबानी का रोज शिकार बनतीं हैं लेकिन वे इसका प्रतिरोध नहीं कर पातीं क्योंकि महिलाएं भी एकजुट नहीं हैं। उनका इस्तेमाल शो पीस से ज्यादा नहीं है। इस मामले में भारत के तमाम राजनीतिक दल एक से बढ़कर एक हैं। आजकल देश की सबसे ज्यादा संस्कारवान पार्टी महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने में सबसे आगे हैं। महिलाओं के सम्मान और अपमान के बारे में सभी राजनीतिक दल समाजवादी हैं, यानि उनकी धारणा लगभग एक जैसी है। जो बात बरसों पहले आरजेडी के लालू प्रसाद यादव ने कही थी वो ही बात आज भाजपा के महाभद्र नेता रमेश बिधूड़ी ने कही है, इसलिए मुझे न कोई हैरानी हुई और न रंज। लालू प्रसाद यादव ने पटना की सड़कों को भाजपा सांसद और स्वप्न सुंदरी रह चुकी हेमामालिनी के गालों जैसा बनाने की बात कही थी । रमेश बिधूड़ी ने इसी काम के लिए प्रियंका वाड्रा का इस्तेमाल किया है। बिधूड़ी ने कहा कि यदि भाजपा दिल्ली विधानसभा के चुनावों में सत्ता में आयी तो काका जी की सड़कों को प्रियंका के गलों जैसा खूबसूरत बना देगी। अब ये बात अलग है कि क्या नौ मन तेल होगा और क्या राधा नाचेगी? रमेश बिधूड़ी को आपने संसद में सुभाषित भाषा में भाषण देते सुना ही होगा, उन्होंने बसपा सांसदडेनिश अली को क्या कह कर अपमानित किया था? वो शायद ही कोई भूला हो। रमेश बिधूड़ी अनाड़ी नहीं हैं। पढ़े-लिखे हैं। स्नातक हैं, विधि स्नातक भी हैं, तीन बच्चों के बाप हैं और तीन बार के विधायक भी। सांसद तो हैं ही इसलिए उनके अनुभव पर मै क्या, कोई भी ऊँगली नहीं उठा सकता। उन्होंने दिल्ली विश्व विद्यालय और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से कौन सी भाषा सीखी है इसका प्रमाण देने की भी जरूरत नहीं है। कांग्रेस स्वाभाविक रूप से बिधूड़ी के ब्यान पर उखड़ी हुई है किन्तु मुझे बिधूड़ी पर दया आती है। दया आती है भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर जो बिधूड़ी को झेल रही है, हालाँकि भाजपा ही वो पार्टी है जो लोकसभा में नारी शक्ति बंदन विधेयक लाती है। देश की सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसीं बनें या प्रियंका के गलों जैसीं, इसका निर्धारण तो भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर सकते है। प्रदेशों में ये काम लोक निर्माण मंत्रियों का है लेकिन इस बारे में कभी किसी सरकार ने कोई नीति निर्धरित नहीं की है, इसलिए मुझे संदेह है कि रमेश बिधूड़ी का सपना पूरा होगा। लालू यादव का सपना पूरा नहीं हुआ। देश की और डबल इंजिन की कोई भी सरकार सड़कों को किसी हीरोइन या नेता के गालों जैसा बनवा ही नहीं सकती। क्योंकि ये असम्भव काम है। सड़कों की तुलना महिलाओं के गालों से करने वाले महिलाओं का कितना सम्मान और बंदना करते हैं ये बताने की जरूरत नहीं। महिलाओं को लेकर हमारे भाग्यविधाताओं के क्या ख्याल हैं ये जानना हो तो अतीत को खंगालिए । कोई महिलाओं को एक करोड़ की बार वाला कहता है तो कोई जर्सी गाय। कोई राक्षसी कहता है तो कोई कुछ और। कांग्रेस के जमाने में महिलाओं को तंदूरी रोटी की तरह जला दिया गया था तो भाजपा के राज में वे हनी ट्रेप के लिए इस्तेमाल की गयीं। महिलाओं को लेकर कबूतरबाजी करने वाले हमारे देश के ही संसद हैं। महिलाओं को अग्नि के सामने सात फेरे लेकर जिंदगी भर भटकने के लिए छोड़ देने वाले नेता भी हमारे अपने देश के हैं, वे इंग्लैंड या अमेरिका से नहीं आये।

हकीकत ये है कि एक तो महिलाएं राजनीति में अल्पसंख्यक हैं दूसरे उनका कोई माई-बाप नहीं है। कांग्रेस में श्रीमती इंदिरा गाँधी कैसे प्रधानमंत्री बन गयीं ये हैरानी का विषय है लेकिन किसी दूसरे राजनीतिक दल ने भले ही वो दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल ही क्यों न हो किसी महिला को न प्रधानमंत्री बनने दिया और और न अपनी पार्टी का अध्यक्ष । बहन मायावती और बहन ममता बनर्जी इसका अपवाद हैं क्योंकि वे स्वयंभू है। वे अपने दलों की सुप्रीमो हैं, ये भी दूसरे दलों के नेताओं को नहीं पचता। भाजपा तो हाथ धोकर इन दोनों बहनों को मिटटी में मिलने की कोशिश कर रहीं हैं। मेरा मूल प्रश्न था कि भारत में महिलाएं राजनीति के क्षेत्र में सॉफ्ट टारगेट क्यों हैं? इसका उत्तर खोजिये। मिल जाये तो मुझे भी बताइये, क्योंकि मेरी तो कुछ समझ में नहीं आ रहा। मुझे कोई महिला नेत्री भी इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे रही। राजनीति में महिलाएं पहले भी खिलौना थीं और आज भी खिलौना ही है। मुमकिन है कि मेरे इस आलेख के बाद तमाम नारीवादी छद्म नेता, लेखक, पत्रकार मेरे ऊपर राशन-पानी लेकर पिल पड़ें , लेकिन मै अपनी धारणा बदलने वाला नहीं हूं, क्योंकि मुझे हर राजनीतिक दल में एक न एक बिधूड़ी नजर आ रहा है। किसी दल में ये संख्या कम है तो किसी में ज्यादा। महिलाओं का सम्मान करते हुए जेल यात्रा कर चुके अमरमणि त्रिपाठीआज किस दल में हैं आप खुद पता लगाइये। महिलाओं के सम्मान के बारे में भाजपा कांग्रेस की नकल करने में नहीं हिचकती । कांग्रेस ने एक महिला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया था सो भाजपा ने भी बना दिय। कांग्रेस ने एक महिला को राष्ट्रपति बनाया था सो भाजपा ने भी बना दिया। लेकिन भाजपा किसी महिला को प्रधानमंत्री नहीं बना पा रही । किसी को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना पा रही ।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और रोजगार के क्षेत्र में होगी परिवर्तन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

वर्ष 2025 में आम जनता को सरकार के माध्यम से ज्यादातर सरकारी लाभ मिल सके इसके लिए सरकार कई तरह की योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है और इसे तकनीकी युग का पुनर्जागरण वर्ष मानेगी। सरकार आम लोगों सुख सुविधाओं के साधन के साथ साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, और रोजगार के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन करेगी। सरकार जीरो कोलैटरल यानि बिना गारंटी के 20 लाख रुपए तक का होम लोन देने की योजना तैयार कर रही है। वहीं शहरी आवास के लिए सस्ती दरों पर लोन की सुविधा के लिए ब्याज सब्सिडी योजना लाने पर भी विचार कर रही है, जिसकी घोषणा वर्ष 2024 के आम बजट में की गई थी। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार उच्च शिक्षा का वैश्वीकरण की दिशा में भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक भागीदारी बढ़ाने और दोहरी डिग्री कार्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है, ऐसा करने से भारतीय शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। वहीं कौशल आधारित शिक्षा से उद्योगों की मांग के अनुरूप पाठक्रमों पर जोड़ होगा, जिससे ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और प्रमाण पत्र जैसे कोर्स में बदलाव करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सरकार पढ़ाने और पढ़ने में तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर देगी ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल क्लासरूम औन इंटरेक्टिव सामग्री से पढ़ाई के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान रखा जा सके। सरकार हाइब्रिड लर्निंग को अपनाने पर जोर देगी, जिससे शिक्षार्थियों की सुविधा और ग्रामीण एव कस्बाई छात्रों तक संसाधनों के इस्तेमाल से शिक्षा की सुलभता मिलेगी। सरकार अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए वैश्विक रैंकिंग को बढ़ाने हेतु शोध पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित करेगी और नवाचार केन्द्रों की स्थापना और शोध के लिए बजट बढ़ाकर देश को ज्ञान केन्द्र बनाने का प्रयास करेगी। सरकार का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की भावनाओं को समझने में सक्षम हो सकता है। इससे एलेक्सा, सिरी जैसे वॉयस असिस्टेंट सिर्फ आदेश का पालन नहीं करेंगे, बल्कि इंसानों के सुख, दुख, गुस्से को भी समझेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ऐसे अंग विकसित हो सकेंगे जो इंसानी अंगों की तरह ही काम करेंगे। इतना ही नहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के संकेतों को समझ कर भी काम कर सकेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बगैर इंटरनेट के चैटबॉट्स आ सकते हैं, जो इंटरनेट नहीं होने पर भी काम करेंगा, जिससे टिकट बुकिंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट, कचरा प्रबंधन, बिजली सप्लाई और रूटीन काम हो सकेगा। वहीं, इसके सहयोग से सुविधाजनक रेल यात्रा भी होगी। सरकार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परिचालन इस वर्ष शुरू करेगी और नमो भारत रैपिड रेल (वंदे मेट्रो), अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेने और 136 बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेने भी शुरू करेगी। सूत्रों की माने तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तीन नई घरेलु उड़ान सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है,इसके लिए तीन नई घरेलू विमानन कम्पनियों के जहाज उड़ान भरेंगे, इसके लिए एयरकेरला और अलहिंद एयर के साथ यूपी की शंख एयर को मंत्रालय से एनओसी मिल चुका है। सरकार घर का सपना पूरा करने के लिए पांच लाख से ज्यादा नए मकान बनाने पर विचार कर रही है। इनमें से 50 फीसदी से अधिक लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट होंगे, जिनकी कीमत कम से कम एक करोड़ रुपए होगी। मकान की कीमतें 10 फीसदी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं सरकार पीएम आवास योजना के तहत 60 लाख से अधिक मकानों का निर्माण करा सकती है। पीएम आवास योजना के तहत इस वर्ष केन्द्र सरकार ने अगले पांच वर्ष में शहरी और ग्रामीण इलाकों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकान के निर्माण की मंजूरी दी है। सरकार घर के नक्शा और मॉडल बनाने में बड़े पैमाने पर एआइ को पूरा यूटिलाइज करेगी। सरकारी नौकरियां के लिए केन्द्र सरकार उससे जुड़े संस्थानों में दो लाख और राज्यों के स्तर पर 10 लाख से ज्यादा नौकरियों में भर्ती होगी की रास्ता खोलेगी। रेलवे, सड़क और शहरी आवास की सरकारी योजनाओं में रोजगार के आठ फीसदी अवसर बढ़ेगी। लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन में लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 14% वर्कफोर्स बढने का अनुमान है इसके लिए एआइ सक्षम लॉजिस्टिक्स और ग्रीन सप्लाई चेन में तकनीकी का अक्सर मिलेगा। ई-कॉमर्स और स्टार्ट - अप में उछाल आने की संभावना बढ़ेगी और ई-कॉमर्स फर्मों के कर्मचारियों की 9% बढ़ोतरी हो सकेगी। क्लाउड आर्किटेक्ट, ईआइ उत्पाद प्रबंधक और फुल-स्टैक डेवलपर्स जैसी प्रमुख भूमिकाओं में भर्ती हो सकती है। अक्षय ऊजा और ईवी में रोजगार का मौका मिलेगा। इस क्षेत्र में 12% भर्तियां हो सकती है। इसमें सौर ऊर्जा परियोजनाओं, स्मार्ट ग्रिड विकास और इवी बुनियादी ढांचे के विकास में अवसर मिल सकता है। यात्रा और आतिथ्य में मिलेंगे अवसर। इस क्षेत्र में 8.2% की वृद्धि होने की संभावना है। कंपनियों में प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन और आइटी से जुड़े लोगों के लिए रोजगार के मौके मिलेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गहना सहित नकद रुपयों पर चोरों ने किया हाथ साफ

प्रातः किरण, संवाददाता

खैरा। खैरा थाना क्षेत्र के बाड़ी धोबवाल गांव में गत रात्रि चोरों ने घर में घुसकर गहने एवं नकदी रुपए पर अपनी हाथ साफ की। इस चोरी की घटना का आवेदन बाड़ी धोबवल गांव निवासी जगनारायण यादव के पुत्र चंचल कुमार ने खैरा थाना को लिखित आवेदन देकर सूचित किया है कि रात्रि में उनके घर में अज्ञात चोरों के द्वारा करीब 50000 के गहने एवं 12000 नकद चोरी कर लिए गए हैं। वहीं इस बाबत खैरा थाना अध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने साढ़े नौ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया

बनियापुर। पुलिस ने गस्ती के क्रम मे गुप्त सूचना पर लौवा कला गाव से साढ़े नौ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस पदाधिकारी तरुण कुमार के ब्यान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि गश्ती के क्रम मे गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लौवा कला मे चौरा बाबा स्थान के पास शराब रखा हुआ है ,जहा पहुंचने पर तलाशी के बाद एक कार्टून मे तथा थैला मे कुल साढ़े नौ लीटर शराब बरामद हुआ,वही किसी बिक्रेता की पहचान नही हों सकी ,जिसके बाद अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### सारण पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में 21 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री / भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक-05.01.2025 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-11, शराब सेवन-04, हत्या के प्रयास में-01, वारंट में-04 एवं अन्य में-01 अभियुक्त शामिल हैं।जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-37 वाहन से 1,04,000 रु0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-325 ली0, ट्रैक्टर-02, एवं अपहृता-02 बरामद किया गया है।

### मढ़ौरा के एएनएम स्कूल के प्राचार्या व उनके पति पर प्राथमिकी दर्ज

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के धरहरा खुर्द पंचायत की सरपंच किरण देवी ने थाना में एक लिखित आवेदन कर मढ़ौरा के ए एन एम स्कूल के प्राचार्या व उनके पति के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।इनका आरोप है कि मेरा पुत्र उस कॉलेज में काम करता था।नौकरी स्थायी कराने के नाम पर लाखों रुपया लिया गया।मांगने पर पुरा परिवार को धमकी दी जाती है।मैं घर मे अकेली थी।कोई पुरुष नही था।शैलवी के साथ उनके पति धरहरा कला गांव पहुँच घर मे घुस गए जबरदस्ती करने की कोशिश किया गया।मारपीट की गई।धमकी दी गई कि पैसा मांगने पर पूरा परिवार को फंसाने की बात कही गई।इस मामले में पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### युवती की अपहरण करने की आशंका की शिकायत

मकेर ( सारण)। थाना क्षेत्र के चांद पट्टी ठहरा ग्राम निवासी रामप्रसाद शर्मा ने मकेर थाना में एक तहरीर दी है जिसमे उन्होंने बताया है कि मेरी पुत्री शाम में शौक करने बाहर गयी हुई थी ,शौच से आने के बाद खाना खाकर सो गयी ,बाद में देखा तो वह अपनी बेड से गायब है ,आसपड़ोस से पूछताछ करने के उपरांत थक हार कर थाना से अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।पुलिस ने आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुट गई है ।

### सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत ,दूसरे साथी की स्थिति नाजुक

एकमा। अपने फुवा के घर बर्थडे पार्टी में जा रहे हैं दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर 2 जनवरी चनचौरा फुवा के घर जा रहे थे । इसी भी चनचौरा बाजार पर ही एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने जोरदार ठोकर मार कर फरार हो गया इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने घायलों को परिजनों को दिया जहां परिजनों ने दोनो घायलों इलाज हेतु एकमा में निजी क्लीनिक में भर्ती कराई गई । इसके पश्चात स्थिति नाजुक होने पर पटना के रेनबो इमरजेंसी हॉस्पिटल में हेतु भर्ती कराया गया । जिनमें घायलों की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के नैतन गांव निवासी परमेश्वर साह के 24 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार साह तथा एकमा बजार निवासी संजय साह के 25 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार दोनों का इलाज एक ही अस्पताल में चल रही थी । जहां सोमवार के दिन विशाल कुमार साह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ।

# सर्द पछुआ हवा के साथ शीतलहर और घने कोहरे के बीच कड़ाके की ठंड से आम जीवन बेहाल

## पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में सोमवार को दिन भर खिली रही धूप ,लोगों ने राहत ली

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बिहार में सर्द पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है । नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा में भी शीतलहर और घने कोहरे के बीच कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन बेहाल है । हालांकि शहरी क्षेत्र में चयनित दर्जनों स्थलों पर अलाव की व्यवस्था को लेकर दावा किया जा रहा है लेकिन न तो बगहा और ना हीं रामनगर नगर परिषद क्षेत्र में अलाव जलवाये गए हैं तभी तो लोग बेहाल हैं। इस दौरान आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद नगर पालिका परिषद बगहा की एक बड़ी उदासीनता सामने आई है । वहीं पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में सोमवार की सुबह से धूप शाम तक खिली रही जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।दरअसल शहरी क्षेत्र में नगर प्रशासन की तरफ से बगहा के किसी भी चौंक चौराहों समेत सार्वजनिक स्थल पर अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे राहगीरों समेत टेंपो रिक्शा चालक और आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है ।

स्थानीय लोगों का कहना है पश्चिम चम्पारण जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने ठण्ड को लेकर बचाव के सख्त निर्देश दिये हैं, खुद डीएम और एसडीएम समेत सामाजिक संगठनों नें जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया है।बेतिया शहर में लकड़ी से अलाव की व्यवस्था की गई है लेकिन बगहा में कहीं कोई लकड़ी नहीं गिराया गया है, लिहाजा अलाव की व्यवस्था नहीं होने से जनजीवन बेहाल है ।

लोग अब इस ठंड के प्रकोप में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नगर प्रशासन से करने की मांग कर रहें हैं, ताकि कुछ राहत मिले और ठण्ड से बचाव हों सकें । डीएम के आदेश पर भी अब तक बगहा नगर परिषद प्रशासन ने अमल नहीं किया है ।बतादें की अनुमंडल अस्पताल चौक, बैंक चौराहा समेत बस स्टैंड चौक और रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है जहाँ लोग खुद से जुगाड़ कर होटल और अन्य जगहों से लकड़ी मांगकर कूड़े कचरे के सहारे फिलहाल अलाव जलाकर ठण्ड से बचने की कोशिश कर रहें हैं । वहीं पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में भी प्रशासन या ग्रामपंचायत स्तर पर चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं कि गई है। जबकि वाल्मीकिनगर की रात अपने आप मे कनकनी और जानलेवा सितम की सर्द रात के रूप में जानी जाती है।

# गिद्धों की घटती संख्या के बीच वीटीआर से आई सुखद खबर

## भारी संख्या में दिखे गिद्धः वन संरक्षक

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। गिद्धों की घटती संख्या के बीच वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से एक सुखद खबर सामने आई है। बगहा के गोनौली,चिऊटाहां और मदनपुर समेत बिहार यूपी सीमा से सटे कई इलाकों में भारी संख्या में गिद्ध देखने को मिले हैं. बतादें कि साल 2003 के बाद भारत समेत दुनिया भर से गिद्ध विलुप्त होते जा रहे हैं। इन गिद्धों का विलुप्त होना पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है। क्योंकि गिद्ध प्राकृतिक तौर पर शिकारी पक्षी होते हैं और उन्हें स्वच्छता प्रहरी के तौर पर जाना जाता है। गिद्ध को दुनिया में सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है। साथ ही इसकी गिनती बदसूरत पक्षियों में भी होती है।हालांकि ये बदसूरत पक्षी पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कुदरती कला में निपुण है। लिहाजा दुनिया भर में इनकी घटती संख्या चिंता का विषय है और इनको विलुप्त होने से बचाने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग तत्परता से जुटा हुआ है।वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन संरक्षक सह निदेशक डॉ नेशामणि बताते हैं कि वीटीआर के गोनौली,चिऊटाहां और मदनपुर वन क्षेत्र के कई इलाकों में गिद्धों की बहुत अच्छी जनसंख्या देखी गई है। ये इकोसिस्टम के लिए काफी महत्वपूर्ण और उपयोगी हैं, लेकिन जानवरों को डिक्लोफेनाक दवा दिए जाने के कारण इनकी मौत हो रही है।जिन इलाकों में गिद्धों को स्पॉट किया गया है वहां के किसानों और पशुपालकों को अपने जानवरों को डिक्लोफेनाक दवा नहीं खिलाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि गिद्ध एक मुदाखोर पक्षी है जो जंगलों में मृत जानवरों के अवशेषों और सड़े गले मांस को जल्दी से खा जाता है।जिस कारण मृत अवशेषों की दुर्गंध जंगल में नहीं फैलने पाती और इस प्रकार पूरा वातावरण और इकोसिस्टम स्वच्छ बना रहता है।

## भूख मुक्त भारत मिशनः आदिबोध फाउंडेशन और आरसीएल का समृद्ध भारत की ओर कदम

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत के बावजूद, भारत आज भी भूख और कुपोषण जैसे गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। हर साल देश में लगभग 68.8 मिलियन टन भोजन बर्बाद होता है, जिसकी कीमत 7,92,000 करोड़ के करीब है। वहीं, पाँच वर्ष से कम आयु के 33.4 मिलियन बच्चे कुपोषण से जूझ रहे हैं, जिनमें से 17.2 मिलियन गंभीर रूप से प्रभावित हैं। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी ने दिल्ली के कॉन्सटीट्यूशन क्लब मीडिया से बात करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने आगे बताया कि इस के खिलाफ लड़ाई को एक नए आयाम तक पहुंचाने का प्रयास करते हुए आदिबोध फाउंडेशन और रेस्टोरेंट क्रिकेट लीग (आरसीएल) नेभूख मुक्त भारत मिशन का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत देश में अधिशेष भोजन के बेहतर प्रबंधन और वितरण के जरिए भूखमरी को समाप्त करने के लिए प्रयास होगा। मालूम हो कि आरसीएल के मानद अध्यक्ष सारण सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी है। सांसद रुडी ने मिशन की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, भूखमरी और कुपोषण जैसी समस्याओं का समाधान करना हमारे राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूख मुक्त भारत मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन और संयुक्त राष्ट्र के 2030 तक भूख मिटाने के सतत विकास लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है।

## श्री रुद्र यज्ञ की तैयारी जोरो पर

परसा। दरियापुर प्रखंड के सुंदरपुर गांव में ग्रामीणों की सहयोग से नव निर्मित दो मंजिला मंदिर में शिव परिवार तथा भगवान सूर्य का प्रण प्रतिष्ठा करने के उद्देश्य से नौ दिवसीय श्री रुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ आगामी 18 जनवरी को भव्य कलशयात्रा से होंगी।विदेशी बाबा ने बताया कि 19 जनवरी को पंचाग पूजन,20 जनवरी को अधिवास,22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा तथा 27 जनवरी को भंडारा के साथ यज्ञ समापन होंगी।शिव विवाह के लिए भोजपुरी लोक गायक बिजेंद्र गिरी तथा रामा शंकर यादव द्वारा संकीर्तन प्रस्तुति किया जाएगा।यज्ञ के दौरान बनारस के कथावाचक मानस मधुकर जी महाराज द्वारा कथा वचन किया जाएगा।यज्ञ में मनोरंजन के लिए टावर झूला,मौत के कुआं,ब्रेक डांस तैयार किया जा रहा है।

# बिहार में छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना निरंकुश सरकार की निशानी,सरकार छात्रों की मांगे पूरी करें:मंजूबाला पाठक

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(मोहन सिंह)।कांग्रेस नेत्री तथा बाबु धाम ट्रस्ट की अध्यक्षा मंजूबाला पाठक ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि बिहार में छात्रों के आंदोलन को पुलिस लाठी और बर्बरता के साथ दमन किया जा रहा है नीतीश सरकार छात्रों की मांग न ही मान रही है और न ही उनके प्रतिनिधि मंडल से बात कर रही है आखिर छात्र जाएं तो किधर उन्होंने कहा कि बीपीएससी छात्रों की मांग जायज और लाजमी है छात्रों ने यहां तक कह दिया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल उनके प्रतिनिधिमंडल से मिल ले परंतु निरंकुश और अभिमानी सरकार यह भी मानने को तैयार नहीं छात्र पटना के गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के नीचे शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे परंतु छात्रों को पुलिस द्वारा दौड़ा दौड़ा कर लाठी और डंडे से बड़ी बेरहमी से पीटा गया जिसमें छात्रों को गंभीर चोटें आई है कुछ की हालत गंभीर बनी हुई हैं और वो आई सी यू में भर्ती हैं मंजूबाला पाठक ने बताया कि छात्रों की ये हालात बिहार में बड़ी ही भयावह तस्वीर बयां करती हैं मंजूबाला पाठक ने कहा कि ये देश में युवाओं को केवल बरगलाया जा रहा हैं और बिहार में युवाओं को दमन किया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि युवा छात्र हमारे देश की भविष्य और राष्ट्रनिमार्ता हैं और उनकी बात इस लोकतंत्र में नहीं सुनना अहंकारी सरकार की सत्ता लोलुपता और घमंड की परिचायक है मंजूबाला पाठक ने मिडिया से बताया कि बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस छात्रों के साथ हैं और उनके हर गतिविधि और जायज मांगों के पक्ष में है उन्होंने बताया कि सरकार की इस दमनकारी नीति की वो घोर भर्तसना करती है और बिहार सरकार से मांग करती है कि छात्रों की बात सुनें और उनकी मांगों पर ध्यान दे ज्ञात हो कि मंजूबाला पाठक शुरू से ही बिहार के युवाओं और छात्रों की मांगों के प्रति मुखर रहीं है और उनके हित के लिए अपने बाबु धाम ट्रस्ट और कांग्रेस के बैनर तले कार्यक्रम और गतिविधियां करते रहती है वो अपने बाबु धाम ट्रस्ट के माध्यम से चंपारण में गरीब छात्र और छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षण संस्थान चलवाती है जिसमें गरीबों के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को पंख दें नया आयाम देते हैं अंत में कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने बिहार सरकार से भावनात्मक अपील कर छात्रों की मांग मानने और उनके विरुद्ध दमनकारी नीति को बंद करने की अपील किया।

# छात्र युवा संगठनों के संयुक्त राज्यव्यापी प्रतिवाद के अवसर पर छपरा में आइसा एसएफआई ने पुतला दहन

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा सदर। सोमवार को छपरा के नगर पालिका चौक पर छात्र संगठनों के द्वारा सरकार का पुतला दहन किया के साथ सभा किया।

सभा को संबोधित करते हुए आइसा बिहार उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक व एसएफआई जिला सचिव देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि नीतीश,भाजपा की सरकार छात्रों पर जो दमनात्मक नीति अपना रही है उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । संवैधानिक तरीके से धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल कर अपनी बातों को रखना कोई जुर्म नहीं है लेकिन ये फासीवादी सरकार छात्रों के ऊपर लाठिया बरसा रही है, इस कड़ाके के ठंड में वाटर कैनन का प्रयोग किया गया और इन दबाओ को झेलते हुए जब सोनू जैसे छात्र युवा की संस्थानिक हत्या की जाती है तब ये सरकार इसकी जवाबदेही देने को भी तैयार नहीं है।

छात्रों की समस्याओं को लेकर वामपंथी छात्र संगठनों ने लगातार बीपीएससी पेपर लीक और धांधली के खिलाफ धरणा प्रदर्शन करते रहे है, बीते 3 जनवरी आइसा, एसएफआई एवं तमाम वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा पटना मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया लेकिन मुख्यमंत्री ने छात्रों से मिलना उनकी समस्याओं को समझना जरूरी नहीं समझा और 20 ज्ञात लोगों पर केस दर्ज करते हुए 200 अज्ञात पर भी मुकदमा की बात कही, लोकतंत्र के हनन का ये सिलसिला नीतीश भाजपा के राज में लगातार घटित हो रही है।

छात्र सोनू को न्याय दिलाने और बीपीएससी पुनः परीक्षा के लिए हम आगे भी विरोध जारी रखेंगे और इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया गया और री एग्जाम की मांग की गई। उक्त अवसर पर कुणाल कौशिक, नीरज कुमार, अंशु पासवान, बिट्टू कुमार, विशाल कुमार, अंशु कुमार आदि थे।

# जलालपुर गोलीकांड में एक की गिरफ्तारी

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर । जमीन की चारदीवारी बनाने के विवाद में गोलीबारी मिस्त्री हुआ था जख्मी उसमें हुई है गिरफ्तारी।

जलालपुर के छोटकी सॉरी में हो रही थी 8 कथा जमीन की चारदीवारी जलालपुर थाना क्षेत्र के सॉरी हनुमान मंदिर दक्षिण आईटीबीपी के सामने छोटकी सॉरी गांव में रविवार को चार दीवाली बनाने के दौरान हुई विवाद में गोलीबारी की घटना हुई इसमें निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री को लगी गोली लगने के बाद घायल हो गया सदर अस्पताल इलाज चल रहा है घायल राज मिस्त्री का एकमा थाना क्षेत्र का कल बिशनपुर गांव का रहने वाला राजेश्वर महतो बताया गया है बढ़िया पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर इस मामले की जांच में जुट गई है और एक की अरेस्टिंग भी हो गई है घटना के बाद फायरिंग करने वाले फरार हो गए हैं।

पुलिस एक-एक बिंदु पर इस घटना की जांच कर रही है अनुमान के मुताबिक करीब कई राउंड फायरिंग भी हुई है घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार श्रीकांत सिंह ने बताया अपने ही जमीन पर चार दीवाली करवा रहे थे निर्माण का काम चल रहा था इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने द्वारा फायरिंग की गई दूसरे पक्ष के लोग हथियार लाठी डेंटल लेस होकर लोग वहां पहुंचे फायरिंग करने लगे स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दौरान कई फायरिंग भी हुई विपक्षियों ने धावा बोल दी इस दौरानबाउंड्री बना रहे राजमिस्त्री को गोली लग गई गंभीर रूप से जख्मी हो गया गोली चलने के बाद वहां अपरा तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे घायल राजेश्वर महतो को जख्मी हालत में उसे छपरा अस्पताल भेज दिया गया है।

राजमिस्त्री को गोली दो जगह पर लगी है घटना के सूचना मिलते ही जलालपुर थाना पहुंच गई वह मामले की जानकारी के बाद ताप्ती कर रही है थाना अध्यापक अध्यापक राहुल कुमार ने बताया कि जख्मी के बयान के लिए पुलिस को छाप मारित सदर अस्पताल में भेजा गया ।

## 08 जनवरी को दिव्यांगजनों हेतु विशेष नियोजन कैम्प का होगा आयोजन

■ मदर लालपरी गुप्ता हैंडिकैप्ड फाउंडेशन, ईलमराम चौक, मुहल्ला कुम्हारपटी, प० चम्पारण, बेतिया के प्रांगण में होगा विशेष नियोजन कैम्प का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। श्रम संसाधन विभाग द्वारा मदर लालपरी गुप्ता हैडिकैप्ड फाउंडेशन ईलमराम चौक मुहल्ला कुम्हारपटी, प० चम्पारण, बेतिया के प्रांगण में दिनांक-08.01.2025 को दिव्यांगजनों हेतु विशेष नियोजन कैम्प का आयोजन किया जाना है। इस दिन 11:00 बजे दिन से 4:00 बजे शाम तक इच्छुक अभ्यर्थी नियोजन कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी का निबंधन कराना अनिवार्य है।

जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव द्वारा बताया गया कि निजी नियोजक द्वारा एमटीएस के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक कुल-10 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 10000-15000 रूपया प्रतिमाह मानदेय प्रदान की जायेगी। कार्यस्थल पश्चिम चम्पारण जिला होगा।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला नियोजनालय में दूरभाष संख्या-06254-295737 पर हेल्प सेन्टर बनाया गया है। अभ्यर्थी विशेष जानकारी के लिए हेल्प सेन्टर पर संपर्क कर सकते हैं।

## नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा संचालकों से मुक्त कराया गया

### लड़कियां बंगाल, नेपाल व यूपी की निवासी



प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर दिनांक 6 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के निर्देश पर एसपी सारण, श्री कुमार आशीष जी के सहयोग से सारण के 3 थाना क्षेत्रों से कुल 12 नाबालिग बच्चियों को ऑर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से श्री वीरेंद्र कुमार सिंह (डायरेक्टर, मिशन मुक्ति फाउंडेशन, नई दिल्ली), श्री अक्षय पांडे (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर, रेस्क्यू फाउंडेशन, नई दिल्ली), श्री अखिलेंद्र सिंह (कोऑर्डिनेटर, नारायणी सेवा संस्थान, सारण), श्री विकास मिश्रा (सीएसडब्ल्यू, नारायणी सेवा संस्थान), और अनीशा राय (सीएसडब्ल्यू, नारायणी सेवा संस्थान) की टीम ने भाग लिया और नाबालिग बच्चियों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।धरण बाजार से पूजा आर्केस्ट्रा आनंद कुमार को गिरफ्तार किया गया वह साइन आर्केस्ट्रा एवं म्यूजिकल ग्रुप को भी खाया जा रहा है जो हंसराजपुर के हैं उनके मालिक नंदू कुमार को खोजा जा रहा है बंगाली आर्केस्ट्रा के मालिक पंकज कुमार को भी पुलिस तलाश रही है। यूपी के तीन नाबालिक लड़कियों को बरामद किया गया दो नेपाल तथा एक गोरखपुर के नाबालिक लड़की को भी आर्केस्ट्रा संचालक के चंगुल से मुक्त कराया गया टोटल 12 लड़कियों को मुक्त करवाया गया है तीन आर्केस्ट्रा संचालक भी गिरफ्तार हुए हैं और सभी आर्केस्ट्रा संचालकों की खोज चल रही है

### दहेज उत्पीड़न के मामले दो पर प्राथमिकी दर्ज

परसा।दहेज उत्पीड़न के मामले में तरैया थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गाँव निवासी राम ईश्वर सहनी के पुत्र कुंदन कुमार जीतेन्द्र सहनी पर परसा थाना क्षेत्र के प्रसादी गाँव निवासी प्रीति कुमारी ने अपने पति व भैसूर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है की पति व भैसूर द्वारा दहेज में 5 लाख रुपए व एक बुलेट बाइक की माँग किया जाए रहा था. नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है.मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गईं है.

### दूसरी बार अशोक पांडे बने बीजेपी जिलाध्यक्ष



रक्सौल। संगठन जिला रक्सौल की बैठक सुगौली स्थित रामगोपाल खंडेलवाल के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से दूसरी बार अशोक पांडे जी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके लिए भाजपा प्रदेश और सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी, पूर्व विधान परिषद बबलू गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, जिले के चुनाव प्रभारी रामदयाल शर्मा का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता ध्रुव प्रसाद, प्रमोद शंकर सिंह, जिलामहामंत्री भारत सिंह, राम इकबाल प्रसाद, अजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष अवध पटेल, लालबाबू सिंह, सुरेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी इंजीनियर जितेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, आदापुर मंडल अध्यक्ष नितेश पटेल एवं धिरेन्द्र निराला आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

# सीएम की यात्रा के मद्दे नजर सारण जिला प्रशासन ने वाहनों के लिए बनाया रोड मैप

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। 8 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सारण जिला भ्रमण के अवसर पर यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए जिला प्रशासन के द्वारा रोड मैप तैयार कर निर्गत किया गया है। मुख्यमंत्री के आगमन पर कोई असुविधा न हो इसके लिए छपरा जिला में भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बन्द रहेगा। मुजफ्फरपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन मकेर तक, मशरख, मढ़ौरा की तरफ से आने वाले भारी वाहन कृष्णा चौक तक, बनियापुर की ओर से आने वाले भारी वाहन चेतन छपरा तक, सिवान, कोपा की तरफ से आने वाले भारी वाहन रसुलपुर तक, मांझी की तरफ से आने वाले भारी वाहन बलिया मोड़ तक, आरा की तरफ से आने वाले भारी वाहन आरा-डोरीगंज पुल के दक्षिणी छोर तक ही आ पाएंगे। वही हाजीपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन शिवबच्चन चौक से आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

बताते चले कि मांझी, रिविलगंज के तरफ से छपरा आने वाले सवारी वाहन ब्रह्मपुर मोड़ तक, मशरख, मढौरा के तरफ से छपरा आने वाले सवारी वाहन चनचौरा तक, आरा के तरफ से छपरा आने वाले सवारी वाहन झंगा चौक डोरीगंज तक ही आ पाएंगे। बनियापुर के तरफ से आने वाले सवारी वाहन उमधा तक तथा गरखा के तरफ से आने वाले वाहन फुरसतपुर तक ही आयेंगे।वही साढ़ा ढ़ाला ओवर ब्रिज के ऊपर से शहर के तरफ सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को साढ़ा ढाला बस स्टैंड से पुराना बाईपास के रास्ते जगदम्ब कॉलेज तक आयेंगें। डाक बंगला रोड में छोटी वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, ऐसे वाहनों का परिचालन निचली रोड से कराया जाएगा। भगवान बाजार के तरफ से आने वाले छोटी वाहन दारोगा राय चौक होते हुए जगदम कॉलेज ढाला के रास्ते साढा ढाला तक ही जायेगें। राजेन्द्र सरोवर से नगरपालिका की ओर सभी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा।वही नेवाजी टोला चौक से रामनगर ढाला होते हुए मठिया मोड की ओर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः बन्द रहेगा। उक्त नियम एम्बुलेंस एवं आवश्यक सेवा वाले वाहनों का चालकों पर लागू नहीं रहेगा । इनका परिचालन निर्बाध रूप से होगा।

### वाहनों के लिए पार्किंग स्थल

पी०एन० सिंह डिग्री कॉलेज परिसर तथा जगदम कॉलेज परिसर का चयन किया गया है।

# स्वामी और सेवक का संबंध ही राम कथा की आत्मा है:अशोक जी महाराज

प्रातः किरण, संवाददाता

बनियापुर । स्वामी और सेवक का संबंध ही राम कथा की आत्मा है। यह बातें प्रखंड के चेतन छपरा में श्री रामचरित मानस नवाह पाठ के नौवें दिन अयोध्या धाम से पधारे अशोक जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने स्वामी श्री राम तथा सेवक हनुमंत लाल जी के संबंधों का वर्णन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति हमारे लिए, हमारे साथ काम करता है, उसके दो ही कारण हो सकते हैं। एक तो यह जोकि सब जानते हैं कि धन का अभाव पूरा करने के लिए काम करता है। दूसरा लेकिन अधिक महत्वपूर्ण कि पैसों और सुविधाओं के अतिरिक्त हमें अपनी सेवाएं देने में उसे आत्मिक संतोष मिलता है। दोनों स्थितियां सही हैं लेकिन किसे अपनाना है यह तय करने के लिए भी दो ही विकल्प हैं।

पहला यह कि अपनी योग्यता से स्वामी के कार्यों को करने में अपनी काबिलियत दिखाए और दूसरा यह कि योग्यता में चाहे कम ही हो, लेकिन उसका अपने स्वामी और कार्य के प्रति समर्पण भाव रखना, किसी भी कार्य को सर्वश्रेष्ठ बना देता है। यही राम कथा है। इसीलिए राम का महत्व है और उन्हें पुरुषोत्तम कहा गया है। यदि हम राम के स्वामी रूप को देखें तो वे अपने सभी सेवकों को अपने पीछे चलने वाला नहीं बनाते बल्कि उन्हें इतना ऊर्जावान बना देते हैं कि वह बिना किसी प्रयास के राम के साथ ही नहीं चलने लगते बल्कि उनसे भी आगे निकलकर स्वामी के कार्यों को पूरा करने में अपनी जान तक जोखिम में डालने को तैयार हो जाते हैं। वहीं वाराणसी से पधारे नीरज जी महाराज ने प्रेम कथा का वर्णन किया। तो वृन्दावन से पधारी साध्वी निकुंज मंजरी चंचलाजी ने अपने भक्ति मई स्वर से श्री राम तथा हनुमंत जी के संबंधों का वर्णन किया। जहां सैकड़ों श्रोताओं ने इनके प्रवचन से भाव विभोर हो गए। जिस यज्ञ को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष घनश्याम राय, सच्चितानंद शर्मा, अवध किशोर सिंह, त्रिपुरारी सिंह साहित अन्य सभी लोग सक्रिय है।

# छात्रों के कंधे पर बैठकर राजनीति करना चाहते है प्रशांत किशोर : सैयद शाहनवाज हुसैन

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन विभिन्न निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। पूर्व केन्द्रीय एवं बिहार सरकार के मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन अपने निजी कार्यक्रम के दौरान भोजपुर जिले के विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए।

आरा में प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने प्रशांत किशोर पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी की परीक्षा के मामले को बिहार सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया है। प्रशांत किशोर इवेंट मैनेजर है,वे कितने पार्टियों के लिए इवेंट मैनेंजमेंट कर चुके है और अब वे अपने लिए इवेंट मैनेजमेंट कर रहे है।मध्यावधि उप चुनाव मे उनकी करारी हार से वे बौखलाहट में है।उनका राजनीति कैरियर शुरू होने के पहले ही समाप्त हो चुका है।वे अपनी राजनीति पहचान के लिए संघर्ष कर रहे है।वे बिहार मे सता प्राप्त करने के लिए दिन और रात दोनो समय सपना देख रहे है। अब वे छात्रो के कंधे पर बैठकर राजनीति करना चाहते है। उन्होंने कहा कि वे राजनीति का अलग पमपम बाबु है। कानून का उलंघन करते हुए गाँधी मैदान मे अनशन पर बैठते है,जहाँ उनके साथ कोई नही था।गाँधी मैदान मे तो टहलने वालो की संख्या होती है।बीपीएससी के छात्र उनके आंदोलन मे शामिल नही थे। अब उन्हें नए इवेंट मैनेजमेंट शुरू नही करना चाहिए। हमारी पार्टी भी विपक्ष मे रहते हुए संवैधानिक और कानूनी रूप से आंदोलन किया है।हमने लाठी खाई है और जान भी गवाए है।

भाजपा नेता ने भोजपुर जिला मे हो रहे सड़क जाम पर कहा कि बालू से लदा ट्रक कई लोगो का जान ले रहा है। मै विजय सिन्हा जी से कहूँगा कि आरा-छपरा पुल लोगो के लिए बना था कि बालू ट्रको के लिए।इसका निदान जल्द हो।प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,पूर्व विधायक संजय टाईगर, कौशल विद्यार्थी, पंकज सिंह,राजेन्द्र तिवारी, मिथिलेश कुशवाहा, अजय सिंह,संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, निशांत सेंगर,प्रहलाद राय,सूर्यकान्त पांडेय सहित अन्य लोग थे।

# बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में की गयी बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज पूर्व सैनिक संघ की मंथली मीटिंग बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के सभागार में किया गया सबसे पहले 2 मिनट की मौन धारण कर वीर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की गई

सभा शुरू होने पर अध्यक्ष महोदय ने बताया कि सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया 1 जनवरी 2025 को मां काली बखोरापुर वाली मंदिर ट्रस्ट के तरफ से हमें 30 वीरांगना और पूर्व सैनिकों को सम्मान किया गया .इसके लिए अध्यक्ष महोदय ने मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्रीमान मौर्य होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर बीडी सिंह को और सुनील सिंह गोपाल को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया.उसके बाद मीटिंग की कार्रवाई शुरू की गई और सभी ने अपनाअपना विचार अध्यक्ष महोदय ने .बताया की अगले 14 जनवरी 2025 को दानापुर कैंट में बिहार रेजीमेंट में माननीय राज्यपाल महोदय. की रैली है उसमें सभी हमारे वीरांगना और हमारे सभी पूर्व सैनिक जाने की कृपा करें उसके लिए जाने की साधन जिला सैनिक कल्याण ऑफिसर द्वारा किया गया है या यदि कोई ट्रेन से जाता है तो दानापुर स्टेशन पर पटना स्टेशन पर गाड़ियां वहां मिलकर दानापुर कैंट में छोड़ देगी वहां पर राज्यपाल महोदय सभी से मिलने की कोशिश करेंगे

उससे अगले दिन 15 जनवरी को आर्मी डे है इसलिए सभी पूर्व सैनिक लोग यहां 11:00 बजे .इकट्ठा हो जाएंगे और हम लोग शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे

इसी महीना 26 जनवरी 2025 को आरा का जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने वा मेमोरियल पर शहीदों के सम्मान किया जाएगा इसके लिए सभी पूर्व सैनिक 8:00 बजे पहुंचे जाएंगे उसे पहले हम लोग झंडा फहराएंगे उसके बाद में यहां पर राजकीय कार्यक्रम में हम लोग भाग लेंगे सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध है कि उसे दिन यहां पर वार मेमोरियल के पास में आने की कृपा करें आज हमारे यहां एक मुखिया को सैनिक भी है और कोईलवर प्रखंड के मुबारकपुर के रहने वाले हैं उनको पूर्व सैनिकों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया एक पूर्व सैनिक हमारा मुखिया की कार्य कर रहा है इससे बढ़कर और क्या हो सकता है आज के मीटिंग में पूर्व सैनिकों में हमारे रामदयाल सिंह कन्हैया सिंह शंकर भगवान सिंह शंकर शर्मा सूबेदार मेजर राय कर्मकार जी परमहंस जी आदि तथा वीरांगना में मीणा देवी संगीता देवी अनुमति देवी शांति देवी गीत देवी आदि मौजूद थी

# मोहम्मद नुरूल होदा को मिला राष्ट्र गौरव सम्मान 2025




प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में कार्यरत शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा को राष्ट्र गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें रविवार को एक गूंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बरेली में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मिला। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं नित्य नए नवाचारों के प्रयोग के लिए संस्था के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बरेली के माननीय सांसद श्री छत्रपाल गंगवार, मुख्य अतिथि विधानपार्षद श्री कुंवर महाराज सिंह, इंजी. ए के सिंह, डॉ रवि शरण सिंह चौहान और राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे के संयुक्त हाथों से शॉल ओढ़ाकर मोमेंटो , प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी देकर किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम में मोहम्मद होदा और मुरादाबाद की शिक्षिका पल्लवी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से सम्पादित पुस्तक ह्व नवाचारी शिक्षक शिक्षण पद्धति ह्व नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मोहम्मद होदा ने बताया कि इस पुस्तक में देश भर के लगभग पच्चास नवाचारी शिक्षकों के नवाचारों को शामिल किया गया है। मोहम्मद होदा को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें बधाइयां मिल रहीं हैं। बधाई देने वालों में जितेन्द्र ठाकुर, अरविंद कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार, वंदना कुमारी, प्रेम सखी कुमारी, अरविंद सिंह, सोनी पाण्डेय, भारती रंजन कुमारी, शिक्षा प्रेमी हरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व प्रमुख मोहम्मद नुरूल हसन, डॉ मोहम्मद नजीर, वशीम अहमद सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग शामिल हैं।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

## इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के सुअरी गांव निवासी कृष्णा सिंह का 27 वर्षीय पुत्र विजेंद्र कुमार उर्फ विधायक है एवं वह पेशे से किसान था। इधर मृतक के चाचा पिंटू कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह वह बाइक से आरा किसी काम से आया था। सोमवार की दोपहर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही वह कसाप मोड़ के पास पहुंचा। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचा और उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन उसे आरा सदर अस्पताल नही लाकर उसे इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव ले आए। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

# संझौली में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे पलटा, ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत

प्रातः किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा- सासाराम मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के समीप ट्रैक्टर पलटने से एक चालक की रविवार की रात मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि रविवार की रात ट्रैक्टर चालक किसी पेट्रोल पंप से डीजल भराकर भूसा (गुल) फैक्ट्री लौट रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन से चकमा खाकर सड़क किनारे खाई में पलट गया और ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। इस दौरान घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर जुटे स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया तथा ट्रैक्टर को भी बाहर निकाल कर पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है।

मृतक कृष्णा यादव सिवान जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकवलिया पोखर का निवासी है, जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी गई है। इधर घटना के तुरंत बाद पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई और परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम करा कर उन्हें सौंप दिया गया है। वहीं घटना के संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि रविवार की रात एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई है। मृतक सिवान जिले का निवासी है और उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर उन्हें सौंप दिया गया है तथा पुलिस ट्रैक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने वाहन जांच एवं नो एंट्री को लेकर 01 लाख 47 हजार रुपए वसूला जुर्माना

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)।स्थानीय पुलिस ने तेंदुनी चौक पर वाहन जांच एवं नो एंट्री को लेकर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया । जिस दौरान स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा वाहन चेकिंग एवं नो एंट्री को लेकर करीब 1 लाख 47 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया । इसकी जानकारी बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने दी ।

### छेड़खानी के मामले में एक गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास) । दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छेड़खानी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत भटपुड़वा निवासी मुन्ना सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 517/24 के आलोक में छेड़खानी करने का मामला दर्ज था ।

### पुलिस ने शराबी को भेजा जेल

नासरीगंज(रोहतास)। नासरीगंज पुलिस ने नशे की हालत में एक शराबी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया ।नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत पडूंरी निवासी राधेश्याम पांडेय को नशे की हालत में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### पूर्व विधायक धर्मपाल सिंह की पुण्यतिथि समारोह आयोजित

आरा ।पूर्व विधायक गरीबो के मसीहा धर्मपाल सिंह के पुण्यतिथि समारोह यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में मनाया गया।समारोह के संचालन श्यामकुमार मुन्नू ने किया समारोह के उद्घटान राष्ट्रीय कूँवर सेना के अध्यक्ष श्री निर्मल सिंह शक्रवार ने किया।समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रो विजय सिंह मुखिया कहा कि धर्मपाल सिंह एक कुशल एवं कर्मठ राजनेता थे वे1990और1995में शाहपुर विधानसभा से निर्वाचित हुए थे उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के चौमुखी विकाश किया था।लोजपा के प्रदेश सचिव सुरेन्द आजाद ने कहा कि धर्मपाल सिंह का जन्म बिहिया प्रखंड के अमराई गांव में एक सम्पन्न किसान परिवार में हुआ था।धर्मपाल सिंह जी अपने समय के जाने माने फुट बॉलर थे उनको खेल के प्रति काफी अभिरुचि था।श्यामकुमार मुन्नू ने कहा कि धर्मपाल सिंह जी हमेशा गरीबो के प्रति चिंचित रहते थे ।

# लोजपा का मिलन समारोह आयोजित बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन जनता कर रही है पसंद: अखिलेश

प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर ।बक्सर जिला के राजपुर विधान सभा अंतर्गत पंचायत- कुकुढा मे लोजपा रामविलास का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जंगबहादुर पासवान ने किया ।मिलन समारोह मे मुख्य अतिथी के तौर बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह मौजूद रहे ।

मिलन समारोह मे कुकुढा पंचायत के ह्व वर्तमान पैक्स अध्यक्ष ह्व श्री अमरेश चौधरी जी ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान जी मे आस्था प्रकट करते हुए बक्सर लोजपा रामविलास की सदस्यता ग्रहण की । अमरेश चौधरी जी व इनके समर्थकों को जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने सदस्यता दिलाई ।साथ ही इनको पार्टी मे जिम्मेवारी देते हुए बक्सर लोजपा रामविलास किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जंगबहादुर पासवान जी ने किसान प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस मिलन समारोह मे विशिष्ट अतिथी के तौर पर प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान जी , किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राम जी राय, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजीव राय, जिला महासचिव सोमप्रकाश पासवान, जिला महासचिव ध्रुप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष राजपुर कन्हैया सिंह, प्रखंड अध्यक्ष इटाढी मदन पासवान, प्रखंड अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ भोलेशंकर पासवान, संसदीय बोर्ड प्रखंड अध्यक्ष सुग्रीव पासवान, उज्जवल पासवान, रमेश चौधरी,शंकर चौधरी, रामायण चौधरी आदि शामिल हुए।

# विधायक ने छह सौ फीट निर्मित सड़क का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



अमनौर। प्रखंड के अपहर पंचायत स्थित पटराही कला गांव में मनरेगा योजना के तहद कैलाश सिंह के खेत से महबूब मिया के खेत तक छह सौ फीट लम्बी सड़क का मिट्टी एवम इटटी करण कार्य कराया गया।जिसका उद्घघाटन सोमवार को अमनौर बिधायक कृष्ण कुमार सिंह मंटु पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सरोज पश्वान मुखिया ई प्रतीक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया तथा नारियल फोरा गया।।इसके पश्चात पटराही कला गांव के मदरसा घोषिया तेघिया परिसर में सम्मान सभा आयोजित कर ग्रामीणों ने बिधायक व मुखिया को अंग वस्त्र फूल माला से सम्मानित किया।सड़क निर्माण से गांव के लोग काफी खुश थे।मुखिया सरोज पश्वान ने कहा कि आजदी के आज तक इस गांव की सड़क मुख्य पथ से नही जुड़ी थी।मंटु भैया के सहयोग से इस कार्य को पूरा कर दिखाया।

अमनौर बिधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटु सिंह ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं नेता नही आप लोगो के बेटा बनकर क्षेत्र के बिकाश कार्य मे लगे है।मैं जनता से जो वादा करता हूं पूरा भी करता हूं।सड़क पुल पुलिया स्कूल भवन स्वास्थ्य बिजली के क्षेत्र में चौमुखी बिकाश के कार्य किया है।उन्होंने कहा की मैंने मुख्यमंत्री से जो पांच बिकाश कार्य की मांग किया था।उसे मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।जल्द ही कटसा में सबसे बड़ी पावर ग्रेड बनने जा रहा है।स्टेडियम का निर्माण होगा।कई स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाया जा रहा है।बिधुत आपूर्ति होने से यहां उधोग स्थापित होगी।लोगो को रोजगार मिलेगा।अमनौर की उन्नति होगी।सड़क अस्पताल बिजली शिक्षा के क्षेत्र के काफी बिकाश हुआ है

।उन्होंने लोगो से अपील किया शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है।बच्चे स्वयम को विकसित कर सके। हर पंचायत में पुस्कालय निर्माण कराने की घोषणा किया।उन्होंने कहा अब बिहार सरकार ने हर मूल भूत सुबिधाये गांव में ही उपलब्ध करा रही है।इस पथ का कुछ ही दिनों में ढलाई करा दी जाएगी। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार राय पूर्व सरपंच मुकुल कुमार बिनोद कुमार बीडीसी मो अब्बास शमशाद आलम समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# हनुमान मंदिर कमेटी महादेवा के द्वारा किया गया कंबल वितरण



आरा ,हनुमान मंदिर कमेटी महादेवा के द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया मंदिर की अध्यक्ष श्री डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा की गई उसने मुझे मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया और मुझे अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया साथी में हमारे पूर्व सैनिकों को भी सामान किया गया हनुमान मंदिर कमेटी महादेव के अध्यक्ष श्री डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा सभी आगमंतों को स्वागत किया गया और मंदिर के बारे में विकसित जानकारी दी गई उसके बाद में काम से कम 50-60 गरीब तथ्य के लोगों को कंबल बात कर सम्मान किया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले दो पर प्राथमिकी दर्ज

परसा। दहेज उत्पीड़न के मामले में तरैया थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गाँव निवासी राम ईश्वर सहनी के पुत्र कुंदन कुमार जीतेन्द्र सहनी पर परसा थाना क्षेत्र के प्रसादी गाँव निवासी प्रीति कुमारी ने अपने पति व भैसूर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.दहेज में 5 लाख रुपए व बुलेट की मॉग किया था। जाए रहा था. नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है.मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गईं है।

# असहाय व जरूरतमंदो की सेवा करना पहली प्राथमिकता:इंदू देवी

- भीषण ठंड में देवतुल्य जनता की सेवा का छोटा सा प्रयास
- महापौर इंदु देवी ने आरा के कई इलाकों में दूसरे दिन की गई अलाव की व्यवस्था

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। नगर निगम आरा की महापौर इंदु देवी के निर्देश पर भीषण ठंढ़ एवं शीतलहर से त्रस्त असहाय व राहगीरों के लिए रविवार को दूसरे दिन अलाव की व्यवस्था की गई। आरा नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के 23 जगह पर अलाव की व्यवस्था कराई गई। इस दौरान शहर के गिरजा मोड, सरकारी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पुर्वी गुमटी , प्राइवेट बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर शिवगंज, सदर अस्पताल बच्चा वार्ड, सदर अस्पताल नया वाला बिल्डिंग के पास, नवादा चौक, जिला स्कूल, टाउन थाना , गोपाली चौक, रामगढ़िया मोड, अबरपुल, शीश महल चौक, सिंडिकेट, आदर्श विद्यालय मीरगंज, पकड़ी चौक, धरहरा चौक, रैन बसेरा गांगी पुल, स्टेशन, बिहारी मिल, गोढना रोड शिव मंदिर के पास, पुरानी पुलिस लाइन मोड आदि चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर इंदु देवी ने कहा की असहाय व जरूरतमंदो की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। भीषण शीतलहर में जनजीवन बहुत प्रभावित हैं। ऐसे में यह पुनित कार्य लोगों के लिए राहत देने का छोटा सा प्रयास हैं। मैं हर संभव देवतुल्य जनता की सेवा में समर्पित रहूंगी।

# बामसेफ के बैनर तले क्रांति ज्योति माता पिता सावित्री बाई फूले की जयंती एवं कैडर कैंप का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा के आदर्श मध्य विद्यालय(झोपड़ियां स्कूल)में बामसेफ के बैनर तले क्रांति ज्योति माता पिता सावित्री बाई फूले की जयंती एवं कैडर कैंप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बामसेफ के जिलाध्यक्ष विभीषण राम ने एवं संचालन सत्यनारायण प्रसाद ने किया।सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित सभी बंधुओं ने माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।बामसेफ के राज्य उपाध्यक्ष एवं बक्सर और रोहतास के संगठन प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई एवं उनकी सहयोगी माता फातिमा शेख द्वारा नारी शिक्षा के लिए किए गए योगदान की बदौलत आज महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। राष्ट्रीय कमिटी के पदाधिकारी एवं संविधान प्रबोधक इंजी.उमेश रजक ने कार्यकताओं को भारत के संविधान एवं देश के बहुजन समाज की चर्चा करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फूले की भावनाओं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक गंभीरता से पहुंचाने की आवश्यकता है।उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों की चर्चा करते हुए वर्तमान समय में शोषक और शोषित की सामाजिक स्थिति की चर्चा की।उन्होंने कहा कि पढ़े लिखे लोगों को जागरूक होने की जरूरत है तभी देश और बहुजन समाज की दिशा-दशा में सुधार होगा।बामसेफ भोजपुर एवं बक्सर के संगठन प्रभारी डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने घोषणा किया कि आगामी 14 अप्रैल 2025 को जिला मुख्यालय आरा में बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रमा राम,धर्म कुमार राम,राम आसरे सिंह,प्रेमचंद प्रसाद,दुर्गावती कुमार मौर्या, स्वेता कुमारी,सर्वेश राम, नन्द किशोर चौधरी,गिरिजा भूषण प्रसाद,सुरेंद्र आजाद, डॉ. रंजन पासवान,दिनेश कुमार,पवन कुमार, चिन्ता कुमारी,निर्मल कुमार राम लायक सिंह,लाल बाबू राम सहित भोजपुर के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस पर आरा शहर में गूंजा छात्रों और युवाओं का आक्रोश

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) में हुए ऐतिहासिक घोटाले, परीक्षा प्रणाली में धांधली, और अभ्यर्थियों पर पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ आज पूरे राज्य में प्रतिवाद दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर आज आरा में रेलवे परिसर से केजी रोड होते हुए अम्बेडक चौक तक मार्च निकाला गया।इंडिया गठबंधन के छात्र-युवा संगठनों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार और दमन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। अम्बेडकर चौक पर पहुंच कर मार्च सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता युवा राजद भोजपुर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार एवं संचालन आइसा भोजपुर जिला सह सचिव रौशन कुशवाहा ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा राज्य सचिव सह अगिआंव विधायक कॉ शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि

मुख्यमंत्री आवास के घेराव के आह्वान पर राजधानी पटना के डाकबंगला चौराहे पर हाल ही में हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन के दौरान छात्रों और युवाओं ने बिहार सरकार की तानाशाही और भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया था। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्रों से बात करने के लिए तैयार नहीं है। जिससे साफ जाहिर होता है कि बीपीएससी परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक, और परीक्षा माफिया तंत्र सरकार की शह पर फल-फूल रहा है।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्र में मोदी सरकार छात्रों की मांगों को सुनने और उन पर कार्रवाई करने के बजाय अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं।

आरा जिला पार्षद पूर्वी धनंजय यादव ने आरोप लगाया कि नीतीश सरकार की चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि वह भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है। मुख्यमंत्री, जो खुद को सुशासन बाबू कहते हैं, अब भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं को छिपाने के लिए पुलिस का दमनकारी चेहरा सामने ला रहे हैं। छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और जेल में डालकर उनकी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है।

छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक रंजन ने मोदी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार डिजिटल इंडिया और युवा शक्ति के खोखले नारे देकर बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। रोजगार के अवसर पैदा करने और भ्रष्टाचार खत्म करने के दावे केवल दिखावे तक सीमित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में हो रहे घोटालों और भ्रष्टाचार पर आंखें मूंदे हुए हैं, क्योंकि वे राजनीतिक समीकरण साधने में लगे हैं।

युवा राजद प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा कि नीतीश सरकार अपनी विफलताओं के लिए जवाबदेह बनने के बजाय आंदोलनकारियों पर कार्रवाई कर रही है। यह स्पष्ट है कि बिहार के युवाओं को न्याय और अधिकार दिलाने के बजाय सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है।

आरा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कयामुद्दीन अंसारी ने कहा, यह आंदोलन बिहार में युवाओं के लिए उनके हक और न्याय की लड़ाई का प्रतीक बन गया है। अगर सरकार ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी और छात्रों की मांगों को पूरा नहीं किया, तो यह लड़ाई और भी व्यापक रूप लेगी।

बिहार का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि भ्रष्टाचार, धांधली, और दमन पर पूर्ण विराम नहीं लगता।

सभा का संबोधन छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, आरा पश्चिमी जिला पार्षद भीम यादव,ठरवक के जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी, छात्र राजद नेता तेजू त्यागी ने किया। प्रतिवाद मार्च में शमीम इंकलाबी नौजवान सभा जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी, फअ नेता अखिलेश गुप्ता, हरिनारायण गुप्ता, आइसा रइ कॉलेज सचिव साहिल अरोड़ा, आइसा जिला उपाध्यक्ष समित कुमार, अनूप कुमार, जिला सह सचिव जशंकर प्रसाद, नीतू कुमारी, युवा राजद जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, छात्र राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, प्रधान महासचिव रजनीश यादव, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, छात्र राजद सह प्रभारी अमित ठाकुर, रवि आनंद, धनजीत यादव, अरुण सिंह यादव, जिप सदस्य धनंजय यादव, भीम यादव, सोनू रजक, तेजू आदि थे।

# रांची मंडल में आरओबी के निर्माण कार्य को ले ब्लॉक लिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर। रांची मंडल के सिरमाटोली चौक के पास आरओबी के निर्माण कार्य हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

### परिचालन रद्द किये गये ट्रेनें

1. गाड़ी सं. 18628/18627 रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस - 07 एवं 12 जनवरी, 2025 को

2. गाड़ी सं. 08607/08608 हटिया-शांकी-हटिया मेमू - 07 से 16 जनवरी, 2025 तक

3. गाड़ी सं. 08617/08618 हटिया-शांकी-हटिया मेमू - 07 से 16 जनवरी, 2025 तक

### परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें

1. 07.01.2025 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल का परिचालन कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला के रास्ते चलायी जाएगी। 2. 08.01.2025 को हैदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल का परिचालन राउरकेला-सीनी-चांडिल-मुरी-कोटशिला के रास्ते चलायी जाएगी। 3. 11.01.2025 को मालदा टाउन से खुलने वाली गाड़ी सं. 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस का परिचालन कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला के रास्ते चलायी जाएगी।

## कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस का परिचालन एक दिन रहेगा रद्द

हाजीपुर। जम्मूतवी स्टेशन पर चल रहे यार्ड रिमाडलिंग कार्य के मद्देनजर कई ट्रेनों के परिचालन मे बदलाव किया गया है। इसी कड़ी में कामाख्या और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस का भी परिचालन एक दिन रद्द किया जा रहा है। दिनांक 12.01.2025 को कामाख्या से खुलने वाली गाड़ी सं. 15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस तथा दिनांक 15.01.2025 को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कामाख्या एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा।

## विशाखपट्टणम-बनारस एक्सप्रेस का परिचालन मार्च, 2025 से किया जाएगा नये नंबर से

हाजीपुर। डीडीयू-सासाराम-डेहरी ऑन सोन-जपला-गढ़वा रोड-डालटनगंज-बरकाकाना के रास्ते बनारस और विशाखपट्टणम के मध्य चलने वाली 18311/18312 विशाखपट्टणम-बनारस-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस का परिचालन मार्च, 2025 से नये नंबर 18523/18524 से किया जायेगा। यह परिवर्तन विशाखपट्टणम से दिनांक 02.03.2025 से तथा बनारस से दिनांक 03.03.2025 से प्रभावी होगा।

## सिकंदराबाद से रक्सौल के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सिकंदराबाद और रक्सौल के मध्य चलायी जा रही 07005/07006 स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नानुसार है। 1. 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल अब 06.01.2025 से 31.03.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जाएगी।

# गुरु गोविंद सिंह के अद्वितीय साहस, बलिदान एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद करता हूं : डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गुरु गोविंद सिंह, सिख धर्म के दसवें गुरु, न केवल एक धार्मिक नेता थे, बल्कि एक वीर योद्धा, महान कवि और समाज सुधारक भी थे। उनकी जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनके अद्वितीय साहस, बलिदान और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की वीरता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। आज उनके जयंती पर गया गुरुद्वारा में जाकर माथा टेककर नमन किया आज उनके जयंती पर नमन करते हुए कहागुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। उन्होंने बचपन से ही धर्म और न्याय के लिए लड़ने का साहस दिखाया है। 1699 में, बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की, जो मानवता की सेवा और न्याय के लिए लड़ने का प्रतीक बना। उन्होंने



पांच प्यारों को दीक्षा देकर यह संदेश दिया कि हर इंसान समान है और सभी को अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।उनकी वीरता का सबसे बड़ा उदाहरण उनके द्वारा मुगलों के अत्याचार के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई है। चमकौर की लड़ाई में गुरु गोविंद सिंह ने अपने 40 सैनिकों के साथ मुगलों की विशाल सेना का सामना किया है। यह लड़ाई न केवल उनकी रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है बल्कि यह उनके साहस और बलिदान का उदाहरण भी है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा गुरु गोविंद सिंह ने अपने चार पुत्रों का बलिदान धर्म और न्याय के लिए दिया है। उनके बड़े पुत्रों अजीत सिंह और जुझार सिंह ने चमकौर की लड़ाई में वीरगति प्राप्त की, जबकि छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहिंद में जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया है। उनके इस बलिदान ने धर्म और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दुनिया को प्रेरित किया है। गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में धर्म और मानवता की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता। उनके द्वारा रचित चंडी दी वार और जफरनामा उनके साहित्यिक योगदान के अद्वितीय उदाहरण हैं, जो प्रेरणा और साहस का संदेश देते हैं।गुरु गोविंद सिंह जी ने न केवल सिख धर्म को एक नई दिशा दी, बल्कि समाज में समानता, भाईचारे और मानवाधिकारों के महत्व को भी स्थापित किया है। उनकी जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों का पालन करते हुए समाज के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।आज उनके जयंती पर नमन करने वालों में राणा रंजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद,संतोष ठाकुर,उपेंद्र आदि मौजूद थे।

# कड़कती ठंड को देखते हुए पैगाम ए इंसानियत के सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थलों पर किया कंबल का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में पिछले तीन दिनों से ठंड एवं शीतलहर का प्रकोप जारी है।ऐसे में जन जीवन अस्त व्यस्त है। हालांकि नगर परिषद द्वारा शहर के गांधी मैदान एवं सदर अस्पताल के समीप रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। फिर भी जानकारी के अभाव में कई लोग फुटपाथ पर ही रह रहे हैं। इनमें ठेला चालक और रिक्शा चालक शामिल है। जो सवारियों के इंतजार में शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर ठंड में खुले आसमान के नीचे नजर आ रहे हैं। इन रिक्शा चालकों एवं ठेके चालकों को ढूंढ ढूंढकर पैगाम ए इंसानियत के सदस्यों ने संस्था के जिलाध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में रविवार की मध्य रात्रि के बाद सोमवार के पूर्वाह्न दो बजे तक डीएम आवास के समीप, रमेश चौक के समीप राजा नारायण सिंह पार्क, ओवरब्रिज, नवाडीह रोड आदि जगहों पर ठेले एवं रिक्शा चालकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस कड़कती ठंड में कम्बल का वितरण किया जाए। ताकि जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके। हालांकि बढ़ती शीत लहर को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से फ्री नर्सरी क्लास से लेकर पांचवी क्लास तक शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है यह प्रतिबंध 5 जनवरी का शुरू होकर 8 जनवरी तक रहेगी। औरंगाबाद जिला अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने बताया कि औरंगाबाद में 10 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गई है जिसके कारण काफी समस्या लोगों को हो रही है।

# प्रशांत किशोर पर पुलिसिया बर्बरता बिहार के इतिहास में काला अध्याय लिखा जाएगा: डॉ बीडी शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ज के साथ नीतीश सरकार के इशारे पर पुलिसिया बर्बरता किये जाने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त किया है।उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि गांधी मैदान पटना स्थित गांधी के मूर्ति के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से बीपीएससी अभ्यार्थियों के पक्ष में पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। इनके साथ पुलिसिया बर्बरता करना नीतीश सरकार के नाकामियों को दशार्ता है। राज्य सरकार ने पेपर



लीक कांड के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर भ्रष्टाचारियों को बचाने का पुरा प्रयास कर रही है।पर्चा लीक कांड में बड़े-बड़े अधिकारी और सफेद पोश नेताओं को जानते हुए भी उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशांत किशोर छात्रों के रियल हीरो है उनके साथ हर परिस्थिति में मैं खड़ा हूं।डॉ बीडी शर्मा ने कहा कि सरकार ने भी माना था की प्रश्न पत्र लीक हुआ है तो उस सेंटर का पुनर्परीक्षा लिया गया है। बीपीएससी परीक्षार्थियों की मांग थी कि पारदर्शी तरीके से पुनपरीक्षा लिया जाए। लेकिन सरकार के अड़ियल रवैया के कारण परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो सरासर अनुचित है।डॉ बीडी शर्मा ने बताया कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार का हिसाब आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं के द्वारा वोट के माध्यम हिसाब लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिटलर शाही का नया उदाहरण पेश करते हुए प्रशांत किशोर पर हमला किया और जबरन हिरासत मे लेकर बिहार में लोकतंत्र की हत्या कर दी है।

# आचार्य किशोर कुणाल की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बिहार एवं देश के राष्ट्रीय फलक पर मेधा,विद्वता समाजिक सरोकारों अपनी एक अलग पहचान रखने वाले बिहार के महान सपुत आचार्य किशोर कुणाल की याद में मोक्ष एवं ज्ञान की नगरी गयाजी के गाँधी मैदान अवस्थित गाँधी मंडप में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जदयू नेता अजीत शर्मा एवं संचालन विभिन्न समाजिक कार्यक्रमो में अपनी गहरी अभिरुचि रखने वाले शिक्षक नेता रणजीत कुमार के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आचार्य किशोर कुणाल जी के जीवन चरित्र के विभिन्न आयामो पर प्रकाश डालते हुए उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की वक्ताओं ने विस्तार से आचार्य किशोर कुणाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे महामानव की संज्ञा प्रदान कर कहा की समाज को अभी कई किशोर कुणाल की आवश्यकता है अतः उन्हे या उन जैसे महामानवो को हमारे बीच समाज में भेजते रहे और मानवता का मार्ग प्रशस्त करते रहे हैं। इस सभा में भाजपा नेता सह अधिवक्ता मुकेश कुमार कांग्रेस नेता विजय कुमार मिट्ठू,शिक्षक नेता ,रविंद्र कुमार, आशुतोष कुमार,जदयू नेता धन्नजय शर्मा, अवध बिहारी पटेल, राधेकांत शर्मा,रामनारायण शर्मा,अरबिंद वर्मा आदि थे।

# कुंदन बने राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला सचिव

## राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने जताया आभार

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के डाक बंगला परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव के द्वारा किंजर गांव निवासी राष्ट्रीय जनता दल के नेता कुंदन कुमार को राजद किसान प्रकोष्ट के जिला सचिव मनोनीत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि कुंदन सिंह के पिता वर्षों से राष्ट्रीय जनता दल के सजक सिपाही के रूप में काम किया आज अपने पिता के पद



चोन पर चलकर उनके पुत्र भी राष्ट्रीय जनता दल का प्रखर सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं उनके कार्य कुशलता को देखते हुए पार्टी नेताओं ने राजा किसान प्रकोष्ठ के जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया इस मौके पर जिला सचिव कुंदन सिंह ने कहा कि बरसों से मेरा परिवार राष्ट्रीय जनता दल के लिए समर्पित रहा है अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलकर हमने भी राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले राजनीतिक जीवन की शुरूआत किया है उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस उद्देश्य से हमें इस ओहदे पर बिठाया है मैं पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि उनके उद्देश्यों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, जिला महासचिव विजय यादव, रामनारायण मंडल, राजद वरिष्ठ नेता अनिल सौंडिक,चतुरी यादव नगर अध्यक्ष समेत कई राजद नेता शामिल थे।

# 18 जनवरी को पृथ्वीराज प्रतिमा अनावरण के 1 वर्ष पुरे होने पर विशेष समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज स्मृति भवन के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने किया जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 18 जनवरी को स्थल अवस्थित पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई जी की प्रतिमा अनावरण के 1 वर्ष पूरे होने पर विशेष समारोह आयोजन



करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस औरंगाबाद के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही।समारोह मनाने के लिए एक उप समिति का गठन किया गया।जिसके संयोजक जगदीश सिंह को बनाया गया। 18 जनवरी को पृथ्वीराज स्मृति भवन के प्रांगण में डेढ़ सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा।

300 लोगों को पकी रसोई का भोजन कराया जाएगा।अनावरण समारोह के मौके पर लोकसभा,विधानसभा विधान परिषद एवं नगर परिषद के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही साथ ट्रस्ट के विकास के लिए भी विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।अन्य सामाजिक कार्यों को भी मूर्त रूप प्रदान करने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन,वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह रामप्रवेश सिंह,गोरखनाथ सिंह,शैलेंद्र सिंह,चंद्रप्रकाश विकास, पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह शिक्षक संघ के नेता राम भजन सिंह,कमलेश सिंह,संजय कुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,रणजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांसद ने चार्जिग प्वाईट औरंगाबाद जिले में बनाने की कही बात



प्रातः किरण संवाददाता

गया।कुमारकोम, केरल में आयोजित ऊर्जा कमिटी की बैठक में सांसद सह नेता राजद संसदीय दल अभय कुशवाहा बिहार की ऊर्जा एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के चार्जिंग पॉइंट पर बोलते हुए कहा कि चार्जिग प्वाईंट बनाया जाए तो इन्हें अच्छा पोजेटीव रिजल्ट मिलेगी,वही सरकार को एवं समिती के तररफ से सुझाव जानी चाहिए कि फास्ट चार्जिग स्टेशन का भारत में और हमारे बिहार में कितने जगहों पर लगाए गये है वही औरंगाबाद समाहरणालय सभाकक्ष मे केम्प लगाने के लिए लिखा था वहा पर चार्जिग प्वाईंट दुगा तो औरंगाबाद क्षेत्र के लोगों मे जागरुकता आएगी, लेकिन जिलाधिकारी देने से इंकार कर दिए,अपने सांसद नीधी से दे रहा था जो इकार कर दिया गया,लगने से लोगों में जागरूकता आएगी। सरकार को और सभी जिलों में यह निर्देश जाना चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक भेकिल के प्रति चार्जिग अपना भी लगाना चाहिए, होटल व्यवसाय एवं पेट्रोल पम्प के लिए सोर उर्जा के लिए आपने क्या लोगे को जागरूक के लिए का कदम उठाया,लोग अपना लगाते हैं तो आप उसे कितना सब्सिडी देगे और ग्रामीण क्षेत्रों का भी मुद्दा उठाये औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने।

# ऐतिहासिक ग्राम जम्होर आने वाले भारतेंदु के 140वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जम्होर विकास मंच के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार, आधुनिक हिंदी साहित्य के उन्नायक कवि,लेखक, आधुनिक खड़ी बोली के सर्जक भारतेंदु हरिश्चंद्र जी की 140 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी के नेतृत्व में संवाद कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सचिव राणा सुनील सिंह सहित अन्य लोगों ने संवाद के क्रम में कहा कि 1884 ई में भारतेंदु जी का जम्होर ग्राम में आगमन हुआ था और उन्होंने यहां पहुंचकर विभिन्न साहित्यकारों से मुलाकात की और उनके प्रेरणा से विभिन्न साहित्य रचे गए। हिंदी साहित्य में आधुनिक काल का प्रारंभ भारतेंदु हरिश्चंद्र से माना जाता है।भारतीय नवजागरण के अग्रदूत के रूप में प्रसिद्ध भारतेंदु जी ने देश की गरीबी,पराधीनता शासको के मानवीय शोषण का चित्रण को ही अपने साहित्य का लक्ष्य बनाया।हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने की दिशा में उन्होंने अपनी प्रतिभा का उपयोग किया।

# 70वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द व अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर आक्रोश मार्च

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार आन्दोलानरत बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, लगातार हो रहे पेपर लीक, शिक्षा के स्तर में लगातार गिरावट, परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के मन में पेपर लीक को लेकर भय एवं 70वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द करने और तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा सृजित 3ड्ड50 लाख पदों पर वेकेंसी निकालने के सवाल पर अरवल ब्लॉक प्रांगण से आक्रोश मार्च निकालकर भगत सिंह चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।



इस दौरान युवा राजद जिलाध्यक्ष ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि युवा छात्र इकाई महागठबंधन ने हमेशा छात्रों के मुद्दे पर खड़ा रहेगी! आन्दोलनरत छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई, ुस्त्र॰ परीक्षा को रद्द करने की मांग राज्य सरकार से की! इस कार्यक्रम में युवा राजद जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव, छात्र राजद जिला प्रभारी रवि रंजन,इंकलाबी नोजवान सभा के राज्य उपाध्यक्ष शाह शाद , रविन्द्र सिंह ि७`", प्रदेश महासचिव छात्र राजद श्लोक कुमार ,आइसा जिला सचिव शाह फराज, सबा करीम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# डॉ सीएस पांडेय के निधन पर शोकाकुल हुआ औरंगाबाद का साहित्यिक जगत

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, समकालीन जवाबदेही परिवार,बतकही परिवार एवं पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सिंहा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ चंद्रशेखर पांडेय के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया।समाजसेवी अम्बिका पांडेय के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए डॉ संजीव रंजन के संचालन में उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ सी एस पांडेय जी एक जिंदादिल इंसान थे।सिंहा कॉलेज में विभिन्न संकायों को शुरूआत कराया था।

# संतोष ने मॉरीशस के मंत्री को विष्णु भगवान का पद चिन्ह देकर इन्हें सम्मानित किया



गया । मॉरीशस के केंद्रीय नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्री गोविंदर नाथ गुणेश पत्नी संग गया जी आकर आकर विष्णुपद मंदिर में अपने पूर्वजों के सुख शांति के लिए पिंडदान कर भगवान विष्णु का पूजा अर्चना किये है। इनके साथ भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष कुमार छोटे वेंकटेश कुमार मनमोहन कुमार पर्यटन पदाधिकारी इनके सहयोग के लिए विष्णु मंदिर के प्रांगण में मौजूद थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने ठंड से ठिठुरते लोगों को कंबल वितरण किया



गया।इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने, गांधी मैदान के पास नव वर्ष के शुभ अवसर पर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया है।वहां पर उपस्थित ठेला चालकों,रिक्शाचालकों और गरीब महिलाओं के बीच 101 कंबल वितरित किए गए।यह कार्यक्रम अध्यक्षा मुक्ता अग्रवाल के देखरेख में संपन्न हुआ है।इस कार्यक्रम के समय चार्टर प्रेजिडेंट शिखा रानी, पीपी रंजना, निशा भदानी, सुनीता ,संजना, और मंजू आदि सदस्य उपस्थित थे।इसकी जानकारी हमें क्लब की संपादिका प्रीति कुमारी ने दी है।

# आईआईएम बोधगया में पीएचडी करने को बनाएं अपनी करियर उत्कृष्टता का सर्वश्रेष्ठ निर्णय ले

प्रातः किरण संवाददाता

गया।आईआईएम बोधगया जुलाई 2025 से शुरू होने वाले बैच के लिए अपने मैनेजमेंट हेतु डॉक्टरेट प्रोग्राम पीएचडी के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में उच्च योग्य संकाय सदस्यों की मांग तेजी से बढ़ रही है एवं शीर्ष विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम और अन्य सरकारी वित्त पोषित संस्थानों में 14,500 से अधिक रिक्त संकाय पद हैं। कथित अंतर का प्रमुख कारण योग्य उम्मीदवारों की कमी, सीमित पीएचडी सीटों और पीएचडी के बाद करियर के अवसरों के बारे में गलत धारणाएँ है। पीएचडी के विस्तार एवं उपरोक्त समस्याओं को संबोधित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय, आईआईएम जैसे संस्थानों को अपने डॉक्टरेट कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

## पीएचडी का महत्व: सिर्फ अकादमिक क्षेत्र से कहीं अधिक

पीएचडी को आम तौर पर अकादमिक क्षेत्र में प्रवेश के इच्छुक लोगों के लिए एक मार्ग के रूप में देखा जाता है। यद्यपि, पीएचडी स्नातकों के लिए अवसर सिर्फ कक्षा तक सीमित न हो कर औद्योगिक जगत के भी द्वार खोलते हैं। पीएचडी धारकों को कंसल्टिंग फर्मों, मल्टीनेशनल कंपनियों, अनुसंधान संगठनों और सरकारी सलाहकार भूमिकाओं में अत्यधिक महत्व दिया जाता है। पीएचडी उन्नत समस्या-समाधान,



विश्लेषणात्मक और नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करता है, जिससे स्नातकों की विभिन्न उद्योगों में अत्यधिक मांग होती है। इसके अलावा, पीएचडी नवाचार को बढ़ावा देने, स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं में योगदान करने और सार्वजनिक नीति और वैश्विक व्यापार रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है।

## आईआईएम बोधगया का डॉक्टरेट कार्यक्रम

आईआईएम बोधगया का पीएचडी कार्यक्रम, 2020 में शुरू किया गया, जो एक पूर्णकालिक आवासीय पाठ्यक्रम है तथा जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले शोधकताओं का पोषण करना है।यह कार्यक्रम विपणन, अर्थशास्त्र, वित्त और लेखांकन, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली एवं विश्लेषणात्मक, संचालन प्रबंधन और मात्रात्मक तकनीक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार, व्यवसाय संचार तथा रणनीति प्रबंधन सहित आठ विशेषज्ञता प्रदान करता है। यह फैकल्टियों की एक अनुभवी अकादमिक टीम, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और समृद्ध पुस्तकालयों एवं डेटा एनालिटिक्स टूल जैसे संसाधनों द्वारा समर्थित एक मजबूत अनुसंधान वातावरण प्रदान करता है जो पीएचडी स्नातकों के लिए अत्यधिक लाभदायक है।

## वित्तीय सहायता और वैश्विक अनावरण

आईआईएम बोधगया में पीएचडी कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यहाँ उपलब्ध होने वाला वित्तीय समर्थन है।

आईआईएम बोधगया अन्य आईआईएम के बीच उच्चतम छात्रवृत्ति में से एक प्रदान करता है।

जिसके अंतर्गत पीएचडी छात्रों को प्रति माह 50,000 से शुरू होने वाला वजीफा मिलता है, जो व्यापक परीक्षा को सफलतापूर्वक पास करने के बाद 60,000 तक बढ़ जाता है। यह छात्रवृत्ति आईआईएम प्रणाली में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी है और वित्तीय तनाव को कम करती है। जिससे छात्रों को केवल अपने शोध पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिलती है।इसके अतिरिक्त, छात्रों को अपने दूसरे वर्ष में आईआईएम बैंगलोर में विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से वैश्विक प्रदर्शन का लाभ मिलता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## श्री कृष्ण गौशाला चुनाव परिणाम के अनुसार एक ही खेमे के 9 प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया

### एक खेमे के 9 प्रत्याशियो ने मारी बाजी

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी। जीत के बाद समर्थको में खुशी का माहौल, शांतिपूर्ण हुआ था चुनाव । जयनगर स्थित श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी का चुनाव परिणाम चौकाने वाला रहा। चुनाव परिणाम के अनुसार एक ही खेमे के 9 प्रत्याशियो ने जीत हासिल किये। चुनाव परिणाम के अनुसार 12 वा एवं अंतीम चरण के मत पेटी एवं कुल डाले गए 1199 मत की गिनती हुयी। जिसके अनुसार कल्पना सिंह को 832 मत मिले। वही पवन सिंह को 716,दिनेश जहागीड़ को 689,जयनारायण यादव को 673 श्याम किशोर सिंह 673 राम प्रसाद राउत 665,सुर्यदेव सिंह को 657 तथा सुनील बैरोलिया को 655 विश्मभर पुर्वे को 615 मत प्राप्त कर जीत हासिल किये। दुसरे खेमे के प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव 416 अनिल कुमार राय 367 अमीत कुमार झा 356,गोपाल राज-396 निलेश कुमार सिंह 376,मनोज कुमार वर्मा 422 राज कुमार सिंह 422 को मत प्राप्त हुये। कुल 1729 सौ में से 1199 मताधिकार हुआ था। मतगणना केन्द्र अनुमंडल कार्यालय पर स्थापित किया गया। एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार के मोनेटरिंग में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मौके पर डीएसपी विप्ल्व कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी प्राची अप्रुवा समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इधर जीत पर भुषण सिंह,चैम्बर के महासचिव अनिल बैरोलिया, पवन यादव,दीप सिखा सिंह, विनय यादव मनीष सिंह यादव, पप्पू जी, अरुण जैन, मनीष जायसवाल, सुभाष सिंह यादव,प्रीतम बैरोलिया,सचिन सिंह समेत अन्यो ने बधाई दिया है।

# यादों में रह जाएगा 140 वर्ष पुराना बरियारपुर का बशाही पुल

डॉ. विभुरंजन/नरेश आनंद







बरियारपुर मुंगेर। मुंगेर जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर दक्षिण में बसा है बरियारपुर प्रखंड। जमालपुर प्रखंड से कटकर लालू प्रसाद की सरकार में यह बरियारपुर प्रखंड अस्तित्व में आया। इसका मुख्यालय एन एच 80 पर। इसी एनएच 80 पर इसके मुख्य बाजार को उम्भी नदी दो भागों में बांटती है। अंग्रेजी शासनकाल में बादशाह ने 1880 में बरियारपुर को दो भागों में बांटने वाले उम्भी नदी पर पुल बनाकर एक करने के लिए कार्य शुरू कराया और 1885 में यह कार्य पूर्ण हो गया। इससे बरियारपुर बाजार एक हो गया। सीधे-सीधे कह सकते हैं कि तब के मुंगेर जिला में बेगूसराय, खगड़िया, जमुई अनुमंडल हुआ करता था। मुंगेर का जुड़ाव अपने बेगूसराय और खगड़िया अनुमंडल के लिए गंगा नदी में नाव का था। तो वहीं जमुई अनुमंडल के लिए उम्भी नदी में नाव का सहारा।

अंग्रेजी शासनकाल में बादशाह ने इस उम्भी नदी पर पुल बनवाया जिससे जमुई सीधे मुंगेर से जुड़ गया। बादशाह के द्वारा बनाये गये इस पुल का नाम आम लोगों ने अपने बोल चाल के रूप में बादशाही पुल रख दिया जो बाद के दिनों में अंगिका भाषा को ग्रहण करते हुए बशाही पुल हो गया। पुल शब्द का अर्थ है नदियों के ऊपर नावें पाटकर, मोटे रस्से बाँधकर या खम्भों पर पटरियां बिछाकर बनाया हुआ रास्ता और उससे जुड़ी सारी रचना। इसे हम पुल कहते हैं। यदि इसके समानार्थी शब्द की बात करें तो वह है सेतु, लंघनक आदि। इस पुल के निमार्ण में महज काला पत्थर, ईंट और सुर्खी चूना का प्रयोग किया गया है। फिर भी यह पुल आज निर्मित हो रहे पुलों से हजारों गुणा मजबूत है और रोज हजारों गाड़ियों के भार को कुशलतापूर्वक ढोने में सक्षम है। इस पुल पर से गुजरने वाले वाहनों की भार क्षमता निर्धारित की गई लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस लोड की क्षमता को प्रतिबंधित नहीं किया गया। बस सूचना के लिए एक अदद बोर्ड लगा दिया गया और असामाजिक तत्वों ने इस बोर्ड को भी उखाड़ फेंका। आज भी क्षमता से अधिक भार लिए ट्रक गुजरती है लेकिन पुल टस से मस नहीं होता है। इस पुल के कारण मुंगेर से जमुई और झारखंड, मुंगेर से लखीसराय, शेखपुरा, पटना, खगड़िया, बेगूसराय भागलपुर और झारखंड फिर पश्चिम बंगाल सीधे जुड़ पाया। इससे यहां के लोगों की यात्रा काफी सुलभ हो गयी।

अब यह पुल एन एच के काबिल नहीं रहा। इसलिए एन एच 80 के नवनिर्माण को लेकर इसे हटाना सरकार के लिए मजबूरी हो गई है। नये पुल का निर्माण भी शुरू हो गया है। इस पुल को एक दो दिन में पूर्णतया हटा दिया जाएगा। तब बादशाह के जमाने में निर्मित यह बाशाही पुल बरियारपुर, हवेली खड़गपुर और जमुई व सुल्तानगंज वासियों के लिए बस यादों में सिमट कर रह जाएगा। नया पुल एन एच के मापदंड के अनुरूप तैयार हो रहा है। बशाही पुल की लम्बाई करीब 40 फीट है। वहीं ऊंचाई भी लगभग 40 फीट है। वाहनों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार भी काफी मजबूत है जिसे आज तक कोई भी ट्रक अनियंत्रित होने की स्थिति में भी सुरक्षा दीवार को हिला तक नहीं पाया। एक अनुमान के तहत इस पुल से प्रतिदिन 5 हजार आदमी आना जाना करते हैं। जिले के 9 प्रखंड और 96 पंचायत के लोग इस पुल से आवगमन करते हैं। इसको बनाने के लिए रास्ते को बदला गया है। जब तक यह पुल तैयार नहीं हो जाता है तब तक विशेष कर स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होगी। एनएचआई के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि समय को देखते हुए उस जगहों पर हम लोग डायवर्जन देने का काम कर रहे हैं और बाहर के गाड़ी के लिए वैकल्पिक रास्ता दे रहे हैं। इस नदी में हर साल गंगा का पानी आता है। गंगा का धार भी तेज रहता है। गंगा के पानी का धार इस पुल से टकरा कर दर्जनों गांवों में फैल जाता है। बाढ़ के समय में पानी के कंरट का आवाज पुल पर से गुजरने वाले लोग भी सुनते हैं। गौरतलब है कि ऋषिकुंड का पानी भी सालोभर नदी में आता है और गंगा नदी में मिल जाता है।

## कातिब संघ के अध्यक्ष बने सुशील कुमार सुमन उर्फ पप्पू यादव



प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । उदाकिशुनगंज अवर निबंधन कार्यालय परिसर में सोमवार को कातिब संघ के चुनाव को लेकर सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रुप से वीरेंद्र मिश्र ने की। जहां सर्वसम्मति से सुशील कुमार सुमन उर्फ पप्पू यादव को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चयन कर लिया गया। वहीं मु. कलीम उद्दीन को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार मिश्र को सचिव, जितेंद्र कुमार मिश्र उपसचिव, चक्रधर मंडल कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। लगातार सात बार अध्यक्ष रहे सुभाष मिश्र ने अस्वस्थता के कारण ने पुनः अध्यक्ष पद पर रहने से असहमति जताते हुए खुद से नए नामों की घोषणा की। निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यकुशलता को देखते हुए उनके द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर संघ के सभी सदस्यों ने आम सहमति जताई। चुनाव संपन्न होने के बाद संघ के सदस्यों ने खुशियां मनाया। सदस्यों ने नव चयनित अध्यक्ष को फूल माला से स्वागत किया। सदस्यों ने संघ हित में बेहतर काम की उम्मीद जताया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार सुमन ने कहा कि पहले की तरह वह सदस्यों के भरोसे पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे। मौके पर चुनाव प्रवेक्षक बिरेंद्र मिश्र ने चुनाव प्रक्रिया के संबंध में बताया कि काफी सुखद वातावरण रहा। यहां का संघ काफी संयमित और सुशोभित है। बड़े ही सालिनता के साथ संगठन को पूर्नगगठित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा कम ही देखने मिलता है। जहां आमसहमति से प्रक्रिया को अपनाया जाता है। मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा ने सभी नवचयनित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बधाई दी।सभी ने चुनाव संपन्न होने के बाद फूल माला बुक, कलम से नए प्रतिनिधि का स्वागत किया। सभी ने बताया कि संघ की मजबूती प्रदान करने हेतु हम लोगों ने चुनाव किया गया। जिसमें विभिन्न पदो के लोगों से संघ को एक नई दिशा मिलेगी। मौके पर देवेन्द्र मिश्र, बैजनाथ पाठक, श्याम सुंदर मेहता, निरंजन मिश्र, शालीग्राम शर्मा, प्रमोद चौधरी, संजय गुप्ता, मिथिलेश मिश्र, आमोद सिंह, रंजीत कुमार राणा, शत्रुघ्न मिश्रा, नरेश मंडल, सुदर्शन आचार्य, कौशल यादव, राजीव मिश्र, पंकज मिश्र आदि मौजूद थे।

## आसा पार्टी के कलमजीवी प्रकोष्ठ की बैठक हुई सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के कलमजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ प्रभात चन्द्रा ने आशियाना-दीघा रोड स्थित प्रकोष्ठ कार्यालय में बैठक कर सभी सदस्यों को सदस्यता अभियान में सक्रीय रूप से भाग लेते हुए, जिला और प्रखंड स्तर तक सदस्यों को विस्तारित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी, एक नई पार्टी है लेकिन हम सभी सदस्यगण राजनीतिक पार्टी में पूर्व से कार्यरत रहे हैं इसलिए पार्टी कार्यकलापों से भली भांति अवगत हैं। आसा पार्टी को जमीनी स्तर तक यह पहुंचाने का जो काम कर रहे हैं उसमें तेजी लाने की आवश्यक है। आसा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में नया विकल्प बनाना है।



उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आसा पार्टी की सदस्यता अभी तक ग्रहण नहीं किया हैं, वे लोग शीघ्र सदस्यता ग्रहण कर लें और अपना सदस्यता प्रमाण पत्र को प्रकोष्ठ के ग्रुप में डाले, ताकि प्रकोष्ठ का विस्तार करने में मुझे सहूलियत हो।

डॉ प्रभात चंद्रा ने कहा कि जिन लोगों को कार्य करने में किसी तरह की कठिनाई हो तो मुझसे (प्रकोष्ठ अध्यक्ष) से सीधे या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित कर मार्ग दर्शन ले सकते हैं।

बैठक में ब्रजभूषण लाल कर्ण (पटना), दीपक कुमार सिन्हा (दरभंगा), चेतन थिरानी (पटना), शैलेश कुमार (पटना), अनुराग समरूप (पटना), जितेन्द्र कुमार सिन्हा (पटना), डॉ0 आर0के0 गुप्ता (मोतिहारी), अजय कुमार वर्मा (बेगूसराय), डॉ पंकज कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ प्रदीप कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ सी0 एन0 प्रसाद (पटना), चौधरी निरंजन प्रसाद (पटना), विजय श्रीवास्तव (पटना), रोहित सिन्हा (पटना), अश्विनी सिन्हा (पटना), शैलेश कुमार सिन्हा (पटना), आशुतोष कुमार (पटना), अमरेश दास (पटना), सुश्री रूपश दास (पटना), सुश्री सुषमा सिन्हा (नवादा), रोहितेश सिन्हा (पटना), रजनीश श्रीवास्तव (भोजपुर) एवं सुरेन्द्र कुमार रंजन (पटना) शामिल थे।

## छपरा की बेटी स्वाति मिश्रा श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम के 1 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम में भजन की करेगी प्रस्तुति



छपरा कार्यालय।अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरा होने पर 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को पहले 11:00 बजे गर्भ गिरी में श्री राम लाल का अभिषेक करेंगे इसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर में गर्भ गृह के निकट मंडप में तीन दिवसीय श्री राम - राग सेवा का कार्यक्रम होगा ।

## चोरी की बाईक के साथ दो युवक गिरफ्तार

चनपटिया।मनुआपुल पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर चोरी के बाईक के साथ स्थानिय थाना क्षेत्र के जोकहां गांव निवासी सुधन कुमार, सिबु कुमार को बैष्णवी क्लोनी के समिप से गिरफ्तार किया गया।ये लोग अन्यत्र जगह पर चोरी की बाइक बिक्री करने के लिए ले जा रहे थे, बाइक जप्त कर लिया गया साथ में एक मास्टर चाभी बरामद किया गया।

## आइरा इलेवन को दो विकेट से हरा कर जिला क्रिकेट संघ एकादश ने जीता फैंसी मैच

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल स्टेडियम में रविवार को आईरा इलेवन और जिला क्रिकेट संघ एकादश के बीच फैंसी मैच खेला गया। जहां आईरा इलेवन के कप्तान अमिताभ ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित दस ओवर के मैच आईरा इलेवन ने तीन विकेट खोकर 72 रन बनाए। आईरा इलेवन से पाली की शुरूआत बंटी सिंह और अमितेश सोनू ने की। दोनों ने चार ओवर में 25 रन जोड़े। इसके बाद प्रशांत ने 21 और सुशांत ने 18 रन बनाए। सुशांत ने 18 और प्रशांत ने 21 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिला क्रिकेट संघ एकादश की टीम ने विश्वनाथ और शानू की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत आठ विकेट खोकर मैच जीत लिया। आईरा इलेवन की ओर से अमिताभ ने चार विकेट लिये। आईरा इलेवन में अमिताभ कुमार, सरोज कुमार, मुरारी सिंह, बंटी सिंह, सुनीत साना, मनीष कुमार, सुशांत, प्रशांत, दिलखुश, अमितेश आदि मौजूद थे।

## अयोध्या श्री राम मंदिर के स्वामी परमानंद ने भी शीश नवाया



पटना सिटी (प्राकि)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या के श्री राम मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी स्वामी परमानंद भी दशमेश पिता के प्रकाश पर्व पर दरबार साहिब पहुंचे। उनके साथ उनके उत्तराधिकारी स्वामी ज्योतिर्मभालन भी थे। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने उनका खासा ख्याल रखा। उन्हें दरबार साहिब में ले जाकर गुरु घर के इतिहास से अवगत कराया गया। प्रमुख धरोहरों का दर्शन कराने के बाद उन्हें सिरोपा भी प्रदान किया गया।

## जलालपुर थाना अंतर्गत आईटीबीपी के समीप बस के एक्सीडेंट से दो लोगों की हुई मौत

जलालपुर थाने के रामपुर नूर नगर के निवासी धीरेंद्र रायऔर ईश्वर राय दोनों सगे भाई थे उनके पापा का नाम भोला राय है जो रामपुर नूर नगर के निवासी थे रोहित मोहित बस छपरा जाने के क्रम में आईटीबीपी के सामने उसके कॉर्नर पर जहां नूर नगर की मोर है उसी मोड़ पर जबरदस्त एक्सीडेंट हुई है बस का नंबर है इफ 04ढअ7419 यह घटना करीबन 4 बजे की है इस समय से बनियापुर से छपरा जाने के क्रम में 2 लोगों का एक्सीडेंट हुआ , गुस्साए लोग पूरे रास्ते को जाम कर दिए, उसके बाद जितने भी अधिकारी थे मौके पर पहुंचे लोगो ने मुवॉजे की डिमांड रखी मौके पर थाना प्रभारी राहुल कुमार जलालपुर उड वर्तमान अधिकारी भी पहुंचे पुलिस बल भी पहुंचा अधिकारियों ने मृत्यु परिवार को मुआवजा दी 20-20 हजार का मुआवजा दिए और सरकार से मिलने वाली जो चार-चार लाख रुपए की राशि है वह भी देने का वादा किया और वही कहे की बस मालिक से भी जो बनता है वह दिलवाया जाएगा और जाम को खोला जाए उग्र लोगों ने 2 घंटे के बाद आखिरकार जाम खोल दिए उनके घर के लोगों को रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था दो बच्चे और एक बच्चे हैं जो शादी के लायक है लोगों ने कहा कि उनके भी शादी का खर्च और लोगों ने कई की यही कमाने वाले थे उनका घर का पालन पोषण बस वाले से मिलना चाहिए घंटा समझने के बाद आखिरकार जाम 5.30बजे जाम खुला और आवाज आई स्टार्ट हुई हालांकि स्पॉट डेट एक लोग थे और दूसरे लोगों को सदर अस्पताल भेजा गया था 17 अस्पताल जाने के बाद दूसरे लोग भी उनके देहांत हो गई लोगों में मातम पसरा हुआ है भाई का माहौल बना हुआ है लोगों का कहना है कि यहां इस रास्ते पर बंपर की बहुत ही जरूरत है क्योंकि गाड़ियों में स्पीड कामता नहीं है

## लगातार पांच बार सरपंच रह चुके राम पुकार गुप्ता का निधन

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के पूर्व सरपंच राम पुकार गुप्ता का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया।वे 84 वर्ष के थे।काफी दिनों से वे बीमार चल रहे थे।वे लगातार पांच बार महम्मदपुर पंचायत का सरपंच रह चुके थे।उन्होंने अपने पैतृक गांव मुहम्मदपुर में अंतिम सांस ली।उनका अंतिम संस्कार दिघवारा गंगा घाट पर किया गया।मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र मनोज कुमार गुप्ता ने दी।उन्होंने दो पुत्र सहित नाती पौता से भरापूरा परिवार छोड गया है।

## महारूद्र यज्ञ को लेकर युवाओं द्वारा किया जा रहा पंचायत वासियों को जागरूक

■ युवाओं द्वारा मार्च में प्रस्तावित रुद्र यज्ञ को लेकर ग्रामीणों से सहयोग करने की जा रही है अपील

प्रातः किरण संवाददाता



नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के खारा पंचायत में इन दिनों आगामी मार्च में होने वाले महारुद्र यज्ञ को लेकर युवाओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं ने रविवार को जयकारे के साथ पंचायत के वार्ड नंबर 1 से वार्ड नंबर 13 तक दर्जनों युवा मोटरसाइकिल रैली निकाल कर ग्रामीणों को सहयोग कर महारुद्र यज्ञ को सफल बनाने हेतु आगाह कर रहे है। इस रैली में मौजुद युवा विश्वनाथ झा ने कहा खारा में महारुद्र यज्ञ का आयोजन आगामी मार्च 2025 में होने जा रही है। जिसको लेकर आगामी रविवार को पूरे पंचायतवासी का बैठक रखने की उम्मीद है। जिससे पंचायत वासी का विचार व्यक्त हो। जिसको लेकर पंचायत के हर गांव गली घूम कर बुजुर्गो से सहमति के साथ साथ सहयोग करने की अपील कर रहे है। युवा के इस रैली में दीपक कुमार, माधव झा, रितेश झा, प्रमोद पासवान सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

## भिखना पहाड़ी से जुगाड़ गाड़ी पर रहे 10 कार्टन शराब बरामद

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी ।उत्पाद विभाग की टीम ने एक बार फिर जुगाड़ गाड़ी से कूरियर जैसे बोरा में रहे 10 कार्टन विदेशी शराब जब्त किया है। यह जानकारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने सोमवार को दी।

उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि पीरबहोर थाना क्षेत्र के भिखना पहाड़ी के पास शराब जा रहा है। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में एएसआई नेहा कुमारी, सिपाही शशि कुमार व दीपांशु कुमार को बताए गए स्थान पर भेजा गया। इस दौरान जुगाड़ गाड़ी पर कूरियर के सामान के जैसा बोरा में पैक किया हुआ कार्टन रखा हुआ था। उसे रुकवाया गया, तो चालक तेजी से भाग निकला। जब बोरे को खोलकर जांच की गई, तो उसमें 10 कार्टन में रहे 120 बोतल विदेशी शराब पाया गया।इसकी मात्रा करीब 90 लीटर है और इसका अनुमानित मूल्य लगभग 75 हजार आंका गया है। हालांकि कोई गिरफ्तार नहीं हो पाई। विदेशी शराब के बोतल पर उत्पाद और बिक्री का क्षेत्र हरियाणा लिखा हुआ था। उत्पाद विभाग की टीम ने जुगाड़ गाड़ी और शराब को जब्त कर लिया।

## भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से शैक्षणिक माहौल पर पड़ेगा असर

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में 2024 के दिसंबर तक करीब 62 शिक्षकों का कार्यकाल पूरा हो गया। वे सेवानिवृत भी हो गए। उप कुलसचिव स्थापना डा. विवेक कुमार ने बताया कि अगले साल करीब 28 शिक्षक और 34 कर्मचारी सेवानिवृत हो जाएंगे। 2024 के अंत तक सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों में बीएनएमवी कालेज के प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, एआईएच के एचओडी डा. ललन प्रसाद अद्री, केमिस्ट्री के डॉ. अशोक कुमार यादव, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. नवीन कुमार, महाविद्यालय निरीक्षक डॉ.भूपेंद्र सिंह, डॉ. गोपल प्रसाद सिंह, मैथिली के डॉ. विमल कुमार सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार, गणित के डॉ. मनोज कुमार मनोरंजन सहित 62 शिक्षक सेवानिवृत हुए हैं। बीएनएमयू में कई सालों से पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की कमी रही है। शिक्षा विभाग बहाली करती भी है तो रिक्त सीटों के अनुरूप बहाली नहीं हो रही है।

इस बीच छात्र बिना पढ़े ही डिग्री हासिल करने को विवश होते हैं। छात्र, अभिभावकों ने विवि और कालेजोंमें शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के लिए गेस्ट शिक्षकों की बहाली करने की मांग उठने लगी है। उनका कहना है कि क्लास में छात्रों को परेशानी नहीं हो इसके लिए गेस्ट फैकल्टी की बहाली अविलंब विश्वविद्यालय को करना चाहिए। जबकि विश्वविद्यालय ने करीब छह महीने पूर्व ही गेस्ट टीचर की बहाली के लिए आवेदन लिया है।

## सांसद प्रतिनिधि ने किशोर कुणाल के तैल चित्र पर किया माल्यार्पण



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार के चर्चित लोकप्रिय आईपीएस महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव सह हिन्दू न्यास समिति के अध्यक्ष राम मंदिर न्यास समिति के सदस्य स्वर्गीय किशोर कुणाल जी के पटना उनके आवास पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह पहुंच कर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया और परिजन से मिलकर सांत्वना दिया और दुःख प्रकट किया इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी सांसद जनार्दन सिगीवाल उनके पुत्र सायन कुणाल पुत्र वधु सांसद सामभवी चौधरी हरिहरनाथ मंदिर समिति सचिव विजय लाला और कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा राहुल सिंह सहित अनेक मंत्री विधयाक और अधिकारी का आने का लगा लग रहा है ताता और लोगो ने कहा की कुणाल किशोर जी बहुत अच्छे इंसान थे और उन्होंने बिहार और देश के लिए बहुत कुछ किये उन्ही के द्वारा पटना मे महावीर कैंसर अस्पताल महावीर नेत्रालय सहित कई संसास्थान बनवाया गया जिससे लाखो लोगो को लाभ मिल रहा है।

## दधीचि देह दान समिति के सरंक्षक जंयती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



प्रातः किरण संवाददाता

गया।दशमेश गुरु गोविन्द सिंह एंव श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी दधीचि देह दान समिति के सरंक्षक जंयती के अवसर पर रक्त दान किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता सह रोगी कल्याण समिति के सदस्य अनंत धीश अमन और समाजसेवी सोनू सौरव गुप्ता, विकास कुमार अन्य लोगों ने रक्त दान किया है।

इस अवसर पे भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अनिल स्वामी एवं सदर अस्पताल उपाधीक्षक संजय सिह, अरविंद राय पियूष शर्मा वार्ड सारिका वर्मा आदि उपस्थित रहे हू।

## केंद्रीय विद्यालय की छात्रा नेहा ने हिंदुस्तान में दूसरा स्थान प्राप्त किया

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर खगौल नगर अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय खगौल में पढ़ने वाली छात्रा नेहा कुमारी ने एन सी ई आर टी द्वारा भोपाल मे आयजित 3 जनवरी से 6 जनवरी तक चलने वाली 3 डी मूर्तिकला मे दूसरा स्थान प्राप्त कर केंद्रीय विद्यालय संगठन का नाम रौशन किया है। नेहा की इस सफलता के बाद भोपाल के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उसे ट्रॉफी एवम मेडल पहना कर सम्मानित किया। वही इस संबंध मे खगौल केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य स्निग्धा आनंद ने कहा कि नेहा की असाधारण प्रतिभा, समर्पण और उसके कला शिक्षक जितेंद्र कुमार व गुरुओं द्वारा प्रदान की गई सहायता प्रणाली को उजागर करती है। नेहा का उत्कृष्ट प्रदर्शन उसकी कड़ी मेहनत और केंद्रीय विद्यालय खगौल द्वारा दी जाने वाली समग्र शिक्षा का प्रमाण है। उसकी यह उपलब्धि न केवल उसके स्कूल बल्कि पूरे केंद्रीय विद्यालय परिवार, खासकर पटना क्षेत्र को गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि मेरे कला शिक्षक के निरंतर समर्थन और प्रेरणा तथा मेरे विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों के बिना संभव नहीं थी। पूरे देश में केंद्रीय विद्यालय संगठन से दृश्य कला ने इकलौती छात्रा जो पटना बिहार से प्रतिभागियों में चयनित हुई है नेहा कुमारी केंद्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग, बिहार से प्रतियोगिता में चयनित इकलौती छात्रा है ।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा छपरा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा को लेकर इन दोनों बिहार के दौरे पर हैं इसी दौरान वे 8 जनवरी को सारण का भी एक दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान उनकी प्रगति यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और जिले में विकास के कार्यों को बहुत ही तेजी के साथ किया जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस दौरान सारण को कई बड़ी सौगात देंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण की जनता को बहु प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का तोहफा देंगे। छपरा में वर्षों से बना रहे इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण अब लगभग पूर्ण हो चुका है और संभवत इसकी पहली यूनिट को मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे। लगभग 500 बेड का यह अस्पताल भी चालू होगा इसके साथ ही 120 एमबीबीएस के छात्रों का भी यहां नामांकन होगा और यहां पर मेडिकल की पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

लगभग 425 करोड़ की लागत से बनने वाला यह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सारण वासियों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। बिहार के मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा को लेकर 8 जनवरी को यहां आएंगे।

## इंग्लैंड के खिलाफ ही नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर हो सकते हैं जसप्रीत बुमराह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीठ में ऐंठन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर सीमित ओवरों की सीरीज के अधिकांश मैचों से आराम दिया जा सकता है। उनकी नजरें 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे बुमराह पीठ में ऐंठन के कारण सीरीज की अंतिम पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। समाचार एजेंसी के अनुसार 30 वर्षीय बुमराह ने सीरीज में 150 से अधिक ओवर गेंदबाजी की। इस चोट का सीधा संबंध सीरीज में उनके अत्यधिक वर्कलोड से है.



### बाबर आजम के साथ मिलकर बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## शान मसूद ने साउथ अफ्रीका में जमाया ऐतिहासिक शतक

**केपटाउन, एजेंसी।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है. पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 194 रनों पर ढेर होने के बाद बहुत ही मुश्किलों में थी. साउथ अफ्रीका ने फॉलो ऑन के लिए मजबूर कर दिया था. तभी दूसरी पारी में कप्तान शान मसूद ने ऐतिहासिक शतक जमाया. उन्होंने मैच के तीसरे दिन बाबर आजम के साथ मिलकर 205 रनों की ओपनिंग साझेदारी की और टेस्ट क्रिकेट में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया.

दरअसल, 148 सालों के टेस्ट इतिहास में फॉलो ऑन के बाद ये सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी बन गई है. साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था. इसके बाद उनकी टीम ने पहली पारी में 615 रनों विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. इसके जवाब में पूरी पाकिस्तानी टीम 194 रन पर ढेर हो गई.

अब दूसरी पारी में फॉलो ऑन मिलने के बाद पाकिस्तान पर दबाव दोगुना हो गया था. टीम के रेगुलर ओपनर सैम अयूब एंकल इंजरी के



कारण मुकाबले से पहले ही बाहर हो चुके थे. लेकिन शान मसूद ने पिछली गलती को भूलते हुए बाबर आजम के साथ लड़ाई दिखाई और तेजी से रन बनाए. उन्होंने 166 गेंद में 102 रनों की नाबाद पारी खेली और शान ने 205 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप से अपनी टीम को मुश्किलों से निकाला.

हालांकि, दिन का खेल खत्म होने से पहले बाबर आजम 81 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इससे ज्यादा मुश्किलें नहीं आई. नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद ने विकेट नहीं गिरने दिया. पहले दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान की टीम ने दूसरी पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 213 रन बना लिए हैं और अब साउथ अफ्रीका से 208 रन पीछे है.

बाबर ने एक ही दिन जड़ी दो फिफ्टी

शान के साथ बाबर आजम भी वापस फॉर्म लौटते हुए दिखाई दिए. वो पिछले करीब दो साल रन के लिए संघर्ष कर रहे थे. वहीं अर्धशतक और शतक के लिए तरस गए थे. लेकिन साउथ अफ्रीका में वो रंग में लौटे और एक ही दिन में 2 फिफ्टी ठोक दी.

## विराट, रोहित, रवींद्र का ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अपने घर में खेली गई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-1 से करारी शिकस्त दी है. इसी के साथ कंगारू टीम ने बॉर्डर गावस?कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. सीरीज का पांचवां यानी आखिरी टेस्ट सिडनी में खेला गया, जिसके तीसरे दिन (5 जनवरी) ही ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली. बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1996-97 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है. मगर इस बार का ऑस्ट्रेलियाई दौरा कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के लिए आखिरी साबित होगा.

### उम्र ही बाधा बनेगी

दरअसल, भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब अगला ऑस्ट्रेलिया दौरा 2029 में करना है. ऐसे में इन तीनों के लिए उनकी उम्र ही बाधा बनेगी. रोहित इसी साल 30 अप्रैल को 38 साल के हो जाएंगे. जबकि कोहली की उम्र 36 साल है.

दूसरी ओर स्पिन ऑलराउंडर जडेजा हैं, जो पिछले ही महीने यानी 6 दिसंबर को 36 साल के हुए हैं. ऐसे में इन तीनों का अगला ऑस्ट्रेलिया दौरा नामुमकिन सा है. इस तरह इन तीनों का यह आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा साबित होगा. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत अगली टेस्ट सीरीज 2026-27 में होनी है. मगर तब कंगारू टीम को भारत दौरे पर आना होगा.

### रोहित के लिए बेहद खराब रहा ऑस्ट्रेलिया दौरा

मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित शर्मा का बेहद ही खराब प्रदर्शन रहा है. हिटमैन ने इस ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3 टेस्ट की 5 पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं. उनका औसत भी 6.20 का रहा, जो किसी पुछल्ले गेंदबाज से भी कम का है. जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 3 पारियों में रोहित से ज्यादा 38 रन जड़ दिए हैं.

जबकि विराट कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए. इस दौरान एक शतक भी जमाया है. दूसरी ओर जडेजा ने 5 पारियों में 135 रन जड़े. साथ ही गेंदबाजी में जडेजा ने 4 पारियों में 4 विकेट झटके है.





### रोहित का क्रिकेट करियर

- **टेस्ट क्रिकेट:** 67 मैच, 116 पारियां, 4301 रन, 212 हाइएस्ट स्कोर, 40.57 औसत, 12 शतक और 18 अर्धशतक
- **वनडे क्रिकेट:** 265 मैच, 257 पारियां, 10866 रन, 264 हाइएस्ट स्कोर, 49.16 औसत, 31 शतक और 57 अर्धशतक
- **टी-20 क्रिकेट:** 159 मैच, 151 पारियां, 4231 रन, 121* हाइएस्ट स्कोर, 32.05 औसत, 5 शतक और 32 अर्धशतक

### जडेजा का क्रिकेट करियर

- **टेस्ट क्रिकेट:** 80 मैच, 118 पारियां, 3370 रन, 175* हाइएस्ट स्कोर, 34.74 औसत, 4 शतक और 22 अर्धशतक, 323 विकेट लिए.
- **वनडे क्रिकेट:** 197 मैच, 132 पारियां, 2756 रन बनाए, 189 पारी में 220 विकेट लिए, 5/33 बेस्ट प्रदर्शन.
- **टी-20 क्रिकेट:** 74 मैच, 41 पारियां, 515 रन बनाए, 71 पारी में 54 विकेट लिए, 3/15 बेस्ट प्रदर्शन.




### विराट कोहली का क्रिकेट करियर

- **टेस्ट क्रिकेट:** 123 मैच, 210 पारियां, 9230 रन, 254* हाइएस्ट स्कोर, 46.85 औसत, 30 शतक और 31 अर्धशतक
- **वनडे क्रिकेट:** 295 मैच, 283 पारियां, 13906 रन, 183 हाइएस्ट स्कोर, 58.18 औसत, 50 शतक और 72 अर्धशतक
- **टी-20 क्रिकेट:** 125 मैच, 117 पारियां, 4188 रन, 122* हाइएस्ट स्कोर, 48.69 औसत, 1 शतक और 38 अर्धशतक



## 11 जून से शुरू होगा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फ़ाइनल

**लॉर्ड्स, एजेंसी।** दक्षिण अफ़्रीका और ऑस्ट्रेलिया तीसरे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल में आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में भारत को हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में 3-1 से सीरीज़ जीतने के साथ ही फ़ाइनल में जगह बनाई। यह मुक़ाबला 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पास इस चक्र में अभी दो और मैच बचे हैं, जो इस महीने के अंत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ श्रीलंका में होंगे। लेकिन अगर वे 0-2 से हार भी जाते हैं, तब भी भारत या श्रीलंका में से कोई भी टीम उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टेबल के शीर्ष दो स्थानों से नहीं हटा सकेगी। अगर श्रीलंका 2-0 से यह सीरीज़ जीतता है, तो वह 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 63.73 प्रतिशत अंक पर है और वह अगले दो मैच हार भी गया तो 57.02 प्रतिशत अंक पर रहेगा। वहीं भारत इस डब्ल्यूटीसी चक्र को 50 प्रतिशत अंकों के साथ समाप्त कर चुका है। ऑस्ट्रेलिया के लिए फ़ाइनल में जगह गंवाने का एकमात्र रास्ता यह है कि वे श्रीलंका में होने वाले दोनों मैचों में आठ पेनल्टी प्वाइंट गंवाएं, जो लगभग असंभव है। दक्षिण अफ़्रीका फ़ाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी। उन्होंने वेस्टइंडीज़, बांग्लादेश (2008 के बाद एशिया में पहली सीरीज़ जीत) और श्रीलंका के ख़िलाफ़ सीरीज़ जीती, जबकि भारत के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ ड्रॉ रही और न्यूज़ीलैंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने कमज़ोर टीम के साथ दौरा किया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल में जगह बनाना दक्षिण अफ़्रीका के लिए सपनों की तरह रहा, जो इस साल की शुरुआत में पुरुष और महिला टी20 वर्ल्ड कप में उपविजेता भी रहे थे।

## सिडनी टेस्ट से बाहर होने के बाद मार्श बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलेंगे



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिशेल मार्श, जिन्हें भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर कर दिया गया था, बिग बैश लीग (बीबीएल) में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मार्श, जिन्होंने आखिरी बार सिडनी सिक्सर्स पर बीबीएल सीजन 11 के फाइनल में स्कॉर्चर्स के लिए खेला था, उन्हें मंगलवार को ऑप्टस स्टेडियम में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए स्कॉर्चर्स की टीम में शामिल किया गया है।श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण ऑलराउंडर को सिडनी टेस्ट से बाहर कर दिया गया था और उनकी जगह डेब्यू करने वाले ब्यू वेबस्टर को शामिल किया गया, जिन्होंने 57 और नाबाद 39 रन बनाने के अलावा एक विकेट और दो शानदार कैच भी लिए। टखने की सर्जरी के कारण मार्श पूरे बीबीएल सीजन 12 से बाहर हो गए थे और ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में अपनी जगह वापस जीतने के बाद टूर्नामेंट के 13वें सीजन के लिए उपलब्ध नहीं थे। स्कॉर्चर्स में मार्श की वापसी से प्रतिस्थापन खिलाड़ी ब्रायस जैक्सन 14 खिलाड़ियों की टीम से बाहर हो गए हैं।



### विराट कोहली को एबी डिविलियर्स की सलाह-

## मैदान पर लड़ाई से बचें, कई बार ज्यादा ही उलझ जाते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने रविवार (6 जनवरी) को रीसेट करने और फॉर्म में वापस आने के लिए मैदान पर लड़ाई से बचने की सलाह दी है। कोहली ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में बहुत खराब प्रदर्शन किया।

उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 190 रन बनाए थे। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि हर बार अपने दिमाग को रीसेट करना जरूरी है। विराट को लड़ाई पसंद है, लेकिन जब आप अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं होते हैं, तो उन चीजों से छुटकारा पाना सबसे अच्छा होता है। एक बल्लेबाज के तौर पर हर गेंद के लिए रीसेट होना और उसे इवेंट समझना और गेंदबाज के बारे में भूल जाना सबसे अच्छा है। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि विराट कभी-कभी अपनी फाइटिंग स्पिरिट के कारण उसे भूल जाते हैं। वह पूरे भारत को दिखाना चाहते हैं कि वह उनके लिए लड़ने के लिए मौजूद हैं और इसलिए उलझ जाते हैं। उस व्यक्ति (कोहली) का कौशल, अनुभव और महानता कोई मुद्दा नहीं है। कभी-कभी हर एक गेंद के बाद फिर से ध्यान केंद्रित करना होता है। हो सकता है कि कभी-कभी वह बहुत अधिक उलझ जाते हैं।

### सैम कोनस्टस के साथ विवाद

कोहली ने चौथे टेस्ट में सुर्खियां बटोरीं जब ऑस्ट्रेलिया के सैम कोनस्टस के साथ मैदान पर उनका विवाद हुआ। दोनों खिलाड़ी मैदान पर एक दूसरे से भिड़ गए थे। टेस्ट में आउट होने के बाद मेलबर्न के दर्शकों ने कोहली का मजाक उड़ाया। कोहली उनसे भी उलझे। डिविलियर्स ने कहा, ÷मुझे लगता है कि मैदान पर लड़ाई विराट की सबसे बड़ी ताकत है और यह उनकी कमजोरी भी हो सकती है।

## व्हीलचेयर पर बैठकर जीवन को फिर से शुरू करना बहुत मुश्किल था: पैरा शूटर अवनि लेखरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा ने पैरा-एथलीट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया और चैंपियन बनने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार किया।

दो बार पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि 10 साल की उम्र में एक कार दुर्घटना के बाद कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गई थीं। चुनौतियों को अपने ऊपर हावी न होने देते हुए उन्होंने 2015 में निशानेबाजी का खेल अपनाया और तब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट जीते। 2020 में, अवनि ने टोक्यो में पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर



इतिहास भी रच दिया। उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट पर कहा, यह एक उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। मुझे सब कुछ नहीं दिया गया था और मुझे बिल्कुल शुरुआत से शुरुआत करनी पड़ी।

दुर्घटना से पहले, मैं एक अलग बच्ची थी। मुझे डांसिंग, सिंगिंग और ऐसे ही अन्य शौक ज्यादा पसंद थे। दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर पर जीवन को फिर से शुरू करना काफी मुश्किल था। आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। आपको फिर से बैठना भी सीखना पड़ता है।

## ऋषि धवन ने किया संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया में इस वक्त कई बड़े खिलाड़ियों के संन्यास की अटकलें लगाई जा रही हैं. स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अचानक सीरीज के बीच से ही रिटायरमेंट के बाद ऐसी अफवाहें ज्यादा तेज हो गई. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज हारने और बल्ले से नाकाम रहने पर कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बाहर करने और रिटायर होने की सलाह दी जा रही है. मगर इन दोनों से पहले एक भारतीय खिलाड़ी ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. ये खिलाड़ी हैं ऋषि धवन, जिन्होंने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है.

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम के कप्तान और टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर ऋषि धवन ने रविवार 5 जनवरी को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया. 34 साल के धवन ने अपने रिटायरमेंट पोस्ट में बताया कि वो भारतीय क्रिकेट में लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट से संन्यास ले रहे हैं. यानि अब वो विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और इंडियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए नहीं दिखेंगे. हालांकि वो फर्स्ट क्लास यानि रणजी ट्रॉफी में खेलना जारी रखेंगे.



### मैच के बाद किया ऐलान

धवन का ये ऐलान ठीक उस दिन आया, जिस दिन उनकी टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी में जीत दर्ज की. रविवार 5 जनवरी को धवन की कप्तानी वाली हिमाचल प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 8 विकेट से हरा दिया. खुद धवन ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई. उन्होंने पहले 2 विकेट हासिल किए. फिर तेजी से नाबाद 45 रन की पारी खेलकर टीम को जीत तक पहुंचाया. धवन की कप्तानी में ही 3 सीजन पहले हिमाचल ने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था.

ऋषि धवन ने अपने पोस्ट में बीसीसीआई, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, अपने टीममेट्स और फैंस को धन्यवाद दिया. उन्होंने साथ ही पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स को भी शुक्रिया कहा, जिन फ्रेंचाइजियों के लिए उन्होंने आईपीएल में हिस्सा लिया था. धवन की आखिरी आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ही थी लेकिन इस बार उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था.

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रंप की चुनावी जीत की पुष्टि करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस तैयार

वाशिंगटन। अमेरिका के बफीर्ले तूफान से जूझने के बीच कांग्रेस (संसद) की बैठक बुलायी गयी है जिसमें राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव की पुष्टि की जाएगी। यह बैठक छह जनवरी (2021) की घटना की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है जब उस समय के पराजित उम्मीदवार ने चुनाव परिणाम को पलटने की कोशिश की थी लेकिन इस बार वह निर्वाचित होकर वैध तरीके से सत्ता में वापस आ रहे हैं।संसद की बैठक सोमवार को दोपहर में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी। संसद भवन परिसर के चारों ओर ऊंची काली बाड़ चार साल पहले की घटनाओं की याद दिलाती हैं, जब पराजित ट्रंप ने अपने समर्थकों को ह्यह्यपूरे जी जान से लड़नेह्नह्न के लिए भेजा था, जो 200 साल में अमेरिकी लोकतंत्र के केंद्र पर सबसे भीषण हमला था।इस बार कांग्रेस में किसी भी तरह की हिंसा, विरोध या प्रक्रियागत आपत्ति की उम्मीद नहीं है। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाले रिपब्लिकन सदस्यों को इस बार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराने के बाद कोई शिकायत नहीं है। ट्रंप उस समय जो बाइडन से हार गए थे।रिपब्लिकन नेता और स्पीकर माइक जॉनसन ने 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने के ट्रंप के प्रयासों का नेतृत्व करने में मदद की थी। उन्होंने रविवार को फॉक्स न्यूज से कहा, चाहे हम बफीर्ले तूफान का सामना कर रहे हों या नहीं, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सदन में मौजूद रहेंगे कि यह हो जाए।

### अल-कादिर मामला : इमरान और उनकी पत्नी के खिलाफ 13 जनवरी को फैसला सुनाया जाएगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला 13 जनवरी तक के लिए टाल दिया।जियो न्यूज के अनुसार, भ्रष्टाचार-रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने की नयी तारीख छह जनवरी तय की।न्यायाधीश राणा सोमवार को छुट्टी पर थे और अदालत के कर्मचारियों ने बताया कि अब फैसला 13 जनवरी को सुनाया जाएगा। अदालत ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अभियोजक और इमरान के वकील को भी फैसले के स्थगन के बारे में जानकारी दी।यह स्थगन ऐसे समय आया है जब सरकार और खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच पूर्व प्रधानमंत्री और कई अन्य नेताओं के कारावास के कारण देश में राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने के लिए बातचीत चल रही है।

### बुद्ध एयर के विमान को नेपाल में आपात स्थिति में उतारा गया

काठमांडू। बुद्ध एयर के एक विमान को उसके दाहिने इंजन में आग लग जाने के कारण नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। विमान में 76 लोग सवार थे। चंद्रगढ़ी जाने वाली उड़ान संख्या बीएचए953 स्थानीय समयानुसार सुबह 10:37 बजे टीआईए से रवाना हुई। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विमान के दाहिने इंजन में आग लग गई थी, जिसके बाद उसने सुबह 11:15 बजे काठमांडू का रुख किया। विमान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। बुद्ध एयर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, काठमांडू से भद्रपुर जाने वाली उड़ान संख्या 953 को दाहिने इंजन में तकनीकी समस्या का पता चलने के बाद वापस काठमांडू लाया गया।

### अमेरिका में भारतीय मूल के पांच लोगों पर भारतीय व्यक्ति की हत्या का आरोप

लास वेगास। अमेरिका में 35 वर्षीय एक भारतीय व्यक्ति की मौत के मामले में भारतीय मूल के पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है।ओसियन काउंटी के अभियोजक ब्रैडली बिलहिमर और न्यू जर्सी राज्य पुलिस अधीक्षक कर्नल पैट्रिक कैलाहन द्वारा शनिवार को दिए गए एक बयान के अनुसार, न्यूयॉर्क के साउथ ओजोन पार्क के निवासी 34 वर्षीय संदीप कुमार पर 22 अक्टूबर, 2024 के आसपास मैनचेस्टर टाउनशिप में कुलदीप कुमार की हत्या की साजिश रचने और हत्या का आरोप लगाया गया है। कुलदीप कुमार की मौत की जांच में यह सामने आया कि संदीप कुमार ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कुलदीप कुमार की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

# ईरान ने उत्तरी यमन पर अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसेना गठबंधन के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की

प्रात : किरण/एजेंसी

तेहरान। ईरान ने उत्तरी यमन पर अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसेना गठबंधन के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बघाई ने रविवार को यह जानकारी दी। बघाई ने एक बयान में कहा कि यमन के खिलाफ अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल द्वारा चल रही और बार-बार की जाने वाली सैन्य आक्रामकता यमन की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का स्पष्ट उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने कहा, इन आक्रामक कार्रवाइयों से पश्चिम एशिया क्षेत्र में असुरक्षा और अस्थिरता बढ़ेगी। हौथी द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसेना गठबंधन ने रविवार सुबह यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। निवासियों ने सोशल मीडिया पर कहा कि हमलों ने शहर में हौथी समूह के एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने अभी तक दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से को नियंत्रित करने



वाला हौथी समूह फिलिस्तीनियों के समर्थन में नवंबर 2023 से इजरायल के खिलाफ नियमित रॉकेट और ड्रोन हमले कर रहा है और लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को बाधित कर रहा है। इसके जवाब में क्षेत्र में तैनात अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना गठबंधन ने समूह को रोकने के लिए हौथी ठिकानों के खिलाफ नियमित रूप से हवाई हमले किए हैं।

श्री बघाई ने एक अलग बयान में पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में हुए घातक हमले के आलोक में पीड़ितों के परिवारों, सरकार और पाकिस्तान के लोगों के प्रति सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बयान में आतंकवाद को रोकने और मुकाबला करने के प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। स्थानीय मीडिया और अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को बलूचिस्तान में एक विस्फोट में कम से कम चार लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना प्रांत के तुरबत जिले में हुई जहां एक काफिले पर हमला किया गया और हमले के दौरान एक बस को टक्कर मार दी गई। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में हमले की जिम्मेदारी ली है जबकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि नहीं की है।

# ट्रूडो के पार्टी नेता पद से इस्तीफा देने की संभावना

**ओटावा/एजेंसी। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो को भारत से पंगा लेना महंगा पड़ता दिख रहा है। खबर है कि ट्रूडो आज ही इस्तीफा दे सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को कनाडाई मंत्रियों की बैठक से पहले ही ट्रूडो को ये घोषणा करनी है, इसलिए वो आज ही इस्तीफा दे सकते हैं।**



**राष्ट्रीय कॉकस बैठक से पहले करेंगे घोषणा:** द ग्लोब एंड मेल ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो सोमवार को इस्तीफा देने की घोषणा कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि उम्मीद है कि वह लिबरल पार्टी के नेता के रूप में इस्तीफा दे देंगे। सूत्रों ने ग्लोब एंड मेल को बताया कि ट्रूडो कब पद छोड़ने की अपनी योजना की घोषणा करेंगे ये अभी साफ नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह बुधवार को एक प्रमुख राष्ट्रीय कॉकस बैठक से पहले होगा।

**पार्टी को चुनाव में हार का डर:** रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रूडो तुरंत पद छोड़ देंगे या नए नेता का चयन होने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। ट्रूडो ने 2013 में लिबरल नेता के रूप में पदभार संभाला था जब पार्टी गहरे संकट में थी और पहली बार हाउस ऑफ कॉमन्स में तीसरे स्थान पर आ गई थी।

दरअसल, ट्रूडो के इस्तीफे का कारण ये है कि उनकी पार्टी चुनाव से पहले हुए सर्वेक्षणों में उदारवादी कंजर्वेटिवों से बुरी तरह हार रही है। बता दें कि ट्रूडो ने कुछ दिनों पहले ही अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। उन्होंने अमेरिका से संबंध सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन ट्रंप से उन्हें कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली।

**जल्द ही चुनाव कराने की उठ सकती मांग:** अगर कनाडाई पीएम इस्तीफे देते हैं तो जल्द ही वहां चुनाव कराने की मांग उठने की संभावना है। एक सूत्र ने बताया कि पीएम ट्रूडो ने वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक के साथ चर्चा की है कि क्या वह अंतरिम नेता और प्रधानमंत्री का चेहरा दोनों हो सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर वो नेतृत्व के लिए योजना बनाते हैं तो यह अव्यवहारिक होगा।

**भारत से दुश्मनी पड़ी महंगी:** ट्रूडो सरकार के हाल ही में भारत सरकार के साथ भी संबंध खराब हो गए थे। खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार ने इसमें भारत का हाथ बताया था, जिसके बाद भारत ने करारा जवाब दिया था। यहां तक की कनाडा के राजनयिक को भी भारत ने वापस भेज दिया था, जिसके बाद कनाडा ने भी ऐसा किया।

**लिबरल पार्टी का जनमत सर्वेक्षणों में खराब प्रदर्शन:** हालिया सर्वेक्षणों से पता चला है कि आगामी चुनावों में लिबरल पार्टी को विपक्षी कंजरवेटिव्स से करारी हार का सामना करना पड़ सकता है।

**पार्टी के अंदरूनी मतभेद:** ट्रूडो के करीबी सहयोगी, वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने उनके खर्च बढ़ाने के प्रस्तावों का विरोध किया, जिसके बाद इस्तीफा देकर ट्रूडो पर ₹राजनीतिक नौटंकी₹ का आरोप लगाया।

**एनडीपी का समर्थन वापसी का ऐलान:** नई डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने भी लिबरल सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की धमकी दी है।

**इस्तीफे की संभावनाएं:** ट्रूडो इस्तीफा देकर नए नेता को मौका देने की योजना बना सकते हैं। पार्टी के अंदर चर्चा है कि अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक का नाम आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, इससे लिबरल पार्टी को आगामी चुनावों से पहले स्थिरता बनाए रखने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**जस्टिन ट्रूडो का राजनीतिक सफर, उत्थान से पतन तक की कहानी:** लिबरल पार्टी के नेता बने (अक्टूबर 2013): जस्टिन ट्रूडो, पूर्व प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो के बेटे, ने उस वक्त लिबरल पार्टी की कमान संभाली, जब पार्टी अपने सबसे बुरे दौर में थी। 2011 के चुनाव में लिबरल पार्टी पहली बार संसद में तीसरे स्थान पर थी और सत्ता से सात साल बाहर रह चुकी थी।

**ऐतिहासिक चुनाव जीत (अक्टूबर 2015):** ट्रूडो ने ₹परिवर्तन और आशा₹ के संदेश पर चुनाव प्रचार किया और कंजर्वेटिव पार्टी को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। यह पहली बार था जब तीसरे स्थान पर रहने वाली कोई पार्टी चुनाव जीतकर सत्ता में आई।

**नैतिकता नियमों का उल्लंघन (दिसंबर 2017):** कनाडा के नैतिकता आयुक्त ने पाया कि ट्रूडो ने आगा खान से छुट्टियां, उपहार और उड़ानें स्वीकार करके हितों के टकराव के नियम तोड़े। यह किसी प्रधानमंत्री द्वारा किए गए ऐसे पहले उल्लंघन के रूप में दर्ज हुआ।

**एसएनसी-लवलिन घोटाला (फरवरी 2019):** इस विवाद ने ट्रूडो सरकार की छवि को गहरा झटका दिया। पूर्व न्याय मंत्री जोडी विल्सन-रेबॉल्ड ने ट्रूडो सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने एक कंपनी को भ्रष्टाचार के मुकदमे से बचाने का दबाव बनाया। इस विवाद में दो प्रमुख महिला मंत्रियों का इस्तीफा हुआ, जिससे ट्रूडो की नारीवादी छवि को नुकसान पहुंचा।

**ब्लैकफेस विवाद (सितंबर 2019):** 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान, ट्रूडो की पुरानी तस्वीरें सामने आईं, जिसमें वे ब्लैकफेस मेकअप किए हुए थे। उन्होंने माफी मांगी और इसे अपने जीवन की 'गलतियों' में से एक बताया।

अल्पमत सरकार का गठन(अक्टूबर 2019): इस बार के चुनाव में ट्रूडो की पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाई और उन्हें विपक्षी दलों के समर्थन से सरकार चलानी पड़ी।

**वित्त मंत्री का इस्तीफा (अगस्त 2020):** महामारी के दौरान आर्थिक नीतियों को लेकर ट्रूडो और वित्त मंत्री बिल मॉर्नेउ के बीच मतभेद बढ़े। साथ ही, एक चैरिटी से जुड़े विवाद के कारण मॉर्नेउ को इस्तीफा देना पड़ा।

बहुमत पाने में असफल (सितंबर 2021): ट्रूडो ने चुनाव जल्दी कराने का निर्णय लिया, लेकिन मतदाताओं ने उन्हें बहुमत नहीं दिया। उनकी पार्टी फिर से अल्पमत में रही।

**विशेष चुनाव में हार (जून 2024):** उदारवादियों ने अपनी सबसे सुरक्षित सीटों में से एक गंवा दी, जिससे पार्टी की गिरती लोकप्रियता स्पष्ट हो गई। ट्रूडो ने बावजूद इसके पद पर बने रहने का फैसला किया।

**एनडीपी का समर्थन वापस लेना (सितंबर 2024):** एनडीपी ने ट्रूडो सरकार से समर्थन वापस ले लिया। यह कदम सरकार को कमजोर करने वाला साबित हुआ और ट्रूडो को नए गठबंधन बनाने पर मजबूर कर दिया।

**अमेरिकी टैरिफ का खतरा (नवंबर 2024):** अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से आयात होने वाले उत्पादों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। यह ट्रूडो सरकार के लिए बड़ा झटका था, क्योंकि कनाडा की अर्थव्यवस्था निर्यात पर निर्भर है।

**बड़े सहयोगियों का जाना (दिसंबर 2024):** वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रूडो द्वारा कम पद लेने का निर्देश मिलने के बाद इस्तीफा दे दिया। एनडीपी नेता जगमीत सिंह ने जनवरी 2025 में अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा कर दी, जिससे ट्रूडो सरकार पर संकट के बादल और गहरा गए।

**प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की अटकलें (जनवरी 2025):** लिबरल पार्टी की आपातकालीन बैठक से पहले ट्रूडो अपने पद छोड़ने की घोषणा कर सकते हैं।

**क्या कहती हैं रिपोर्ट्स?**

ग्लोब एंड मेल: ट्रूडो जल्द ही इस्तीफे की घोषणा कर सकते हैं।

रॉयटर्स: वित्त मंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ इस्तीफे की संभावनाओं पर चर्चा जारी है। जस्टिन ट्रूडो की कहानी बताती है कि राजनीति में सफलता और असफलता का खेल कितना उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। शुरूआती दिनों की चमकदार छवि और मजबूत जनसमर्थन के बावजूद, विवादों और असफल नीतियों ने उनकी लोकप्रियता को गिरा दिया।

# पाकिस्तान के कुर्रम में हिंसा पर दो आतंकवादी गिरफ्तार



प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम में संघर्ष विराम तोड़ते हुए हिंसा करने वाले सशस्त्र हमलावरों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया। यह दोनों आतंकवादी है। प्रांतीय सरकार ने कल कहा था कि हमलावरों में से पांच की पहचान कर ली गई है। इस हिंसा में कुर्रम के उपायुक्त जावेदुल्ला महसूद गोली लगने से घायल हो गए थे। एआरवाई न्यूज के अनुसार, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों आतंकियों को कुर्रम में तलाशी अभियान के दौरान पकड़ा गया। इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कुर्रम जिले में दो महीने की अवधि के लिए धारा 144 लागू करने की अधिसूचना जारी की। क्षेत्र में शांति समझौते को बाधित करने के आतंकवादियों के प्रयासों पर चिंताओं के बीच यह निर्णय लिया गया।

प्रांतीय सरकार ने उपायुक्त पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला किया है। सरकार ने इसे जिले में प्रतिद्वंद्वी जनजातियों के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित शांति समझौते का उल्लंघन करार दिया है। मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा। इस हिंसा में उपायुक्त के अलावा छह अन्य घायल हुए हैं। अशांत क्षेत्र में शांति बहाल करने के प्रयासों में अहम भूमिका निभाने वाले घायल उपायुक्त की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने जांच एजेंसी के खिलाफ खोला मोर्चा

प्रात : किरण/एजेंसी

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने भ्रष्टाचार जांच कार्यालय की हिरासत से बचने के लिए कानूनी मोर्चा खोल दिया। येओल के वकीलों ने सोमवार को महाभियोगाधीन राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के वारंट को निष्पादित करने के पिछले सप्ताह के प्रयास पर राज्य भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी के प्रमुख और 10 अन्य लोगों के खिलाफ अभियोजन पक्ष में शिकायत दर्ज कराई है। वकील युन गैप-ग्यून ने यह जानकारी दी।

द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, उच्च अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने शुक्रवार को यून के हिरासत वारंट पर तामील करने की कोशिश की। राष्ट्रपति आवास पर सुरक्षा कर्मचारियों के साथ एक घंटे तक टकराव हुआ। अब येओल के वकीलों ने सीआईओ प्रमुख ओह डोंग-वून और अन्य के खिलाफ सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अभियोजक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में दावा किया गया कि सीआईओ ने राष्ट्रपति को हिरासत में लेने और उसके आवास की तलाशी लेने के लिए अवैध रूप से वारंट निष्पादित किया। वकीलों ने तर्क दिया कि सीआईओ के पास इस प्रयास के लिए पुलिस अधिकारियों को जुटाने का कोई अधिकार नहीं था। टीम ने कार्यवाहक राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के आयुक्त-जनरल ली हो-यंग और कार्यवाहक रक्षामंत्री किम सियोन-हो के खिलाफ भी शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने कुर्रम में दो माह के लिए निषेधाज्ञा लागू की

प्रात : किरण/एजेंसी

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने सरकारी काफिले पर हमले के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत हिंसा प्रभावित कुर्रम जिले में दो माह के लिए निषेधाज्ञा (धारा-144) लागू कर दी है। इस हमले में जिले के एक शीर्ष अधिकारी घायल हो गए थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की अध्यक्षता में रविवार को हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में धारा 144 लागू करने का निर्णय लिया गया। इस धारा के तहत, हथियार लेकर खुलेआम घूमने और पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध है।बैठक में टारी और चापरी क्षेत्रों के बीच मुख्य पारचिनार राजमार्ग पर सभी जनसभा और रैलियों पर प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया गया। सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित कुर्रम जिले में शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए यह कदम उठाया गया है।कुर्रम जिले के उपायुक्त जावेदुल्लाह महसूद और सात अन्य लोग शनिवार को उस समय घायल हो गए जब पहाड़ी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पेशावर से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में बागान के पास कोजलाई बाबा गांव में उनके सैन्य वाहनों पर गोलीबारी की गई।अलीजाई और बागान कबीलों के बीच बुधवार को शांति समझौता हुआ। इससे पहले 21 नवंबर से दो दिसंबर के बीच जिले में सांप्रदायिक झड़पों में 133 लोगों की मौत हो गई थी।यह झड़पें पारचिनार के निकट यात्री वैन पर हुए घातक हमले के बाद शुरू हुईं, जिसमें 57 लोग मारे गए थे।बताया गया है कि उपायुक्त महसूद के वाहन को निशाना बनाने वाले हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। हमलावरों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार हमलावरों पर इनाम घोषित करेगी।

# मिस्र, अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने गाजा, सीरिया पर चर्चा की

प्रात : किरण/एजेंसी

काहिरा। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से फोन पर बात की। इस बातचीत में उन्होंने गाजा पट्टी और सीरिया की स्थिति पर चर्चा की। यह जानकारी मिस्र के विदेश मंत्रालय ने दी।शनिवार रात हुई इस चर्चा के दौरान अब्देलत्ती ने गाजा में तुरंत युद्ध विराम के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में मानवीय मदद की पहुंच बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित की जानी चाहिए।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र के विदेश मंत्री ने इजरायल से फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ अपनी आक्रामक नीतियां रोकने की मांग की। उन्होंने गाजा के स्वास्थ्य ढांचे और अस्पतालों को निशाना बनाने की इजरायल की रणनीति का कड़ा विरोध किया। इजरायल ने 7



अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकियों द्वारा किए गए हमले के जवाब में गाजा पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था।इस हमले में करीब 1,200 इजरायली मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया था।

इसके बाद से गाजा में इजरायल के हमलों में 45,805 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 1,09,064 घायल हुए हैं। गाजा की स्वास्थ्य एजेंसियों के अनुसार यह आंकड़े रविवार को जारी किए गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2023 से अप्रैल 2024 के बीच मारे गए 8,119 लोगों में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे थे।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ब्लिंकन और अब्देलत्ती ने गाजा में युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई, मानवीय मदद को बढ़ाने और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सीरिया में राजनीतिक बदलाव पर भी बात की। दिसंबर 2024 की शुरूआत में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद हुए बदलावों पर ध्यान दिया गया। मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब्देलत्ती ने कहा कि सीरिया में ऐसा राजनीतिक बदलाव होना चाहिए जो बाहरी दबावों से मुक्त हो और देश की सुरक्षा, स्थिरता और अखंडता को बनाए रखे।

अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने सीरिया में ₹समावेशी और सीरियाई नेतृत्व वाले शांतिपूर्ण राजनीतिक बदलाव₹ का समर्थन दोहराया। उन्होंने क्षेत्र में शांति लाने में मिस्र की भूमिका की सराहना की।

# न्यू जर्सी में हत्या के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यू जर्सी के एक जंगल में एक भारतीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में पांच भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी।ओशन काउंटी के अभियोजक ब्रैडली बिलहिमर और न्यू जर्सी पुलिस के कर्नल पैट्रिक कैलाहन ने शनिवार को बताया कि इनमें से आखिरी आरोपी संदीप कुमार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। कुलदीप कुमार का शव 14 दिसंबर को न्यू जर्सी के ग्रीनवुड वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र में पाया गया था, जिसके शरीर पर गोली के निशान थे। हालांकि, उनके परिवार ने 26 अक्टूबर को उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन उनका शव करीब दो महीने बाद मिला। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि हत्या 22 अक्टूबर के आसपास की थी और शव पूरी तरह सड़ चुका था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने उनकी पहचान में मदद की। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जांच ने पांच आरोपियों को इस हत्या से जोड़ा। इन आरोपियों में चार लोग इंडियाना राज्य के ग्रीनवुड से हैं।

**हमला** — द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट में ग्रुप के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने कहा कि हमला तुर्बत शहर से लगभग आठ किलोमीटर दूर बेहमान इलाके में शाम करीब 5:45 बजे हुआ।

# पाकिस्तानी सेना के 47 जवानों को मारने का दावा करने वाली बीएलए का मकसद क्या है

प्रात : किरण/ एजेंसी

इस्लामाबाद। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसकी फिदायी यूनिट मजीद ब्रिगेड ने शनिवार को बलूचिस्तान के तुर्बत के पास एक पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला किया। हमले में 47 कर्मियों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट में ग्रुप के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने कहा कि हमला तुर्बत शहर से लगभग आठ किलोमीटर दूर बेहमान इलाके में शाम करीब 5:45 बजे हुआ। जीयंद ने कहा कि हमले का टारगेट 13 वाहनों का काफिला



था, जिसमें पांच बसें और सात सैन्य वाहन शामिल थे, जो कराची से तुर्बत में फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) मुख्यालय जा रहे थे। आखिर यह बीएलएल क्या है जिसने न सिर्फ पाकिस्तान को बड़ी टेंशन दे दी है। क्या है इसका इतिहास और क्या है इसकी मांगे? बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जिसे बलूच लिबरेशन आर्मी के नाम से भी जाना जाता है, एक बलूच जातीय राष्ट्रवादी उग्रवादी संगठन है। माना जाता है कि यह ग्रुप मुख्य रूप से दक्षिणी अफगानिस्तान में क्रेंदित है और यहीं से यह पड़ोसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हमले करता है। यह अक्सर पाकिस्तान सशस्त्र बलों, नागरिकों और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाता है। बीएलए का मकसद का बलूचिस्तान को पाकिस्तान से आजाद करना है। यह पाकिस्तानी सरकार पर बलूचिस्तान के विशाल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने और क्षेत्र में गंभीर मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीएलए को बलूचिस्तान में सक्रिय सबसे बड़ा सशस्त्र समूह माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए के कई हजार सदस्य हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) 20 साल से अधिक समय से सक्रिय है और ज्यादातर छोटे हमले करता रही है लेकिन पिछले कुछ महीनों में इसने पाकिस्तान में कई बड़े हमलों को अंजाम दिया है। द बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिकवर्ष 2024 में बलूचिस्तान में हिंसक गतिविधियों में तीव्र वृद्धि देखी गई क्योंकि ह्यस्वतंत्रता समर्थक उग्रवादी समूहों ने पाकिस्तानी राज्य के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ), बलूच राजी आजोई संगर (बीआरएएस) और अन्य संगठनों ने कथित तौर पर सैन्य बलों, बुनियादी ढांचे और राज्य सहयोगियों को निशाना बनाकर सैकड़ों हमले किए।सामूहिक रूप से, इन ग्रुप्स ने 938 हमले किए, जिसके परिणामस्वरूप 1002 से अधिक मौतें, 689 घायल और कम से कम 546 संपत्ति को नुकसान पहुंचा। 2024 में बीएलए सबसे सक्रिय ग्रुप बना रहा, जिसने 302 हमले किए, जिनमें कथित तौर पर 580 से ज्यादा लोगों की मौत हुई जबकि 370 से अधिक घायल हुए। कम से कम 171 हमलों में संपत्ति को नुकसान पहुंचा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129